(घ) संबंधित मंडल अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह ठेकेदार को देय राशि में से, कोई भी राशि काट सकता है जो मजदूरों के लाभार्थ ठेके की शर्तों के अनुपालन में मजदूरियां अदा नहीं करने या उसकी अथवा उनकी मजदूरियों से ऐसी कटौतियां करने से जो उनको ठेके की शर्तों से न्यायसंगत नहीं हों या विनियमों के अनुपालन न करने के कारण, मजदूर अथवा मजदूरों द्वारा उठायी गयी क्षति को पूरा करने के लिए, अपेक्षित हों अथवा जिसके अपेक्षित होने का अनुमान लगाया गया हो ।

(च) ठेकेदार, मजदूरी की अदायगी अधिनियम, 1936; न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 ; कर्मचारी देनदारी अधिनियम, 1938 ; श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 ; औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947; प्रसूती लाभ अधिनियम, 1961 तथा ठेका श्रमि (नियमन तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 अथवा उनके संशोधनों अथवा उनसे संबंधित अन्य कानून तथा समय समय पर उनके अंतर्गत बने नियमों के उपबंधों का पालन करेगा ।

(छ) ठेकेदार, उपर्युक्त कानूनों तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेकेदार श्रमिक नियमों के पालनार्थ तथा उनके अंतर्गत की जाने वाली अदायगियों के लिए अपने उप-ठेकेदारों से क्षतिपूर्ति लेने के अपने अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार की क्षतिपूर्ति करेगा ।

(b) The contractor shall, notwithstanding the provisions of any contract to the contrary, cause to be paid fair wage to labour indirectly engaged on the work, including any labour engaged by his sub-contractors in connection with the said work, as if the labour had been immediately employed by him.

(c) In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for performance of the contractor's part of this agreement, the contractor shall comply with or cause to be compiled with the Archaeological Survey of Indian Contractors' Labour Regulations made by Government from time to time in regard to payment of wages, wage period, deductions from wages, recovery of wages not paid and deductions unauthorizedly made, maintenance of wage books or wage slips, publication of scale of wages and other terms of employment, inspection and submission of periodical returns and all other matters of the like nature or as per the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, wherever applicable.

(d) The Circle/Branch Officer concerned shall have the right to deduct from the moneys due to the Contractor any sum required or estimated to be required for making good the loss suffered by a worker or workers by reasons of non-fulfilment of the conditions of the Contract for the benefit of the works, non-payment of wages or of deductions made from his or their wages which are not justified by their terms of the contract or non-observance of the Regulations.

(e) The contractor shall comply with the provisions of the Payment of Wages Act, 1936; Minimum Wages Act, 1948; Employment Liability Act, 1938; Workmen's Compensation Act, 1923; Industrial Disputes Act, 1947; Maternity Benefits Act, 1961 and the Contractors' Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 or the modifications thereof or any other laws relating thereto and the rules made thereunder from time to time.

(f) The contractor shall indemnify Government against payments to be made under and for the observance of the Laws aforesaid and the Archaeological Survey of Indian Contractors' Labour Regulations without prejudice to his right to claim indemnity from his sub-contractors.

(ज) उपर्युक्त नियम इस संविदा का एक भाग समझे जाएंगे तथा उनका कोई भी उल्लंघन इस संविदा का उल्लंघन समझा जाएगा ।

(g) The regulations aforesaid shall be deemed to be a part of this contract and any breach thereof shall be deemed to be a breach of this contract.

खण्ड 19इ. इस करार में ठेकेदार द्वारा किये जाने वाले काम को करने के लिए प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में, ठेकेदार समय-समय पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा विरचित सुरक्षा संहिता के अनुरूप अपने खर्चे पर सुरक्षा के उपबंध की व्यवस्था करेगा और वह उनके संबंध में सभी सुविधाओं की व्यवस्था अपने खर्च पर करेगा । यदि ठेकेदार यथा उपर्युक्त इंतजाम करने और आवश्यक सुविधाओं का उपबंध करने में असफल रहेगा तो वह हर व्यतिक्रम के लिए 50 रुपये शास्ति का संदाय करने के लिए दायी होगा और इसके अतिरिक्त मंडल/शाखा अधिकारी उपर्युक्त इंतजाम करने और सुविधाओं का उपबंध करने के लिए इस संबंध में किए गए खर्चे को ठेकेदार से वसूल करने के लिए स्वतंत्र होगा ।

CLAUSE 19C. In respect of labour directly or indirectly employed in the work for the performance of the contractors' part of this agreement, the contractor shall at his own expense arrange for the safety provisions as per Archaeological Survey of India Safety Code framed from time to time and shall at his own expense provide for all facilities in connection therewith. In case the contractor fails to make arrangement and provide necessary facilities as aforesaid he shall be liable to pay a penalty of Rs. 50 for each default and in addition the Circle/Branch Officer shall be at liberty to make arrangement and provide facilities as aforesaid and recover the costs incurred in that behalf from the contractor.

खण्ड 19ई. ठेकेदार हर मास की चौथी और उन्नीसवीं तारीख तक मंडल/शाखा अधिकारी को क्रमशः पूर्ववर्ती मास के उत्तरार्ध और चालू मास के पूर्वार्ध की बाबत निम्नलिखित को दर्शाते हुए एक सही विवरण देगा :—

(1) उसके द्वारा काम पर नियोजित श्रमिकों की संख्या,

(2) उनके काम के घंटे,

(3) उनको संदत्त मजदूरी,

(4) उक्त पक्ष के दौरान हुई दुर्घटनाएं जिनमें उन परिस्थितियों को जिनके अधीन वे घटित हुई और उनके द्वारा कारित नुकसान और क्षति की सीमा को दर्शित किया जाएगा, और

(5) ऐसी स्त्री कर्मकारों की संख्या जिनको खण्ड 19ऊ के अनुसार प्रसूति-प्रसुविधा अनुज्ञात की गई हो और उनकी संदत्त रकम ।

ऐसा न करने पर ठेकेदार सरकार को प्रत्येक व्यतिक्रम या तात्विक रूप से अशुद्ध विवरण के लिए 50 रु० से अनधिक राशि के संदाय का दायी होगा । मंडल अधिकारी का, ठेकेदार को शोध्य किसी बिल में से जुर्माने के रूप में उद्ग्रहीत रकम की कटौती करने की बाबत, विनिश्चय अंतिम होगा ।

CLAUSE 19D. The contractor shall submit, by the 4th and 19th of every month, to the Circle/Branch Officer a true statement showing in respect of the second half of the preceding month and the first half of the current month respectively :—

(1) The number of labourers employed by him on the work,

(2) their working hours,

(3) the wages paid to them,

(4) the accidents that occured during the said fortnight showing the circumstances under which they happened and the extent of damage and injury caused by them, and

(5) the number of female workers who have been allowed Maternity Benefit according to Clause 19F and the amount paid to them.

Failing which the contractor shall be liable to pay to Government a sum not exceeding Rs. 50 for each default or materially incorrect statement. The decision of the Circle/Branch Officer shall be final in deducting from any bill due to the contractor the amount levied as fine.

खण्ड 19उ. इस करार में ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले काम को करने के लिए प्रत्यक्षत: नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में, ठेकेदार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और उसके ठेकेदारों द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य संरक्षण और सफाई संबंधी इंतजामों के लिए समय समय पर सरकार द्वारा विरचित सभी नियमों का पालन करेगा या कराएगा ।

खण्ड 19ऊ. छुट्टी के दौरान छुट्टी और वेतन निम्न प्रकार से विनियमित किए जाएंगे :

1. छुट्टी :

(i) प्रसव की दशा में--8 सप्ताह से अनधिक की प्रसूति छुट्टी जिसमें 4 सप्ताह की छुट्टी प्रसव होने तक, जिसके अंतर्गत प्रसव दिन भी है, और 4 सप्ताह की छुट्टी उस दिन के पश्चात् होगी,

(ii) गर्भपात की दशा में--गर्भपात की तारीख से 3 सप्ताह तक ।

2. वेतन :

ठेकेदारों द्वारा नियोजित स्त्री कर्मकारों के लिए प्रसूति प्रसुविधा नियम

(i) प्रसव की दशा में—प्रसूति छुट्टी के दौरान छुट्टी वेतन की दर उस तारीख से, जिसको उस स्त्री ने इस बात की सूचना दी हो कि वह प्रसवावस्था में होने की आशा करती है, ठीक पूर्व 3 मास की, कालावधि के दौरान ऐसे दिनों के लिए जिनको उसने पूर्णकालिक कार्य किया हो, कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से या एक रुपए प्रति दिन की दर से उनमें से जो भी अधिक हो, होगी ।

(ii) गर्भपात की दशा में—छुट्टी वेतन की दर ऐसे गर्भपात की तारीख से ठीक पूर्व 3 मास की कालावधि के दौरान के ऐसे दिनों के लिए जिसमें उसने पूर्णकालिक कार्य किया हो, कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से होगी ।

3. प्रसूति-छुट्टी की मंजूरी के लिए शर्तें :

कोई प्रसूति छुट्टी प्रसुविधा किसी स्त्री को तब तक अनुज्ञेय न होगी जब तक कि वह उस तारीख से, जिसको यह छुट्टी पर जा रही हो, ठीक पूर्व छः मास से अन्यून की कुल कालावधि के लिए नियोजित न रह चुकी हो ।

CLAUSE 19E. In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for the performance of the Contractors' part of this agreement, the contractor shall comply with or cause to be complied with all the rules framed by Government from time to time for protection of health and sanitary arrangements for workers employed by the Archaeologicol Survey of India and its contractors.

CLAUSE 19F. Leave and pay during leave shall be regulated as follows :

1. **Leave :**

(i) in the case of delivery—maternity leave not exceeding 8 weeks, 4 weeks upto and including the day of delivery and 4 weeks following that day,

(ii) in the case of miscarriage—upto 3 weeks from the date of miscarriage.

2. **Pay :**

Maternity benefit rules for female workers employed by contractors.

(i) in the case of delivery—leave pay during maternity leave will be at the rate of the women's average daily earnings, calculated on the total wages earned on the days when full time work was done during a period of 3 months immediately preceding the date on which she gives notice that she expects to be confined or at the rate of Rupee one only a day whichever is greater.

(ii) in the case of miscarriage—leave pay at the rate of average daily earning calculated on the total wages earned on the days when full time work was done during a period of 3 months immediately preceding the date of such miscarriage.

3. **Conditions for the grant of Maternity Leave :**

No maternity leave benefit shall be admissible to a woman unless she has been employed for a total period of not less than 6 months immediately preceding the date on which she proceeds on leave.

4. ठेकेदार, प्रसूति प्रसुविधा का एक रजिस्टर नीचे दिखाए गए विहित प्ररूप में रखेगा और वह रजिस्टर कार्य के स्थान पर रखा जाएगा ।

4. The contractor shall maintain a register of Maternity Benefit in the Prescribed Form as shown below and the same shall be kept at the place of work.

प्रसूति प्रसुविधाओं का रजिस्टर (ठेके की शर्तों का खण्ड 19-ऊ)

REGISTER OF MATERNITY BENEFITS (Clause 19F of the Conditions of Contract)

ठेकेदार (ठेकेदारों) का नाम और पता . . .

Name and address of the contractor(s).........

कार्य का नाम और स्थिति . . . . .

Name and Location of the work...............

कर्मचारी का नाम Name of the employee	पिता/पति का नाम Father's/husband's name	नियोजन का स्वरूप Nature of employment	वास्तविक नियुक्ति की अवधि Period of actual appointment	तारीख जिसको गर्भावस्था की सूचना दी गई Date on which notice of confinement given	प्रसव/गर्भपात की तारीख Date of delivery/miscarriage	तारीख जिससे प्रसूति छुट्टी प्रारंभ हुई और समाप्त हुई Date on which maternity commenced and ended				कर्मचारी को संदत्त छुट्टी वेतन Leave pay paid to the employee				टिप्पणियाँ Remarks
						प्रसव की दशा में In case of delivery		गर्भपात की दशा में In case of miscarriage		प्रसव की दशा में In case of delivery		गर्भपात की दशा में In case of miscarriage		
						प्रारंभ हुई Commenced	समाप्त हुई Ended	प्रारंभ हुई Commenced	समाप्त हुई Ended	छुट्टी वेतन की दर Rate of Leave pay	संदत्त रकम Amount paid	छुट्टी वेतन दर Rate of leave pay	संदत्त रकम Amount paid	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संकर्मों में ठेकेदारों के श्रमिकों को अनुज्ञेय प्रसुति प्रसूविधा के बारे में रजिस्टर का नमूना प्ररूप ।

Specimen form of the Register, regarding Maternity Benefit admissible to the contractor's Labour in Archaeological Survey of India.

कार्य का नाम....................................... ......ठेकेदार का नाम ....

Name of the work...Name of the Contractor.. ....

1. स्त्री का नाम और उसके पति का नाम . . . .
1. Name of the woman and her husband's name . . . . . .

2. पदनाम . . . .
2. Designation . . . .

3. नियुक्ति की तारीख . . . .
3. Date of appointment . . . .

4. मास और वर्ष सहित वह तारीख जिसको उसे नियोजित किया गया . . .
4. Date with months and years in which she is employed . . .

5. सेवामुक्त/पदच्युत किए जाने की तारीख, यदि कोई हो . . . .
5. Date of discharge/dismissed, if any . . . .

6. गर्भधारण की बाबत प्रमाण-पत्र पेश किए जाने की तारीख . . . .
6. Date of production of certificates in respect of pregnancy . .

7. वह तारीख जिसको स्त्री प्रत्याशित प्रसव के बारे में इत्तिला देती है . . .
7. Date on which the woman informs about the expected delivery. . .

8. प्रसव/गर्भपात/मृत्यु होने की तारीख . . . .
8. Date of delivery/miscarriage/death . . . .

9. प्र१३/गर्भपात संबंधी प्रमाण-पत्र पेश किए जाने की तारीख
9. Date of production of certificate in respect of delivery/miscarriage

10. प्रत्याशित प्रसव से पूर्व संदत्त प्रसूति/मृत्यु प्रसुविधा की रकम, और उसकी तारीख
10. Date with the amount of maternity/death benefit paid in advance of expected delivery

11. प्रसूतिप्र सुविधा के पश्चात्वर्ती संदाय की रकम और उसकी तारीख
11. Date with amount of subsequent payment of maternity benefit

12. स्त्री की मृत्यु के बाद उसकी प्रसूति प्रसुविधा का संदाय करने के लिए उस स्त्री द्वारा नाम निर्देशित व्यक्ति का नाम।
12. Name of the person nominated by the woman who receives the payment of the maternity benefit after her death

13. यदि महिला की मृत्यु हो जाती है तो उसकी मृत्यु की तारीख उस व्यक्ति का नाम जिसे प्रसूति प्रसुविधा की रकम संदत्त की गई, संदाय की तारीख और मास।
13. If the woman dies, the date of her death, the name of the person to whom maternity benefit amount was paid, the month thereof and the date of payment

14. रजिस्टर की प्रविष्टियों को अधिप्रमाणित करते हुए ठेकेदार के हस्ताक्षर
14. Signature of the contractor authenticating entries in the register

15. निरीक्षक आफिसर के उपयोग के लिए टिप्पणी स्तम्भ
15. Remarks column for the use of Inspecting Officer.

खण्ड 19ए—यदि ठेकेदार कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य-रक्षण एवं सफाई व्यवस्था संबंधी, समय समय पर यथा संशोधित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के ठेकेदारों के श्रमिक विनियमों और आदर्श नियमों के उपबंधों में से किसी का व्यतिक्रम या भंग करेगा या उपयुक्त विनियमों या नियमों के उपबंधों के अधीन कोई ऐसी जानकारी देगा या ऐसा कोई विवरण देगा या फाइल करेगा जो तात्विक रूप से अशुद्ध हो तो वह/वे किसी अन्य दायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, हर व्यतिक्रम, भंग के लिए या तात्विक रूप से ऐसे अशुद्ध विवरणों के देने, बनाने, प्रस्तुत करने, फाइल करने के लिए सरकार को 50 रुपये से अनधिक की राशि संदत्त करेगा और इस बाबत ठेकेदार द्वारा लगातार व्यतिक्रम, करने की दशा में शास्ति को बढ़ाकर व्यतिक्रम के प्रत्येक दिन के लिए 50 रुपए किया जा सकेगा किन्तु उसकी अधिकतम राशि निविदन कार्य की प्राक्कलित लागत का 5 प्रतिशत होगी। मंडल/शाखा अधिकारी का विनिश्चय अंतिम और पक्षकारों पर आबद्धकर होगा।

यदि मंडल/शाखा अधिकारी को यह प्रतीत हो कि ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य रक्षा और सफाई संबंधी व्यवस्था के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेकेदार श्रम नियंत्रण के उपबंधों और आदर्श नियमों तथा ठेका मजदूरी (नियंत्रण तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1970 तथा ठेका मजदूरी (नियंत्रण तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1971 के उपबंधों का (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "उक्त नियम" कहा गया है) ठेकेदार उचित

CLAUSE 19G. In the event of the Contractor(s) committing a default or breach of any of the provisions of the Archaeological Survey of India, Contractors' Labour Regulations and Model Rules for the protection of health and sanitary arrangements for the workers as amended from time to time or furnishing any information or submitting or filing any statement under the provisions of the above Regulations and Rules which is materially incorrect, he/they shall without prejudice to any other liability, pay to the Government a sum not exceeding Rs. 50 for every default, breach or furnishing, making, submitting, filing such materially incorrect statements and in the event of the contractor(s) defaulting continuously in this respect, the penalty may be enhanced to Rs. 50 per day for each day of default subject to a maximum of 5% of the estimated cost of the work put to tender. The decision of the Circle/Branch Officer shall be final and binding on the parties.

Should it appear to the Circle/Branch Officer that the contractor(s) is/are not properly observing and complying with the provisions of the Archaeological Survey of India contractors' Labour Regulations and Model Rules and the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970 and the Contract Labour Regulations and Model Rules and the protection of health and sanitary arrangements

रा से अनुपालन और अनुवर्तन नहीं कर रहा/रहे हैं, तो मंडल/शाखा अधिकारी को यह शक्ति होगी कि वह ठेकेदार (ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर उससे/उनसे अपेक्षा करें कि उक्त नियमों का अनुपालन किया जाए और उसमें विहित सुख सुविधाएं सूचना में विनिर्दिष्ट किए जाने वाले उचित समय के भीतर कर्मकारों को दी जाएं । यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त नियमों का अनुवर्तन और अनुपालन करने में और पूर्वोक्त कर्मकारों को सुख सुविधाएं देने में असफल रहेगा तो मंडल/शाखा अधिकारी को, ठेकेदार (ठेकेदारों) के व्यय पर, इसमें इसके पूर्व वर्णित सुख सुविधाओं की व्यवस्था करने की शक्ति होगी । ठेकेदार कार्य के निष्पादन के संबंध में कार्य-स्थल पर अपने कर्मकारों के लिए अपेक्षित आवश्यक झोंपड़ियों का परिनिर्माण और सफाई व्यवस्था का इंतजाम अपने खर्च पर और अनुमोदित मानकों के अनुरूप करेगा और उन्हें बनाए रखेगा तथा यदि अनुमोदित मानकों के अनुसार उनका परिनिर्माण अथवा सन्निर्माण नहीं कराया गया तो मंडल/शाखा अधिकारी को यह शक्ति होगी कि वह ठेकेदार (ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर यह अपेक्षा करे कि अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोंपड़ियों और सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपण और/या पुनर्निर्माण कराया जाए और यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोंपड़ियों और सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपण अथवा पुनर्निर्माण करने में असफल रहेगा/रहेंगे तो मंडल/शाखा अधिकारी को ठेकेदार (ठेकेदारों) के व्यय पर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोंपड़ियों और सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपण अथवा पुनर्निर्माण कराने की शक्ति होगी ।

खण्ड 19ऐ—ठेकेदार अपने श्रमिकों के लिए अपने खर्च पर, भूमि के यथोचित प्लाट पर, जिसे मंडल/शाखा अधिकारी अनुमोदित करेगा, पर्याप्त संख्या में निम्नलिखित विनिर्देशों वाली झोंपड़ियों की (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् कैम्प कहा गया है) व्यवस्था करेगा/करेंगे ।

1. (क) प्रत्येक झोंपड़ियों को औलती पर न्यूनतम ऊंचाई 2.10 मीटर (7 फुट) होगी और फर्श का क्षेत्रफल श्रमिक के साथ रहने वाले उसके कुटुम्ब के प्रत्येक सदस्य के लिए 2.7 वर्ग मीटर (36 वर्ग फुट) के हिसाब से होगा ।

(ख) इसके अतिरिक्त ठेकेदार प्रत्येक कुटुम्ब के लिए झोंपड़ी के बगल में उपयुक्त रसोईघर बनाएगा जिसका क्षेत्रफल कम से कम 1.80 मीटर × 1.50 मीटर (6 फुट × 5 फुट) होगा ।

for work people employed by the contractor(s) (hereinafter referred as "the said Rules") the Circle/Branch Officer shall have power to give notice in writing to the contractor(s) requiring that the said Rules be complied with and the amenities prescribed therein be provided to the work-people within a reasonable time to be specified in the notice. If the contractor(s) shall fail within the period specified in the notice to comply with and/observe the said Rules and to provide the amenities to the work-people as aforesaid, the Circle/Branch Officer shall have the power to provide the amenities hereinbefore mentioned at the cost of the contractor(s). The contractor(s) shall erect, make and maintain at his/their own expense and to accordingly approved standards, all necessary huts and sanitary arrangements required for his/their work-people on the site in connection with the execution of the works, and if the same shall not have been erected or constructed, according to approved standards, the Circle/Branch Officer shall have power to give notice in writing to the contractor(s) requiring that the said huts and sanitary arrangements be remodelled and or reconstructed according to approved standards, and if the contractor(s) shall fail to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangements according to approved standards within the period specified in the notice, the Circle/Branch Officer shall have the power to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangements according to approved standards at the cost of the contractor(s).

CLAUSE 19H. The contractor(s) shall at his/their own cost provide his/their labour with a sufficient number of huts (hereinafter referred to as the camp) of the following specifications on a suitable plot of land to be approved by the Circle/Branch Officer.

1(a) The minimum height of each hut at the equal level shall be 2.10 m (7 ft.) and the floor area to be provided will be at the rate of 2.7 sq. m. (36 sq. ft.) for each member of the worker's family staying with the labourer.

(b) The contractor(s) shall in addition construct suitable cooking places having a minimum area of 1.80 m. × 1.50 m. (6′ × 5′) adjacent to the hut for each family.

(ग) ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए अस्थायी शौचालयों और मूत्रालयों का भी सन्निर्माण कराएगा/कराएंगे जो उनकी कुल संख्या के प्रत्येक सौ के लिए चार से कम न होंगे । स्त्रियों के लिए अलग शौचालय और मूत्रालय होंगे ।

(घ) ठेकेदार पर्याप्त संख्या में स्नानगृहों और धुलाई के स्थानों का सन्निर्माण कराएगा/कराएंगे जो कैम्प में निवास करने वाले प्रत्येक 25 व्यक्तियों के लिए एक के हिसाब से होंगे । इन स्नानगृहों और धुलाई स्थानों पर यथोचित आड़ होगी ।

(2) (क) सभी झोंपड़ियों की दीवारें धूप में सुखाई गई ईंटों की होंगी जो गारे या अन्य ऐसी यथोचित सामग्री से, जो मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा अनुमोदित की जाए, जोड़ी जाएंगी । धूप में सुखाई गई ईंटों की दशा में दीवारों के दोनों ओर मिट्टी गोबर का पलस्तर किया जाएगा । फर्श कच्चा हो सकता है किन्तु उस पर मिट्टी गोबर का पलस्तर होगा और वह आसपास की भूमि से छत फूस से या किसी अन्य ऐसी सामग्री से बनाई जाएगी जो मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा अनुमोदित की जाए और ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि जब तक उनमें लोग रहें, छतों से पानी न टपके ।

(ख) ठेकेदार प्रत्येक झोपड़ी में उचित संवातन की व्यवस्था करेगा/करेंगे ।

(ग) सुरक्षा के प्रयोजनों के लिए सभी द्वारों, खिड़कियों, रोशनदानों में उपयुक्त किवाड़ें लगी होंगी ।

(घ) झोंपड़ियों की कतारों के बीच कम से कम 7.2 मीटर (8 गज) की खुली जगह रखी जाएगी जो स्थान की उपलब्धता के अनुसार मंडल/शाखा अधिकारी के अनुमोदन से घटाकर 6 मीटर (20 फुट) की जा सकती है । इस प्रकार से निर्माण की इजाजत होगी कि झोंपड़ियों के पिछवाड़े आपस में सटे हों ।

3. जल प्रदाय—ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए पर्याप्त जल प्रदाय की व्यवस्था करेगा/करेंगे । पीने के प्रयोजन के लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कम से कम 2 गैलन शुद्ध और स्वास्थ्यप्रद जल तथा स्नान तथा धुलाई के प्रयोजन के लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कम से कम 3 गैलन स्वच्छ जल की व्यवस्था होगी जो धातु की बनी हों या चिनाई की हों । ठेकेदार विद्यमान जल प्रदाय के मुख्य पाइप से जहां कहीं वे उपलब्ध है, अपने खर्च पर अपने श्रमिक कैम्प को जल के प्रदाय के लिए पाइप बिछाने की व्यवस्था करेगा/करेंगे और उसके लिए सभी फीसों और प्रभारों का संदाय करेगा/करेंगे ।

(c) The contractor(s) shall also construct temporary latrines and urinals for the use of the labourers each on the scale of not less than four per each one hundred of the total strength, separate latrines and urinals being provided for women.

(d) The contractor(s) shall construct sufficient number of bathing and washing places, one unit for every 25 persons residing in the camp. These bathing and washing places shall be suitably screened.

(2) (a) All the huts shall have walls of sun-dried or burnt-bricks laid in mud mortar or other suitable local materials as may be approved by the Circle/Branch Officer. In case of sun-dried bricks, the walls should be plastered with mud gobri on both sides. The floor may be katcha but plastered with mud gobri and shall be at least 15 cm. (6″) above the surrounding ground. The roofs shall be laid with thatched or any other materials as may be approved by the Circle/Branch Officer and the contractor shall ensure that throughout the period of their occupation the roofs remain water-tight.

(b) The contractor(s) shall provide each hut with proper ventilation.

(c) All doors, windows, and ventilators shall be provided with suitable leaves for security purposes.

(d) There shall be kept an open space of at least 7.2 m. (8 yards) between the rows of huts which may be reduced to 6 m. (20 ft.) according to the availability of site with the approval of the Circle/Branch Officer. Back to back construction will be allowed.

3. Water Supply—The contractor(s) shall provide adequate supply of water for the use of labourers. The provisions shall not be less than 2 gallons of pure and whole-some water per head per day for drinking purposes and 3 gallons of clean water per head per day for bathing and washing purposes. Where piped water supply is available, supply shall be at stand posts and where the supply is from wells or river, tanks which may be of metal or masonry, shall be provided. The contractor(s) shall also at his/their own cost make arrangements for laying pipe lines for water supply to his/their labour camp from the existing mains wherever available, and shall pay all fees and charges therefor.

4. कैम्प के लिए चुना गया स्थान जंगल से हटकर ऊंची भूमि पर होगा ।

5. मल मूत्र का व्ययन—ठेकेदार शौचालयों के मल मूत्र के व्ययन के लिए खाइयां खोद कर अथवा भस्मीकरण द्वारा एसे आवश्यक इतजाम करेगा/करेंगे जो स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं के अनुसार होंगे । यदि खाइयों को खोदना या भस्मीकरण अनुज्ञात न हो तो ठेकेदार नगरपालिका समिति/प्राधिकारी के मार्फत मल-मूत्र को हटवाने का इंतजाम करेगा/करेंगे और उसे नियोजित श्रमिकों की संख्या की बावत जानकारी देगा/देंगे जिससे कि ऐसी समिति/प्राधिकारी द्वारा मल-मूत्र के हटवाने का इंतजाम किया जा सके । इस बावत सभी प्रभार ठेकेदार द्वारा वहन किए जाएंगे और उनका संदाय उसके द्वारा सीधे नगरपालिका/प्राधिकारी को किया जाएगा । शुष्क शौचालयों की दशा में ठेकेदार प्रति आठ कदमचों के लिए एक झाड़ूकश की व्यवस्था करेगा ।

6. जल निकास—ठेकेदार गंदे पानी की निकासी के लिए कारगर इंतजाम करेगा ताकि कैंम्प साफ-सुथरा रहे ।

7. ठेकेदार दुर्घटनाओं से कर्मकारों के बचाव के लिए कैम्प क्षेत्र में प्रकाश का पर्याप्त इंतजाम करेगा/करेंगे ।

8. सफाई—ठेकेदार स्थानीय लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा प्राधिकारियों के नियमों के अनुसार श्रमिक कैम्पों में मलवहन और सफाई के लिए इंतजाम करेगा/करेंगे ।

खण्ड 19ज—मंडल/शाखा अधिकारी ठेकेदार से उसके द्वारा काम पर नियोजित ऐसे किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को, जो अक्षम हों अथवा अवचार करते हों, पदच्युत करने या कार्य स्थल से हटाने की अपेक्षा कर सकेगा और ठेकेदार ऐसी अपेक्षाओं का तुरन्त अनुपालन करेगा ।

खण्ड 19ञ—ठेकेदार का दायित्व यह देखना है कि निर्माण काल में निर्माणाधीन भवन में किसी ने अप्राधिकृत तौर पर कब्जा तो नहीं कर रखा है और उसे संपूर्ण भवन को खाली कराकर मंडल/शाखा अधिकारी को सौंपना होगा । यदि भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हो और किसी के द्वारा अवैधानिक तौर पर दखल कर लिया गया हो तो इस स्थिति में मंडल/शाखा अधिकारी इस प्रकार के भवन/भवनों को स्वीकार करने से इन्कार कर सकता है और इस प्रकार स्वीकार करने में हुए विलम्ब को निर्माण कार्य का विलम्ब माना जाएगा और ऐसे विलम्ब के लिए

4. The site selected for the camp shall be high ground, removed from jungle.

5. Disposal of Excreta—The contractor(s) shall make necessary arrangements for the disposal of excreta from the latrines by trenching or incineration which shall be according to the requirements laid down by the local Health Authorities. If trenching or incineration is not allowed, the contractor(s) shall make arrangements for the removal of the excreta through the Municipal Committee/authority and inform it about the number of labourers employed so that arrangements may be made by such Committee/authority for the removal of the excreta. All charges on this account shall be borne by the contractor and paid direct by him to the Municipality/authority. The contractor shall provide one sweeper for every 8 seats in case of dry system.

6. Drainage—The contractor(s) shall provide efficient arrangements for draining away sullage water so as to keep the camp neat and tidy.

7. The Contractor(s) shall make necessary arrangements for keeping the camp area sufficiently lighted to avoid accidents to the workers.

8. Sanitation—The contractor(s) shall make arrangements for conservancy and sanitation in the labour camps according to the rules of the Local Public Health and Medical Authorities.

CLAUSE 19I. The Circle/Branch Officer may require the contractor to dismiss or remove from the site of the work any person or persons in the contractors' employment upon the work who may be incompetent or misconduct himself and the contractor shall forthwith comply with such requirements

CLAUSE 19J. It shall be the responsibility of the contractor to see that the building under construction is not occupied by anybody unauthorisedly during construction and to hand over to the Circle/Branch Officer vacant possession of complete building. If such building though completed is occupied illegally, then the Circle/Branch Officer will have the option to refuse to accept the said building/buildings in that position and delay in acceptance on this account will be treated as delay in completion and for such delays levy

अधीक्षक पुरातत्वविद् निविदा में दी गई अनुमानित लागत 5% तक कर लगा सकता है जिसका निर्णय औचित्य एवं मात्रा की दृष्टि से अन्तिम होगा ।

upto 5% of the estimated cost put to tender may be imposed by the Circle/Branch Officer whose decision shall be final both with regard to the justification and quantum.

तथापि, पुरातत्वविद् इंजीनियर ठेकेदार को भवन के निर्माण से या सौंपे जाने से पूर्व या किसी भी समय नोटिस जारी करके ठेकेदार को अवैधानिक दखल-कब्जे से उसे खाली कराने के लिए कह सकते हैं ।

However, the Circle/Branch Officer may require the contractor through a notice to remove the illegal occupation any time on or before construction and delivery.

खण्ड 20—ठेकेदार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948; ठेका मजदूरी (नियंत्रण तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1970 तथा उसके अंतर्गत बनाये गये नियम तथा ठेका मजदूरी को प्रभावित करने वाले श्रमिक कानून जिन्हें समय-समय पर लागू किया जा सकता है, का पालन करेगा ।

CLAUSE 20. The contractor shall comply with all the provisions of the Minimum Wages Act, 1948; Contract Labour (Regulation and Abolition) Act; 1970, and rules framed thereunder and other labour laws affecting contract labour that may be brought into force from time to time.

कार्यों का उप-पट्टे पर न दिया जाना ।

Work not to be sublet.

उप-पट्टे पर देने, रिश्वत देने के कारण या यदि ठेकेदार दिवालिया हो जाता है तो ठेके को विखण्डित और प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत किया जा सकेगा ।

Contract may be rescinded and security deposit forfeited for subleting, bribing, or if contractor becomes insolvent.

खण्ड 21—यह ठेका मंडल/शाखा अधिकारी के लिखित अनुमोदन के बिना समनदेशित नहीं किया जाएगा अथवा उप-पट्टे पर नहीं दिया जाएगा तथा ठेकेदार अपने ठेके को समनुदेशित करेगा या उप-पट्टे पर देगा या ऐसा करने का प्रयत्न करेगा अथवा दिवालिया हो जाएगा या, दिवाला विषयक कार्यवाहियां प्रारम्भ करेगा अथवा अपने लेनदारों से कोई प्रशमन करेगा या ऐसा करने का प्रयत्न करेगा अथवा यदि ठेकेदार या उसका कोई सेवक या अभिकर्ता किसी लोक आफिसर या सरकार के नियोजन में व्यक्ति को किसी भी रूप से उसके पद अथवा नियोजन के संबंध में प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः कोई रिश्वत, उपदान, दान, उधार, परिलब्धि, इनाम या धनीय अथवा अन्यथा फायदा पहुंचाएगा या देने का वायदा करेगा या प्रस्थापना करेगा अथवा यदि ऐसा आफिसर या व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षतः ठेके के हितवद्ध होगा तो भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल/शाखा अधिकारी को खण्ड 3 में विनिर्दिष्ट कोई भी कार्यवाही, जिसे वह सरकार के हित में सर्वोच्च रूप से उपयुक्त समझे, करने की शक्ति होगी और यदि इनमें से कोई भी कार्यवाही की जाती है तो उसके उक्त खण्ड 3 में विनिर्दिष्ट परिणाम होंगे ।

CLAUSE 21. The contract shall not be assigned or sublet without the written approval of the Circle/Branch Officer. And if the contractor shall assign or sublet his contract, or attempt to do so, or become insolvent or commence any insolvency proceedings or make any composition with his creditors or attempt to do so, or if any bribe gratuity, gift, loan, perquisite, reward or advantage pecuniary or otherwise, shall either directly or indirectly, be given promised or offered by the contractor, or any of his servants or agent to any public officer or person in the employ of Government in any way relating to his office or employment, or if any such officer or person shall become in any way directly or indirectly interested in the contract, the Circle/Branch Officer on behalf of the President of India shall have power to adopt any of the courses specified in Clause 3 as he may deem best suited to the interest of Government and in the event of any of these courses being adopted the consequence specified in the said Clause 3 and shall ensue.

प्रतिकर के तौर पर संदेय राशियों का वास्तविक हानि के प्रतिनिदेश के बिना उचित प्रतिकर के रूप में समझा जाना ।

Sum payable by way of compensation to be considered as reasonable compensation without reference to actual loss.

खण्ड 22—इन शर्तों में से किसी के अधीन प्रतिकर के तौर पर संदेय सब राशियां वास्तविक रूप से हुई हानि या नुकसान के प्रतिनिर्देश के बिना, और चाहे कोई नुकसान हुआ हो अथवा नहीं, सरकार के उपयोग में लाए जाने के लिए उचित प्रतिकर समझी जाएंगी ।

फर्म के गठन में परिवर्तन

खण्ड 23—यदि ठेकेदार कोई भागीदारी फर्म है तो फर्म के गठन में कोई भी परिवर्तन करने के पूर्व मंडल/शाखा अधिकारी का लिखित पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएगा । यदि ठेकेदार कोई व्यक्ति या हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब का कारबारी समुत्थानक हो तो इसी प्रकार से, ठेकेदार के किसी ऐसे भागीदारी करार के करने से पूर्व यथापूर्वोक्त अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएगा जिसके अधीन भागीदारी फर्म को उस कार्य के करने का अधिकार होगा जिसके करने का भार ठेकेदार ने एतद्द्वारा अपने ऊपर लिया हो । यदि यथापूर्वोक्त पूर्व अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया है तो ठेका इसके खण्ड 21 के उल्लंघन में समनुदेशित किया गया समझा जाएगा और उस पर वही कार्रवाई की जा सकेगी और उसके वही परिणाम होंगे जो उक्त खण्ड 21 में उपबंधित हैं ।

कार्यों का मंडल/शाखा अधिकारी के निदेशाधीन किया जाना ।

खण्ड 24—ठेके के अधीन किया जाने वाला सब कार्य हर प्रकार से मंडल/शाखा अधिकारी के निदेशाधीन और उसके अनुमोदन के अधीन रहते हुए निष्पादित किया जाएगा और उस मंडल/शाखा अधिकारी को यह निदेश करने का हक होगा कि वे कार्य किस स्थान या किन स्थानों पर और किस प्रकार से आरम्भ किये जाने और समय-समय पर चलाये जाने हैं ।

माध्यस्थम द्वारा विवादों का निपटारा

खण्ड 25—वहां के सिवाय जहां कि ठेके में अन्यथा उपबंधित हो, इसमें इसके पूर्व वर्णित विनिर्देशों, डिजाइनों, आरेखनों और अनुदेशों के अर्थ से संबंधित और कार्य में प्रयुक्त काय-कौशल या सामग्री की क्वालिटी के संबंध में या किसी अन्य प्रश्न, दावा, अधिकार, बात या चीज के संबंध में, वह चाहे जो भी हो, जो ठेके, डिजाइनों, आरेखनों, विनिर्देशों, प्राक्कलनों, अनुदेशों या इन शर्तों से किसी प्रकार उद्भूत हुई हो या उससे सम्बद्ध हो, या अन्यथा कार्यों के संबंध में हो अथवा उनके निष्पादन या निष्पादन में असफलता से संयुक्त हो, सभी प्रश्न और विवाद चाहे वे कार्य की प्रगति के दौरान या उसके पूरे हो जाने या परित्याग के पश्चात् उद्भूत हुए हों, विवाद के समय कार्य

CLAUSE 22. All sums payable by way of compensation under any of these conditions shall be considered as reasonable compensation to be applied to the use of Government without reference to the actual loss or damage sustained and whether or not any damage shall have been sustained.

Changes in Constitution of firm

CLAUSE 23. Where the contractor is a partnership firm, the previous approval in writing of the Circle/Branch Officer shall be obtained before any change is made in the constitution of the firm. Where the contractor is an individual or a Hindu undivided family business concern such approval as aforesaid shall likewise be obtained before the Contractor enters into any partnership agreement whereunder the partnership firm would have the right to carry out the work hereby undertaken by the Contractor. If previous approval as aforesaid is not obtained, the contract shall be deemed to have been assigned in contravention to Clause 21 hereof and the same action may be taken, and the same consequences shall ensure as provided in the said Clause 21.

Works to be under direction of Circle/Branch Officer

CLAUSE 24. All works to be executed under the contract shall be executed under the direction and subject to the approval in all respects of the Circle/Branch Officer who shall be entitled to direct at what point or points and in what manner they are to be commenced and from time to time carried on.

Settlement of disputes by Arbitrations

CLAUSE 25. Except where otherwise provided in the contract all questions and disputes relating to the meaning of the specifications, designs, drawings and instructions hereinbefore mentioned and as to the quality of workmanship or materials used on the work or as to any other question, claim, right matter or thing whatsoever, in any way arising out of or relating to the contract, designs, drawings, specifications, estimates, instructions, orders or these conditions or otherwise concerning the works, or the execution or failure to execute the same whether arising during the progress of the work or after the

के भारसाधक मुख्य इंजीनियर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा या यदि कोई मुख्य इंजीनियर न हों तो ऐसी नियुक्ति के समय उक्त भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्रशासनिक प्रधान द्वारा नियुक्त व्यक्ति के एकमात्र माध्यस्थम् को निर्दिष्ट किए जाएंगे । ऐसी नियुक्ति के विरुद्ध यह आक्षेप नहीं होगा कि इस प्रकार नियुक्त मध्यस्थ सरकारी सेवक है, कि उसे इन बातों के संबंध में, जिनसे ठेका संबद्ध है, व्यवहार करना पड़ा था और यह कि सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों के अनुक्रम में उसने विवाद या मतभेद वाले विषयों में से सभी पर या किन्हीं पर अपने विचार व्यक्त किए थे । उस मध्यस्थ के, जिसको विवाद मूलतः निर्दिष्ट किया गया है, अंतरित होने या अपना पद रिक्त करने पर या किसी कारणवश कार्य करने में असमर्थ होने पर, ऐसे अंतरण, पद रिक्त करने या कार्य करने में असमर्थ होने के समय यथापूर्वोक्त मुख्य इंजीनियर या प्रशासनिक प्रधान ठेके के निवंधनों के अनुसार किसी अन्य व्यक्ति को मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त करेगा । ऐसा व्यक्ति निर्देश के संबंध में उस प्रक्रम, से जिस पर उसके पूर्ववर्ती ने उसे छोड़ा था, आगे कार्यवाही करने के लिए हकदार होगा । इस ठेके का यह भी एक निबंधन है कि यथापूर्वोक्त भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के मुख्य इंजीनियर या प्रशासनिक प्रधान द्वारा नियुक्त व्यक्ति से भिन्न अन्य किसी व्यक्ति को मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं करना चाहिए और यदि किसी कारण से ऐसा संभव न हो तो विवाद माध्यस्थम् को निर्दिष्ट किया ही नहीं जाएगा । ऐसी सब दशाओं में जिनमें प्रश्नगत दावे की रकम 50,000 रु० (पचास हजार रुपए) और उससे अधिक हो, मध्यस्थ अपने पंचाट का कारण देगा ।

यथापूर्वोक्त के अधीन रहते हुए माध्यस्थम् अधिनियम, 1940 या उसके किसी कानूनी उपांतर या पुनराधिनियमित और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंध जो तत्समय प्रवृत्त हों, इस खण्ड के अधीन माध्यस्थम् कार्यवाही को लागू होंगे ।

इस ठेके का एक निबंधन यह है कि माध्यस्थम् की याचना करने वाला पक्षकार इस खण्ड के अधीन माध्यस्थम् को निर्दिष्ट किए जाने वाले विवाद या विवादों के साथ प्रत्येक ऐसे विवाद की बाबत दावा की गई रकम या रकमों को भी विनिर्दिष्ट करेगा ।

इस ठेके का यह भी एक निबंधन है कि यदि ठेकेदार सरकार से ये सूचना मिलने के, कि बिल संदाय के लिए तैयार है, 90 दिन के भीतर लिखित रूप से किसी दावे (दावों) की बाबत माध्यस्थम् की कोई मांग नहीं करता/

completion or abandonment thereof shall be referred to the sole arbitration of the person appointed by the Director General, Archaeological Survey of India, in charge of the work at the time of dispute or if there be no Director General, the administrative head of the said Archaeological Survey of India at the time of such appointment. It will be no objection to any such appointment that the arbitrator so appointed is a Government servant, that he had to deal with the matters to which the contract relates and that in the course of his duties as Government Servant he had expressed views on all or any of the matters in dispute or difference. The arbitration to whom the matter is originally referred being transferred or vacating his office or being unable to act for any reason, such Director-General or administrative head as aforesaid at the time of such transfer, vacation of office or inability to act, shall appoint another person to act as arbitrator in accordance with the terms of the contract. Such person shall be entitled to proceed with the reference from the stage at which it was left by his predecessor. It is also a term of this contract that no person other than a person appointed by such Director General or Administrative head of the Archaeological Survey of India, as aforesaid should act as arbitrator and if for any reason, that is not possible, the matter is not to be referred to arbitration at all. In all cases where the amount of the claim in dispute is Rs. 50,000 (Rupees fifty thousand) and above, the arbitrator shall give reasons for the award.

Subject as aforesaid the provisions of the Arbitration Act, 1940, or any statutory modifications or re-enactment thereof and the rules made thereunder and for the time being in force shall apply to the arbitration proceedings under this clause.

It is also a term of the contract that the party involving arbitration shall specify the dispute or disputes to be referred to arbitration under this clause together with the amount or amounts claimed in respect of each such dispute.

It is also a term of the contract that if the Contractor(s) do/does not make any demand for arbitration in respect of any claim(s) in writing within 90 days of receiving the intimation from the Govt. that the bill is ready for

करते हैं तो ठेकेदार (ठेकेदारों) का दावा अधित्यक्त और पूर्ण रूप से वर्जित माना जाएगा, और सरकार ठेके के अधीन उन दावों की बावत सब दायित्वों से उन्मोचित और निर्मुक्त हो जाएगी ।

मध्यस्थ पक्षकारों की सम्मति से, पंचाट देने या प्रकाशित करने के समय को समय समय पर बढ़ा सकेगा/सकेंगे ।

पेटेन्ट अधिकार

खण्ड 26—ठेकेदार पेटेन्ट या डिजाइन या किन्हीं अधिकथित पेटेन्ट या डिजाइन अधिकारों के उल्लंघन या उपयोग से सम्बद्ध किसी कार्रवाई, दावा या कार्यवाही के विरुद्ध भारत के राष्ट्रपति की क्षतिपूर्ति करेगा और ऐसे किन्हीं स्वामित्वों का संदाय करेगा जो संविदा में सम्मिलित किसी वस्तु या उसके भाग की बावत सन्देय हों । यथापूर्वोक्त विषयों में से किसी की बावत सरकार के अधीन किए गए किन्हीं दावों या उसके खिलाफ किए गए किसी कार्रवाई की दशा में ठेकेदार को उसकी तुरन्त अधिसूचना दी जाएगी और ठेकेदार, अपने खर्च पर, कोई विवाद तय करने या उससे उत्पन्न होने वाली मुकदमेबाजी का संचालन करने के लिए स्वतंत्र होगा । परन्तु ठेकेदार भारत के राष्ट्रपति को क्षतिपूर्ति करने के लिए दायी नहीं होगा, यदि पेटेन्ट या डिजाइन अथवा अभिकथित पेटेन्ट या डिजाइन अधिकार का अतिलंघन मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा इस निमित्त पारित किसी आदेश का सीधा परिणाम है ।

प्राक्कलनों में एकमुश्त राशियां

खण्ड 27—जब कि उस प्राक्कलन के अंतर्गत, जिस पर निविदा की जाती है, कार्य के भागों की बावत एकमुश्त राशियां हों तब ठेकेदार अन्तर्वलित कार्य या प्रश्नगत कार्य के भाग की मदों की बावत उन्हीं दरों पर संदाय के लिए हकदार होगा, जो ऐसी मदों के लिए इस ठेके के अधीन संदेय हों, और यदि प्रश्नगत, कार्य का भाग मंडल/शाखा अधिकारी की राय में माप के योग्य न हो तो मंडल/शाखा अधिकारी प्राक्कलन में दर्ज एकमुश्त रकम स्वविवेक पर संदाय कर सकेगा और मंडल/शाखा अधिकारी का माणपत्र ठेकेदार के विरुद्ध इस खण्ड के उपबंधों के अधीन उसे संदेय किसी राशि या राशियों की बावत अंतिम और निश्चायक होगा ।

payment, the claim of the contractor(s) will be deemed to have been waived and absolutely cleared and the Govt. shall be discharged and released of all liabilities under the contract in respect of these claims.

The arbitrator(s) may from time to time with consent of the parties enlarge the time, for making and publishing the award.

Patent Rights

CLAUSE 26. The contractor shall fully indemnify the President of India against any action, claim or proceedings relating to infringement or use of any patent or design or any alleged patent or design rights and shall pay any royalities which may be payable in respect of any article or part thereof included in the contract. In the event of any claims made under or action brought against Government in respect of any such matters as aforesaid the contractor shall be immediately notified thereof and the contractor shall be at liberty, at his own expense, to settle any dispute or to conduct any litigations that may arise therefrom. Provided that the contractor shall not be liable to indemnify the President of India if the infringement of the patent or design or any alleged patent or design right is the direct result of an order passed by the Circle/Branch Officer in this behalf.

Lump sum in estimates

CLAUSE 27. When the estimate on which a tender is made included lump sums in respect of parts of the work the contractor shall be entitled to payment in respect of the items of work involved or the part of the work in question at the same rates, as are payable under this contract for such items, or if the part of the work in question is not, in the opinion of the Circle/Branch Officer capable of measurement, the Circle/Branch Officer may at his discretion pay the lump sum amount entered in the estimate, and the certificate in writing of the Circle/Branch Officer shall be final to any sum or sums payable to him under the provisions of the clause.

वहां कार्रवाई, जहां कोई विनिर्देश न हों।

खण्ड 28—किसी ऐसे कार्य-वर्ग की दशा में, जिसके लिए नियम 1 में यथावर्णित के अनुसार कोई ऐसा विनिर्देश न हो, तो एकसा कार्य जिला विनिर्देश के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा और यदि कोई जिला विनिर्देश न हो तो ऐसी दशा में कार्य सब बातों में मंडल/शाखा अधिकारी के अनुदेशों और अपेक्षाओं के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा मद दर निविदा में अंकों और शब्दों में कोट की गई दरें शुद्धतापूर्वक भरी जाएंगी ताकि अंकों और शब्दों में लिखित दरों में कोई व्यतिक्रम न हो। तथापि, यदि कोई व्यतिक्रम पाया जाए तो ठेकेदार द्वारा संगणित राशि से मिलती जुलती दरें सही मानी जाएंगी।

खण्ड 29—यदि ठेकेदार द्वारा किसी मद की राशि संगणित न हो अथवा यह अंकों या शब्दों में लिखित दर से मिलती जुलती न हो तो ठेकेदार द्वारा शब्दों में कोट की गई दर सही मानी जाएगी।

खण्ड 29— (i) **दावा की गई धनराशि को रोक रखना और उसका पुनर्ग्रहणाधिकार**

ठेकेदार के विरुद्ध ठेके से उद्भूत या ठेके के अधीन किसी प्रकार की धनराशि अदा करने के लिए जब कभी कोई दावा/दावे उपस्थित हो/हों तो मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार को ठेकेदार द्वारा प्रतिभूति के रूप में जमा संपूर्ण या उसके एक अंश को रोककर रखने और उसे ग्रहण करने का अधिकार होगा और उपयुक्त प्रयोजन से मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार को किसी प्रकार की जमा प्रतिभूति राशि को ऐसे यथास्थिति लंबित दावों के निर्णय या अधिनिर्णय प्राप्त होने तक रोक रखने और उसे पुनर्ग्रहण करने का हक होगा। यदि प्रतिभूति दावे की राशि से कम हो या यदि ठेकेदार से प्रतिभूति निक्षेप न लिया गया हो तो मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार को उस देय किसी राशि या राशियों को या उसके बाद उसी ठेके के अंतर्गत या उसी मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार या किसी अन्य ठेके प्राप्त करने वाले व्यक्ति मार्फत मंडल/शाखा अधिकारी के अधीन देय किसी राशि या राशियों को उपयुक्त दावे की राशि या राशियों की सीमा तक ऐसे लंबित किसी दावे पर निर्णय या अधिनिर्णय प्राप्त होने तक रोक रखने और उसे पुनर्ग्रहण करने का अधिकार होगा।

Action where no specifications are mentioned.

CLAUSE 28. In the case of any class of work for which there is no such specification as in mentioned in Rule 21, such work shall be carried out in accordance with the distinct specification in the end of these being no distinct specification then in such case the work shall be carried out in all respect in accordance with the instructions and requirements of the Circle/Branch Officer. Rates quoted by the contractor in item rate tender in figures and words shall be accurately filled in so that there is no discrepancy in the rates written in figures and words. However, if a discrepancy is found the rate which correspond with the amount worked out by the contractor shall be taken as correct.

CLAUSE 29. If the amount of an item is not worked out by the contractor or it does not correspond with the rate written either in figures or in words then the rate quoted by the contractor in words shall be taken as correct.

CLAUSE 29(i). Withholding and having a lien in respect of sums claimed.

Whenever any claim or claims for payment of a sum of money arise out of or under the contract against the contractor, the Circle/Branch Officer or the Government shall be entitled to withhold and also have a lien to retain such sums in whole or in part from the security, if any deposited by the Contractor and for the purpose aforesaid, the Circle/Branch Office or the Government shall be entitled to withhold the security deposit, if any, furnished as the case may be and also have a lien over the same pending finalisation or adjudication of any such claim. In the event of the security being insufficient to cover the claimed amount or amounts or if no security has been taken from the contractor, the Circle/Branch Officer or the Government shall be entitled to withhold and have a lien to retain to the extent of such claimed amount or amounts referred to above, from any sum or sums found payable or which at any time thereafter may become payable to the contractor under the same contract or any other, contract with the Circle/Branch Officer or the Government or any contracting person through the Circle/Branch Officer pending finalisation of adjudication of any such claim.

यह संविदा की मानी हुई शर्त है कि मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार द्वारा ऊपर कहे अनुसार पुनर्ग्रहणाधिकार के अधीन रोकी या रखी गई धनराशि (यां) उसी प्रकार मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार द्वारा रोकी या रखी रहेगी जब तक कि संविदा से या उसके अधीन दावा उपस्थित न हो जो यथास्थिति मध्यस्थ (यदि संविदा माध्यस्थम् खंड के अनुसार शासित होती हो) या सक्षम न्यायालय द्वारा निर्धारित न हो जाए और यह कि ठेकेदार को ब्याज या क्षतिपूर्ति या जो कुछ हो या अन्य रूप से इस प्रकार उपरिकथित पुनर्ग्रहणाधिकार के अधीन रोकने या रखने और जो ठेकेदार को सम्यक् रूप से सूचित की गई है, के ऐवज में कोई दावा नहीं करेगा। इस खंड के प्रयोजन से जहां ठेकेदार साझेदार फर्म या लिमिटेड कम्पनी हो वहां मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार को किसी भी साझेदार/लिमिटेड कम्पनी, जैसी स्थिति हो, को उसकी व्यक्तिगत हैसियत से या अन्यथा देय ऐसी दावे की राशि(यों) को पूर्णतः या अंशतः पुनर्ग्रहणाधिकार के अधीन रोक कर रखने का अधिकार होगा।

It is an agreed term of the contract that the sum or sums of money so withheld or retained under the lien referred to above, by the Circle/Branch Officer or Government will be kept withheld or retained as such by the Circle/Branch Officer or Government against the claim arising out of or under the contract as is determined by the Arbitrator (if the contract is governed by the arbitration clause) or by the competent court, as the case may be and that the contractor will have no claim for interest or damages whatsoever or on any account in respect of such withholding or retention under the lien referred to above and duly notified as such to the contractor. For the purpose of this clause, where the contractor is a partnership firm or a limited company, the Circle/Branch Officer or the Government shall be entitled to withhold and also have a lien to retain towards such claimed amount or amounts in whole or in part from any sum found payable to any partner/limited company as the case may be, whether in his individual capacity or otherwise.

खण्ड 29क—अन्य ठेकों के संबंध में पुनर्ग्रहणाधिकार

संविदा के अधीन ठेकेदार द्वारा मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार या ऐसे अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ की गई किसी अन्य संविदा से या उसके अधीन मिलने वाली धनराशि के भुगतान के संबंध में मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार या ऐसे किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के किसी दावे के विरुद्ध ठेकेदार का बकाया और उसे देय कोई भी धनराशि (जिसमें उसे वापस की जाने वाली प्रतिभूति जमा शामिल है) मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार या मंडल/शाखा अधिकारी के माध्यम से संविदा करने वाले अन्य किसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा पुनर्ग्रहणाधिकार के रूप में रोकी या रोक कर रखी जा सकती है।

Clause 29A. **Lien in respect of claim in other contracts.**

Any sum of money due and payable to the contractor (including the security deposit returnable to him) under the contract may be withheld or retained by way of lien by the Circle/Branch Officer or the Government or any other contracting person or persons through Circle/Branch Officer against any claim of the Circle/Branch Officer or Government or such other person or persons in respect of payment of a sum of money arising out of or under any other contract made by the contractor with the Circle/Branch Officer of the Govt. or with such other person or persons.

यह संविदा की एक मान्य शर्त है कि मंडल/शाखा अधिकारी या भारत सरकार द्वारा इस खंड के अधीन रोकी या रोककर रखी धनराशि मंडल/शाखा अधिकारी या सरकार द्वारा तब तक रोकी या रोक कर रखी जाएगी जब तक कि उसी ठेके या किसी अन्य ठेके के अंतर्गत उसका दावा या तो परस्पर तय न हो जाए या सक्षम न्यायालय द्वारा, जैसी स्थिति हो, निर्धारित न हो जाए और यह कि ठेकेदार इस लेखे में या किसी अन्य आधार पर जो भी कुछ हो ब्याज

It is an agreed term of the contract that the sum of money withheld or retained under this clause by the Circle/Branch Officer or the Government will be kept withheld or retained as such by the Circle/Branch Officer or the Govt. or till his claim arising out of the same contract or any other contract is either mutually settled or determined by the Arbitration or by the competent court, as the case may be and that the contractor shall have no claim for interest or damages whatsoever on this account

या क्षतिपूर्ति का दावा नहीं करेगा जो इस खंड के अधीन रोकी या रोक कर रखी धनराशि से संबंधित हो और इस आशय की सूचना ठेकेदार को दी गई हो ।

कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र श्रमिकों के नियोजन के विरुद्ध प्रतिबंध

खण्ड 30—ठेकेदार किसी भी प्रवर्ग के अधीन आने वाले कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र श्रमिकों को कार्य पर या उसके संसर्ग में नियोजित नहीं करेगा या नियंत्रित क्षेत्र की 32 किलोमीटर (20 मील) की त्रिज्या के भीतर के क्षेत्र से श्रमिकों की भर्ती नहीं करेगा । उपर्युक्त के अधीन रहते हुए ठेकेदार केवल आयातित श्रमिकों या ऐसे क्षेत्रों से, जिससे आयात अनुज्ञात है, ठेकेदार द्वारा आयातित श्रमिकों को आयातित करेगा ।

जहां आयातित श्रमिकों के लिए मजदूरी राज्य या प्रादेशिक श्रम समितियों द्वारा नियत कर दी गई है, वहां ठेकेदार द्वारा श्रमिकों को अधिकतम मजदूरी से अधिक संदत्त नहीं की जाएगी ।

ठेकेदार किसी ऐसे श्रमिक को तुरन्त हटाएगा, जिसका कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र श्रमिक होना मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा इंगित किया जाए । यदि ठेकेदार ऐसा करने में असफल रहेगा तो वह प्रतिदिन प्रति श्रमिक 10 रुपए की दर से संगणित राशि सरकार को संदत्त करने के लिए दायी होगा । कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र श्रमिकों की संख्या और उन दिनों की संख्या के विषय में जब उन्होंने कार्य किया हो, मंडल/शाखा अधिकारी का प्रमाण पत्र अंतिम और इस ठेके के सभी पक्षकारों पर आबद्धकर होगा ।

यह घोषित किया जाता है की और पक्षकारों के बीच इस संबंध में सहमति है कि इस खंड का पूर्वोक्त अनुबंध ऐसा है, जिसमें भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 74 के अपवाद के अर्थ के भीतर जनता हितबद्ध है ।

स्पष्टीकरण—"नियंत्रित क्षेत्र" से निम्नलिखित क्षेत्र अभिप्रेत है :—

बिहार

मानभूम, हजारीबाग जिले, संथाल-परगना का जामताड़ा प्रमंडल ।

पश्चिम बंगाल

बांकुरा, बीरभूम, बर्दवान जिले ।

or on any other ground in respect of any sum of money withheld or retained under this clause and duly notified as such to the contractor.

Prohibition against the employment of coal mining or controlled area labour.

CLAUSE 30. The contractor shall not employ coal mining or controlled area labour falling under any category whatsoever on or in connection with the work or recruit labour from area within a radius of 32 km (20 miles) controlled area. Subject as above the Contractor shall employ imported labour only i.e. labour imported by contractors from area, from which import is permitted.

Where ceiling price for imported labour has been fixed by State or Regional Labour Committees not more than that ceiling price shall be paid to the labour by the Contractor.

The contractor shall immediately remove any labour who may be pointed out by the Circle/Branch Officer as being a coal mining or controlled area labour. Failure to do so shall render the contract liable to pay the Government a sum calculated at the rate of Rs. 10 per day per labourer. The certificate of the Circle/Branch Officer about the number of coal mining or controlled area labour and the number of days for which they worked shall be final and binding upon all parties to this contract.

It is declared and agreed between the parties that the aforesaid stipulation in this clause is one in which the public are interested within the meaning of the exception of Section 74 of Indian Contract Act, 1872.

Explanation—"Controlled Area" means the following areas :—

Bihar

District of Manbhum, Hazaribagh, Jamtara Sub-Division of Santal Parganas.

West Bengal

Districts of Bankura, Birbhum, Burdwan.

मध्य प्रदेश

बिलासपुर जिला।

कोई अन्य क्षेत्र, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके अनुमोदन से "नियंत्रित क्षेत्र" घोषित किया जाए। ठेकेदार अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के उपबंधों और उसके अधीन समय समय पर जारी नियमों और आदेशों का अनुपालन करेगा। यदि ऐसा करने में वह असफल रहे तो उसकी यह असफलता संविदा भंग मानी जाएगी और मंडल/शाखा अधिकारी स्वविवेक से ठेके को रद्द कर सकता है। ठेकेदार उस अधिनियम के उपबंधों के किसी उल्लंघन के कारण उत्पन्न किसी धन संबंधी देयता के लिए भी दायी होगा।

बिना फिल्टर किए हुए जल के प्रदाय के संबंध में शर्त

खण्ड–31 ठेकेदार कार्य के लिए अपेक्षित बिना फिल्टर किए हुए जल के लिए अपना निजी इंतजाम करेगा/करेंगे और उसके लिए कुछ अतिरिक्त संदाय नहीं किया जाएगा। ऐसा निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए होगा :—

(i) ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा उपयोग किया जाने वाला जल, निर्माण प्रयोजनों के लिए, मंडल/शाखा अधिकारी के समाधानप्रद रूप में, ठीक होगा।

(ii) **यदि मंडल/शाखा** अधिकारी की राय में ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा जल को प्राप्ति के लिए किया गया इंतजाम संतोषप्रद न हो तो मंडल/शाखा अधिकारी जल के प्रदाय के लिए ठेकेदार (ठेकेदारों) के जोखिम और व्यय पर अनुकल्पी इंतजाम करेगा।

खण्ड 32. (i) जहा पाइप द्वारा जल प्रदाय का कोई इंतजाम नहीं है और ठेकेदार सरकार द्वारा बनाए गए कूपों या हैंडपम्पों से जल लेता है, वहां उसके लिए ठेकेदार से कोई प्रभार वसूल नहीं किए जाएंगे। किन्तु ठेकेदार दिन के ऐसे घंटों में ही पानी लेगा कि उससे उसके सामान्य उपयोग में कोई विघटन न पड़े, जिसके लिए हैंडपम्प और कुएं आशयित हैं, वह अपने उपयोग से उद्भूत होने वाले सभी नुकसानों और अप्रसामान्य मरम्मतों के लिए भी उत्तरदायी होगा, जिसकी लागत उससे वसूल की जा सकेगी। मंडल/शाखा अधिकारी इसके लिए ठेकेदार से वसूल की जा सकने वाली लागत अवधारित करने के लिए अंतिम प्राधिकारी होगा।

Madhya Pradesh

District of Bilaspur.

Any other area which may be declared 'Controlled Area' by or with the approval of the Central Government. The Contractor shall comply with the provisions of the apprentices Act, 1961, and the rules and orders issued thereunder from time to time. If he fails to do so, his failure will be a breach of the contract and the Circle/Branch Officer may in his discretion cancel the contract. The contractor shall also be liable for any pecuniary liability arising on account of any violation by him of the provisions of the Act.

Condition relating to the supply of unfiltered water.

CLAUSE 31. The contractor(s) shall make his/their own arrangements for unfiltered water required for the work and nothing extra will be paid for the same. This will be subject to the following conditions :—

(i) That the water used by the Contractor(s) shall be fit for construction purposes, to the satisfaction of the Circle/Branch Officer.

(ii) The Circle/Branch Officer shall make alternative arrangements for supply of water at the risk and cost of contractor(s) if the arrangements made by the contractor(s) for procurement of water are in the opinion of the Circle/Branch Officer, unsatisfactory.

CLAUSE 32. (i) Where there is no piped water supply arrangement and the water is taken by the contractor from the wells or hand pumps constructed by the Government no charge shall be recovered from the contractor on that account. The contractor shall, however, draw water at such hours of the day that it not interfere with the normal use for which the hand pump and wells are intended. He will also be responsible for all damage and abnormal repairs arising out of his use, the cost of which shall be recoverable from him. The Circle/Branch Officer shall be the final authority to determine the cost recoverable for the contractor on this account.

(ii) ठेकेदार को मंडल/शाखा अधिकारी से लिखित अनुज्ञा प्राप्त कर लेने पर ही उसे निर्माण हेतु जल लेने के लिए सरकारी भूमि पर अस्थायी कुओं का निर्माण करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। ठेकेदार से इसके लिए कोई प्रभार वसूल नही किए जाएंगे किन्तु ठेकेदार से यह अपेक्षा की जाएगी कि, वह दुर्घटनाएं न होने देने के लिए और पार्श्वस्थ भवनों, सडकों और सेवा लाइनों को नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करें। वह कुओं के बनवाने और तत्पश्चात् उनके अनुरक्षण के कारण हुई दुर्घटनाओं या नुकसान के लिए उत्तरदायी होगा और कार्य के पूर्ण हो जाने पर कुओं को तोड़ने के पश्चात भूमि को मूल दशा में वापस ले जाएगा।

अधिशेष सामग्री का लौटाया जाना

खण्ड 33—इस ठेके के किसी या सभी खण्डों में अन्तर्विष्ट किसी तत्प्रतिकूल बात के होते हुए भी जहां ठेके के निष्पादन के लिए सामग्री सरकार की सहायता से, चाहे वह सरकारी स्टाकों से जारी किए गए आदेशों, अनुज्ञापत्रों या अनुज्ञप्तियों के अधीन क्रय करने से हो, प्राप्त की जाए, वहां ठेकेदार उक्त सामग्री को किफायत से और एकमात्र ठेके के प्रयोजन के लिए ही धारण करेगा और सरकार की अनुज्ञा के बिना उसका निपटान नहीं करेगा और मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा यदि अपेक्षा की जाए तो ऐसी सभी अधिशेष या काम में न आने आ सकने वाली सामग्री को, जो ठेका पूरा होने के पश्चात् या उसके पर्यवसान पर, वह चाहे किसी भी कारणवश हो, उसके पास बच रहे, उसकी ऐसी कीमत जो मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा ऐसी सामग्री की दशा को ध्यान में रखते हुए अवधारित की जाए, संदत्त कर दिए जाने या उसके खाते में जमा कर दिए जाने पर, लौटा देगा। किन्तु ठेकेदार को अनुज्ञात कीमत उससे प्रभारित रकम से, भण्डारकरण के प्रभारों को छोड़कर, यदि कोई हों, अधिक न होगी। मंडल/शाखा अधिकारी का विनिश्चय अंतिम और निश्चायक होगा। यदि पूर्वोक्त शर्त को भंग किया जाएगा तो ठेकेदार अनुज्ञप्तियों या अनुज्ञा पत्रों के निबन्धनों के उल्लंघन और/या आपराधिक न्यास भंग के लिए की जाने वाली कार्यवाही के लिए दायी तो होगा किन्तु इसके अलावा वह, सरकार को उस सभी धन, फायदे य लाभ देने के लिए भी दायित्वाधीन होगा जो ऐसे भंग के कारण उसे प्राप्त हुए हों या सामान्य अनुक्रम में प्राप्त होते।

(ii) The contractor shall be allowed to construct temporary wells in Government land for taking water for construction purposes only after he has got permission of the Circle/Branch Officer in writing. No charges shall be recovered from the contractor on this account, but the contractor shall be required to provide necessary safety arrangements to avoid any accidents or damage to adjacent buildings, roads and service lines. He shall be responsible for any accidents or damage caused due to construction and subsequent maintenance of the wells and shall restore the ground to its original condition after the wells are dismantled on completion of the work.

Return of surplus material

CLAUSE 33. Notwithstanding anything contained to the contrary in any or all of the clauses of this contract, where any materials for the execution of the contract are procured with the assistance of Government either by issue from Government stocks or purchase made under orders or permits or licences issued by Government the Contractor shall hold the said materials economically and solely for the purpose of the contract and not dispose them of without the permission of the Government and return, if required by the Circle/Branch Officer, all surplus or unserviceable materials that may be left with him after the completion of the contract or at its termination for any reason whatsoever on being paid or credited with such price as the Circle/Branch Officer shall determine having due regard to the condition of the materials. The price allowed to the contractor however shall not exceed theceed the amount charged to him excluding the element of storage charges if any. The decision of the Circle/Branch Officer shall be final and conclusive. In the event of branch of the aforesaid condition the contractor shall in addition to throwing himself open to action for contravention of the terms of the licences or permit and/or for criminal breach of trust, be liable to Government for all moneys, advantages or profits resulting or which in the usual course would have resulted to him by reasons of such breach.

संयत्र और मशिनरी का भाड़ा

खण्ड 34—(क) कार्य के लिए अपेक्षित निम्नलिखित संयंत्र और मशीनें ठेकेदार को नीचे दी हुई शर्तो पर भाड़े पर जारी की जाएंगी :—

क्रम संख्या	विवरण	प्रतिदिन के लिए प्रभारित भाड़ा
(i)		
(ii)		

(ख) प्रदाय करते समय संयंत्र और मशीनरी..... स्थित विभागीय उपस्कर शेड में ही सौंपी जाएगी और यहीं पर उसे वापस लिया जाएगा और ठेकेदार शेड से कार्य स्थल तक उनका लाने और वहाँ से वापस ले जाने का व्यय वहन करेगा। ठेकेदार संयंत्र और मशीनों को उसी दशा में जिसमें वे उसे सुपुर्द की गई थी, लौटाने के लिए जिम्मेदार होगा और वह उक्त संयंत्र और मशीनरी को, कार्य स्थल पर अथवा अन्यत्र प्रचालन के समय या अन्यथा या अभिवहन के दौरान, कारित सभी नुकसान के लिए, जिसमें उसके पुर्जों का नुकसान या हानि भी सम्मिलित है, और वह उस कार्य के, जिसके लिए वे दी गई थीं, पूर्ण हो जाने के तुरन्त पश्चात् उन्हें वापस करने में उसकी (ठेकेदारों की) असफलता के कारण हुई सभी हानियों के लिए उत्तरदायी होगा। ठेकेदार के दायित्व और इस संबंध में उसकी सीमा को अवधारित करने के लिए मंडल/शाखा अधिकारी एकमात्र निर्णायक होगा और उसका विनिश्चय अंतिम और ठेकेदार पर आवद्धकर होगा।

(ग) यथा उपरि अनुबद्ध संयंत्र और मशीनरी जैसे ही और जब उपलब्ध होंगी और यदि ठेकेदार द्वारा अपेक्षा की जाएगी तब वे दे दी जाएगी। रोलरों की जब भी अपेक्षा हो, उन्हें विभाग से प्राप्त कर लेना चाहिए। ठेकेदार अपने कार्य के प्रोग्राम की व्यवस्था संयंत्र और मशीनरी की उपलब्धता के अनुसार करेगा और विभाग द्वारा प्रदाय में हुई किसी देरी के कारण उसका (ठेकेदार का) कोई दावा ग्रहण नहीं किया जाएगा।

(घ) भाड़ा प्रभार संयंत्र और मशीनरी के सुपुर्द किए जाने की तारीख से, जिसमें वह तारीख भी शामिल होगी उसके लौटाए जाने की तारीख तक, जिसमें वह तारीख भी शामिल होगी, विहित दरों पर वसूल किया जाएगा चाहे वह किसी भारी टूट-फूट को छोड़कर किसी कारण से कार्य न कर रही हो। ठेकेदार किसी संयंत्र और मशीनरी के इतना खराब हो जाने पर कि उनको भारी मरम्मत की आवश्यकता हो, मंडल/शाखा अधिकारी को तुरन्त लिखित रूप में सूचना देगा। इस संबंध में किसी विवाद की दशा में, अधीक्षक इंजीनियर का विनिश्चय अंतिम होगा।

Hire of Plant and Machinery.

CLAUSE 34. (a) the following plant and machinery required for the work will be issued to the contractor on hire on conditions given below :—

S. No.	Description	Hire charges per day
(i)		
(ii)		

(b) Plant and machinery when supplied shall be made over and taken back at the departmental equipment shed at..............and the contractor shall bear the cost of their carriage from the shed to the site of work and back. The contractor shall be responsible to return the plant and machinery in the condition in which it was handed over to him, and he shall be responsible for all damage caused to the said plant and machinery at the site of work or elsewhere in operation or otherwise or during transit including damage to or loss of part and for all losses due to his failure to return the same soon after the completion of the work for which it was issued. The Circle/Branch Officer shall be the sole judge to determine the liability of the contractor and its extent in this regard and his decision shall be final and binding on the contractor.

(c) The plant and machinery as stipulated above will be issued as and when available and if required by the contractor. Rollers when required should be obtained from the department. The contractor shall arrange his programme of work according to the availability of the plant and machinery and no claim, whatsoever, will be entertained from him for any delay in supply by the Department.

(d) The hire charges shall be recovered at the prescribed rates from and inclusive of the date of the plant or machinery is made over upto the inclusive of the date of its return even though the same may not have been working for any cause except for major breakdown. The contractor shall immediately intimate in writing to the Circle/Branch Officer when any plant or machinery gets out of order requiring major repairs. In case of any dispute in this regard, the decision of the Circle/Branch Officer shall be final.

(च) ऊपर दर्शाए गए भाड़े प्रभार 8 घंटे के (जिसमें एक घंटा बीच में लंच के लिए सम्मिलित है) प्रत्येक दिन या उसके भाग के लिए है, वाष्पचालित सड़क रोलर की दशा में 8 घंटे की कालावधि के अंतर्गत वह समय भी होगा, जो कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व बायलर में वाष्पदाब बनाने के लिए और कार्य समाप्त होने पर बायलर में वाष्पदबाव कम करने के लिए सहायक होगा ।

(छ) भाड़ा प्रभारों के अंतर्गत यथा अपेक्षित चालक स्टाफ की सेवाएं और स्नेहक तेल और सफाई के प्रयोजनों के लिए सामान का तथा जब वाष्पचालित सड़क रोलर में आग जलाने के लिए जब पत्थर का कोल दिया जाए तो 1.25 क्विंटल से अनधिक ऐसा पत्थर का कोयला भी शामिल होगा । ठेकेदार जो संयंत्र और मशीनरी की हिफाजत और सुरक्षा के लिए पूर्णतः जिम्मेदार होगा संयंत्र और मशीनरी को चलाने के लिए अनुमोदित प्रकार के शक्ति इंधन, जलाने की लकड़ी, मिट्टी के तेल आदि की तथा संयंत्र मशीनरी की हानि या नुकसान से बचाव करने के लिए पूर्णकालिक चौकीदार की भी व्यवस्था करेगा; संयंत्र और मशीनरी का प्रदाय किए जाने पर या उसके पूर्व ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को परिवहन के दौरान या कार्यस्थल पर होने वाली हानि या नुकसान के विरुद्ध विभाग की क्षतिपूर्ण करने के लिए एक करार पर हस्ताक्षर करेगा ।

(ज) सामान्यतः कोई भी संयंत्र और मशीनरी एक दिन में 8 घंटे से, जिसमें मध्याह्न भोजन के लिए एक घंटे का समय भी शामिल है, अधिक काम नहीं करेगी, किन्तु अति आवश्यक कार्य की दशा में, मंडल/शाखा अधिकारी अपने विवेक से संयंत्र और मशीनरी को दिन में 8 घंटे की सामान्य कालावधि से अधिक चलाने की इजाजत दे सकेगा । उस दशा में ठेकेदार द्वारा वहन किया जाने वाला अतिकाल का प्रतिघंटा भाड़ा प्रभार सामान्य रूप से आनुपातिक प्रति घंटा प्रभार (दैनिक प्रभार का आठवां भाग) से 50 प्रतिशत अधिक होगा किन्तु किसी विशिष्ट दिन का ऐसा प्रभार कम से कम उतना होगा जो आधे दिन का प्रसामान्य प्रभार होता है । अतिकाल का भाड़ा प्रभार निकालने के लिए आधा घंटा और उससे ऊपर की अवधि को एक घंटे के रूप में प्रभारित किया जाएगा और आधे घंटे से कम समय की उपेक्षा कर दी जाएगी ।

(झ) ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को हर दसवें दिन नियतकालिक सफाई और/या धुलाई के लिए छोड़ देगा जिसमें लगभग तीन से चार घंटे तक का या अधिक समय लग सकेगा वह एक श्रमिक और जल की भी व्यवस्था करेगा जिसकी वाष्पचालित रोलरों को धोने के लिए अपेक्षा हो इस बात का विचार किये बिना कि सफाई/धुलाई करने में

(e) The hire charges shown above are for each day of 8 hours (inclusive of the one hour lunch break) or part thereof. In case of steam road roller, the period of 8 hours will be inclusive of time required to make up the boiler pressure before start of work and to lower the boiler pressure at the close of work.

(f) Hire charges will include service of operating staff as required and also supply of lubricating oil and stores for cleaning purposes and steam coal not exceeding 1.25 quintals to light up the steam road roller when issued. Power fuel of approved type, firewood, kerosene oil etc. for running the plant and machinery and also the full time chowkidar for guarding the plant and machinery against any loss or damage shall be arranged by the contractor who shall be fully responsible for the safeguard and security of plant and machinery. The contractor shall sign an undertaking on or before the supply of plant and machinery either during transit or at site of work.

(g) Ordinarily, no plant and machinery shall work for more than 8 hours a day inclusive of one hour lunch break. In case of an urgent work however, the Circle/Branch Officer may, at his discretion, allow the plant and machinery to be worked for more than normal period of 8 hours a day. In that case the hourly hire charges for overtime to be borne by the contractor shall be 50% more than the normal proportionate hourly charges (1/8th of the daily charges) subject to a minimum of half day's normal charges on any particular day. For working out hire charges for over time a period of half an hour and above will be charged as one hour and a period of less than half an hour will be ignored.

(h) The contractor shall release the plant and machinery every 10th day for periodical servicing and/or wash out which may take about three to four hours or more. He shall also provide for a labour and water that may be required for wash out of steam rollers. Hire charges for full day shall be recovered from contractor for the day of servicing/wash out

कितना समय लगा है, ठेकेदार से सफाई/धुलाई करने वाले दिन के लिए पूरे दिन का भाड़ा प्रभार वसूल किया जाएगा।

(ट) ठेकेदार को जो संयंत्र और मशीनरी एक बार जारी कर दी जाएगी उन्हें वह अपनी ओर से श्रमिक और सामग्री आदि की व्यवस्था में कमी होने के कारण वापस नहीं करेगा। उन्हें तभी वापस किया जाएगा जब कि या तो उनमें भारी मरम्मत की आवश्यकता हो अथवा जब मंडल/शाखा अधिकारी की राय में वह कार्य या उसका वह भाग, जिसके लिए उन्हें जारी किया गया था, पूरा हो चुका हो।

(ठ) ठेकेदार को प्रदाय किये गये प्रत्येक संयंत्र और मशीनरी के दैनिक कार्य के समय का अभिलेख रखने के लिए विभाग द्वारा लाग बुक रखी जाएगी और वह रोजाना ठेकेदार या उसके प्राधिकृत अभिकर्त्ता द्वारा अनुप्रमाणित की जाएगी। यदि ठेकेदार यह आपत्ति करता है कि उसकी प्रविष्टियां सही नहीं है और/या लाग बुक पर हस्ताक्षर करने में असफल रहता है तो मंडल/शाखा अधिकारी का विनिश्चय अंतिम और उस पर आबद्धकर होगा। सड़क रोलरों के भाड़े प्रभार के मद में वसूली उतने न्यूनतम दिनों के लिए की जाएगी जो इस धारणा के आधार पर निकलते हों कि एक रोलर प्रतिदिन कितनी भूमि सुदृढ़ कर सकता है या उतनी अधिकतम सामग्री या आपृष्ठन क्षेत्र की कुटाई कर सकता है। जो संलग्न विवरण में प्रत्येक के सामने लिखी है (संलग्न विवरण देखिए)।

(ड) कंक्रीट मिश्रक की दशा में ठेकेदार प्रतिदिन या प्रत्येक अवसर पर या प्रतिदिन कार्य की समाप्ति पर हापर को साफ कराने और उस ड्रम को धुलवाने की व्यवस्था करेगा।

(1) यदि ठेकेदार स्वतः भूमि सुदृढ़ीकरण के लिए रोलरों को काम पर लगाता है, तो इस मामले में भी लाग-बुक उसी प्रकार भरी जाएगी जिस प्रकार विभागीय रोलरों के संबंध में किया जाता है, खास-2 मदों की अधिकतम मात्रा जो प्रत्येक रोलर दिवस में सुदृढ़ीकरण किया जाता है, खंड 34 (ठ) के संलग्न विवरण के अनुसार ही होगी। रोलर के कम उपयोग के कारण कम रोलर दिवस के लिए वसूली निर्धारित दरों पर की जाएगी।

कंक्रीट मिश्रक का किराये पर प्रदाय किया जाना

यदि सरकार ठेकेदार द्वारा ऐसी अपेक्षा किए जाने पर मसाला और कंक्रीट मिलाने के लिए कंक्रीट मिश्रक मशीन का प्रदाय करती है यदि वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के भंडार में उपलब्ध हो तो ठेकेदार उसे भंडार से कार्यस्थल

irrespective of the period employed in servicing/wash out.

(i) The Plant and machinery once issued to a contractor shall not be returned by him on account of lack of arrangements of labour and materials, etc. On his part, the same will be returned only when they require major repairs or when in the opinion of the Circle/Branch Officer the work or a portion of work for which the same was issued is completed.

(j) Log book for recording the hours of daily work for each of the plant and machinery supplied to contractor will be maintained by the Department and will be attested by the contractor or his authorised agent daily. In case the contractor contests the correctness of the entries and/or fails to sign the Log Book the decision of the Circle/Branch Officer shall be final and binding on him. Hire charges will be calculated according to the entires in the Log Book and will be binding on the contractor. Recovery on account of hire charges for road rollers shall be made for the minimum number of days worked out on the assumption that a roller can consolidate per day and maximum quantity of materials or area surfacing as noted against each in the annexed statement (see attached annexure).

(k) In the case of concrete mixers, the contractor shall arrange to get the hopper cleaned and the drum washed at the close of the work each day or each occasion.

(l) In the case of rollers for consolidation are employed by the Contractor himself, log book for such rollers shall be maintained in the same manner as is done in the case of department rollers, maximum quantity of any items to be consolidated for each roller, day shall be also the same as in the Annexure to Clause 24(j). For less use of roller recovery for the less roller days shall be made at the stipulated rates.

Supply of concrete mixer on hire

1. Mechanical concrete mixers for mixing the mortar and concrete will be supplied by the Govt., if any available and if so required by the contractor at Archaeological Survey of India Stores, then the Contractors shall bear

तक ले जाने और वापस लाने का उसका गाड़ी भाड़ा खर्च करेगा ।

(2) मिश्रक मिश्रक-शैड पर ही सौंपा जाएगा और वहीं वापस लिया जाएगा और उसका किराया प्रभार. . . . . .रु० प्रतिदिन के हिसाब से मिश्रक को सौंपे जाने की तारीख से इसके वापस किये जाने की तारीख तक का वसूल किया जाएगा, चाहे इसका उपयोग किया जाए या नहीं, सिवाय उस कालावधि के जब भारी खराबी के कारण वह का पड़ा हो तो उसका ऊंचा प्रभार नहीं लिया जाएगा । एक पूरे दिन या उससे अधिक समय तक मशीन का अवरुद्ध रहना भारी अवरोध माना जाएगा । मंडल/शाखा अधिकारी का अवरोध की कालावधि के संबंध में प्रमाणपत्र ठेकेदार पर आबद्धकारी होगा ।

(3) ठेकेदार कंक्रीट मिश्रक की चौकसी व पहरेदारी के लिए एक पूर्णकालिक चौकीदार को काम पर लगायेगा और उसकी सुरक्षा के लिए उत्तरदायी होगा ।

(4) ठेकेदार, जब उसे सड़क रोलर किराये पर दिया जाए तब उसकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए चौकीदार की नियुक्ति करेगा और वे विभाग को मशीन की किसी प्रकार की क्षति के विरुद्ध चाहे वह परिवहन के दौरान या कार्य स्थल पर हुई हो उन्मोचित करते हुए एक करार पर हस्ताक्षर करेंगा ।

एसफाल्टी सामग्री के उपयोग के संबंध में शर्तें

खण्ड 35. (i) ठेकेदार उपयोग किये जाने वाले टार या बिटुमेन का प्रदाय करने वाली फर्म द्वारा कार्य के पर्यवेक्षण के लिए इंतजाम करने के लिए स्वयं को वचनबद्ध करता है ।

(ii) ठेकेदार डामर लगाने की प्रक्रिया के प्रारम्भ से पूर्व मानक सूत्र के अनुसार कार्य के लिए अपेक्षित टार या बिटुमेन की कुल मात्रा संगृहीत करेगा और उसे मंडल/शाखा अधिकारी को आडमानित करेगा । यदि पूरा हो जाने पर विनिर्देशों की प्राधिकृत तबदीलियों और कार्य प्रभाग के त्याग से भिन्न अन्य कारणों के लिए वास्तविक निष्पादन में सामग्री के कम उपयोग के कारण कोई बिटूमेन या टार बिना काम में आए बच रहता है, तो मंडल/ शाखा अधिकारी द्वारा यथा अवधारित प्रयुक्त सामग्री की लागत के समतुल्य तत्सम कटौती की जाएगी और सामग्री ठेकेदारों को वापस लौटा दी जाएगी । यद्यपि सामग्री सरकार को आडमानित की जाती है, तथापि ठेकेदार सभी जोखिमों से उनकी उचित रखवाली, सुरक्षित अभिरक्षा और संरक्षा का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेता है । सामग्री मंडल/शाखा अधिकारी की लिखित सम्मत्ति के बिना कार्यस्थल से नहीं हटाई जाएगी ।

the cost of its cartage from the store to the site of work and back.

(2) The mixer shall be made over and taken back at the mixer shed and hire charges shall be recovered at Rs. ——— per day from the date of mixer is made over to the date of its return irrespective of its being put into use or not except for the major break down, during which period higher charges shall not be recovered. The break down for a period of full day or more shall be considered as major breakdown. The certificate of the Circle/Branch Officer for the period of breakdown shall be final binding on the contractor.

(3) The contractor shall have to engage a full time chowkidar for watch and ward of the concrete mixer and shall be responsible for the safety.

(4) The chowkidar for safe-guarding the road-roller shall be employed by the contractor when these are hired out to him they shall sign an agreement indemnifying the department against any loss or damage caused to the machine either during transit or at the site of work.

Conditions relating to use of asphaltic materials.

CLAUSE 35. (i) The contractor undertakes to make arrangements for the supervision of the work by the firm supplying the tar or bitumen used.

(ii) The contractor shall collect the total quantity of tar or bitumen required for the work as per standard formula, before the process of painting is started and shall hypothecate it to the Circle/Branch Officer. If any bitumen or tar remains unused on completion of the work on account of lesser use of materials in actual execution for reasons other than authorised changes of specification and abandonment of portion of work, a corresponding deduction equivalent to the cost of unused materials as determined by the Circle/Branch Officer shall be made and the material returned to the contractors. Although the materials are hypothecated to Government the Contractor undertakes the responsibility for their proper watch, safe custody and protection against all risks. The materials shall not be removed from site of work without the consent of the Circle/Branch Officer in writing.

(iii) ठेकेदार कार्य पूरा हो जाने की तारीख से एक वर्ष के भीतर पता चलने वाली त्रुटियों को ठीक करने के लिए उत्तरदायी होगा और ऐस्फाल्टी कार्य से संबंधित प्रतिभूति निक्षेप के प्रभाग को इस कालावधि के अवसान के पश्चात् प्रतिदाय कर दिया जाएगा ।

(iii) The contractor shall be responsible for rectifying defects noticed within a year from the date of completion of the work and the portion of the security deposit relating to asphaltic work shall be refunded after the expiry of this period.

खण्ड 36. ठेकेदार इस कार्य के निष्पादन के दौरान निम्नलिखित तकनीकी कर्मचारीवृन्द को नियोजित करेगा:—

1. जब निष्पादित किये जाने वाले कार्य की लागत 5 लाख रुपये से अधिक हो—एक स्नातक इंजीनियर ।

2. जब निष्पादित किये जाने वाले कार्य का लागत 2 लाख रुपये से अधिक किन्तु 5 लाख रुपये से कम हो एक अर्हित डिप्लोमाधारक (ओवरसियर) ।

जब कभी मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा अपेक्षा की जाए तब तकनीकी स्टाफ को अनुदेश लेने के लिए कार्यस्थल पर उपलब्ध होना चाहिए ।

यदि ठेकेदार यथापूर्वोक्त तकनीकी स्टाफ का नियोजन करने में असफल रहता है तो वह स्नातक इंजीनियरों की बाबत व्यतिक्रम के लिए प्रति मास 2000 रु० (केवल दो हजार रुपये) और डिप्लोमाधारक (ओवरसियर) की बाबत व्यतिक्रम के लिए प्रति मास 1000 रु० (केवल एक हजार रुपये) से अनधिक यथोचित राशि का संदाय करने के लिए दायी होगा ।

(i) यदि एक इंजीनियर या ओवरसियर एक से अधिक निर्माण कार्यों की निगरानी करता है, तो यह तब तक आपत्तिजनक नहीं होगा, बशर्ते कि उसके अधीन निर्माण कार्यों का कुल मूल्य इंजीनियर के मामले में 20 लाख रुपये और ओवरसियर के मामले में 10 लाख रुपये से अधिक नहीं होगा ।

(ii) यदि ठेकेदार या साझेदार फर्म/कम्पनी के मामले में, स्वयं इंजीनियर/ओवरसियर हो तो उसके लिए निर्माण कार्य के पर्यवेक्षण के लिए अन्य इंजीनियर या ओवरसियर नियोजित करना आवश्यक नही होगा, जब तक कि ठेकेदार/साझेदार वैसा ही कार्य करता हो, जैसा कि नियोजित इंजीनियर/ओवरसियर द्वारा किया जाता ।

(iii) सेवानिवृत्त इंजीनियर/सहायक इंजीनियर जो डिप्लोमाधारक होगा, को उक्त खंड के लागू होने के लिए स्नातक इंजीनियर के बराबर समझा जाएगा ।

(iv) तकनीकी कर्मचारियों के नियोजन का निविदत्त लागत के साथ सामंजस्य रखा जाना चाहिए ।

CLAUSE 36. The contractor shall employ the following technical staff during the execution of this work :—

1. One Graduate Engineer when the cost of work to be executed is more than Rs. 5 lakhs.

2. One qualified Diploma Holder (Overseer) when the cost of work to be executed is more than Rs. 2 lakhs but less than Rs. 5 lakhs.

The technical staff should be available at site, whenever, required by Circle/Branch Officer to take instructions.

In case the contractor fails to employ the technical staff as aforesaid, he shall be liable to pay a reasonable amount not exceeding Rs. 2,000 for each month of default in the case of graduate Engineers and Rs. 1,000 for each month of default in the case of Diploma Holder (Overseer).

(i) There shall be no objection if an Engineer or Overseer looks after more than one work provided the total value of works under him does not exceed Rs. 20 lakhs in the case of an Engineer and Rs. 10 lakhs in the case of an Overseer.

(ii) It is not necessary for a contractor or partner in case of firm/company who is himself an Engineer/Overseer to employ another Engineer/Overseer for the supervision of the works, so long as the contractor/partner does work similar to what have been done by an employed Engineer/Overseer.

(iii) A retired Engineer/Assistant Engineer who are holding diplomas may be treated at par with Graduate Engineer for the operation of the above clause.

(iv) The employment of technical staff may be correlated to the tendered cost.

खण्ड 37. यदि समीचीन समझा जाए तो संपूर्ण कार्य दो या अधिक ठेकेदारों में बांटा जा सकेगा या भागत: न कि पूर्णत: प्रतिगृहीत किया जा सकेगा ।

CLAUSE 37. The whole work may be split up between two or more contractors .or accepted in part and not in entirety, if considered expedient.

खण्ड 38. (i) इस ठेके की बाबत सामग्री पर विक्रय कर या कोई अन्य कर ठकेदार द्वारा संदेय होगा और सरकार इस संबंध में कोई भी दावा ग्रहण नहीं करेगी ।

CLAUSE 38. (i) Sales tax or any other tax on materials in respect of this contract shall be payable by contractor and Government shall not entertain any claim whatsoever in this respect.

(ii) यदि किसी अवधि में, स प्रकार की अधिसूचना या आदेश के अनुसरण में या उसके अधीन कोई स्वामित्व उपकर, फीस या इसी प्रकार की कोई रकम संकर्मों के ठकेदार द्वारा प्रयक्त किसी सामग्री के बारे में राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों को भारत सरकार द्वारा संदेय हो जाती है और किसी समय ठेकेदार द्वारा संदेह नहीं होती है तो ऐसी दशा में भारत सरकार केलि यह विधियुक्त होगा और उसको यह अधिकार होगा या वह इस बात के लिए हकदार होगी कि वह यथापूर्वोक्त परिस्थितियों में संदत्त रकम ठेकेदार को देय राशि में से वसूल कर ले ।

(ii) If pursuant to or under any law such notification or order any royalty, cess, fee or the like becomes payable by the Government of India and does not at any time become payable by the contractor to the State Govts./ Local Authorities in respect of any material used by the contractor on the works there, in such a case, it shall be lawful to the Govt. of India and it will have the right and be entitled to recover the amount paid in the circumstances as aforesaid from dues of the contractor.

खण्ड 39. इस ठेके के अधीन अधिकारों या उपचारों में से किसी पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, यदि ठेकेदार मर जाता है तो मंडल/अफिसर को राष्ट्रपति की ओर से यह विकल्प होगा कि वह ठेकेदार को प्रतिकर दिए बिना ठेके को पर्यवसित कर दे ।

CLAUSE 39. Without prejudice to any of the rights or remedies under this contract, if the contractor dies, the Circle/Branch Officer on behalf of the President shall have the opinion of terminating the contract wtihout compensation to the contractor.

खण्ड 40. ठेकेदार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के परिमंडल में, (ठेके दिए जाने और उनके निष्पादन के लिए उत्तरदायी जिसमें उसका निकट नातेदार मंडल लेखापाल या अधीक्षक इंजीनियर और सहायक इंजीनियर (दोनों को सम्मिलित करते हुए) की श्रेणियों के बीच किसी हैसियत में तो अफसर है, कार्यों के लिए निविदा करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । यह ऐसे व्यक्तियों के नाम भी प्रज्ञापित करेगा जो उसके साथ किसी हैसियत में काम कर रहे हैं या उसके द्वारा तत्पश्चात् नियोजित किए जाते हैं और जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में (या शिक्षा और सांस्कृतिक मंत्रालय के) किसी राजपत्रित आफिसर के निकट नातेदार है । ठेकेदार द्वारा इस शर्त का कोई भंग उसे इस विभाग के ठेकेदार को अनमोदित सूची से हटाए जाने के लिए दायी बनाएगा ।

CLAUSE 40. The contractor shall not be permitted to tender for works in a Circle in the Archaeological Survey of India (responsible for award and execution of contracts) in which his near relative is posted as Junior Accounts Officer or as an officer in any capacity between the grades of the Dy-Superintending Archaeological Engineer and Assistant Superintending Archaeological Engineer (both inclusive). He shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any gazetted officer in the Archaeological Survey of India (or in the Ministry of Education and Culture). Any breach of this condition by the contractor would render him liable to be removed from the approved list of contractors of this Department.

टिप्पण:—"निकट नातेदार" पद से पत्नी, पति, माता-पिता ओर पितामह-पितामही, संतति और पौत्र-पौत्रियां, भाई और बहनें चाचा-चाची और चचेरे, ममेरे भाई तथा उनके तत्संबंधी ससुराली नातेदार अभिप्रेत हैं ।

Note :—By the terms "near relative" is meant wife, husband, parents and grand parents, children and grand-children, brothers and sisters, uncle aunts, and cousins and their corresponding in-laws.

9—112 D. G. Arch/Survey/ND/83

खण्ड 41. भारत सरकार के इंजीनियरी विभाग में इंजीनियर या प्रशासनिक कर्तव्यों में नियोजित राजपत्रित रैंक का कोई इंजीनियर या अन्य राजपत्रित आफिसर भारत सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना अपनी निवृत्ति से दो वर्ष की कालावधि तक ठेकेदार के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं है। यह ठेका रद्द किया जा सकता है यदि किसी समय यह पाया जाए कि ठेकेदार या उसका कोई कर्मचारी ऐसा व्यक्ति है जिसने, यथास्थिति निविदा या ठेकेदार की सेवा में लगने से पूर्व भारत सरकार से यथापूर्वोक्त अनुज्ञा अभिप्राप्त नहीं कर ली थी ।

CLAUSE 41. No Engineer of gazetted rank or other gazetted officer employed in engineering or administrative duties in an Engineering Department of the Government of India is allowed to work as a contractor for a period of two years of his retirement from Government service without the previous permission of Government of India. This contract is liable to be cancelled if either the contractor or any of his employees is found at any time to be such a person who had not obtained the permission of Government of India as aforesaid, before submission of the tender or engagement in the contractors' service as the case may be.

खण्ड 42. (1) ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि सामग्री की केवल अपेक्षित मात्रा ही ली जाए। कोई ऐसी सामग्री, जो ठेके के पूरा होने या उसके पर्यवसान के समय अप्रयुक्त बची रहे और पूर्णतः अच्छी दशा में हो, मंडल/शाखा अधिकारी को, यदि वह अपने हस्ताक्षर सहित लिखित सूचना द्वारा ऐसा अपेक्षित करे, ऐसे स्थान पर, जो वह निर्दिष्ट करे, वापस लौटा दी जाएगी। प्रत्येक ऐसी सामग्री के लिए मुजरा विद्यमान बाजार-दर पर दिया जाएगा जो उससे प्रभारित ऐसी रकम से अनधिक होगा जिसमें से उसे सामग्री दिए जाने के समय उद्गृहीत भंडारकरण प्रभार को अपवर्जित कर दी गई हो। ठेकेदार अधिशेष सामग्री को उन भंडारों से ओर को, जहां से यह दी गई थी, वापस लौटाने के लिए धुलाई ओर आनुषंगिक प्रभारों के लिए हकदार भी नहीं होगा ।

CLAUSE 42. (i) The contractor shall see that only the required quantities of materials are got issued. Any such material remaining unused and in perfectly good condition at the time of completion or determination of the contract shall be returned to the Circle/Branch Officer at a place where directed by him, if by a notice in writing under his hand, he shall so require. Credit for such material will be given at the prevailing market rate not exceeding the amount charged from him, excluding the element of storage charges levied at the time of issue of materials to him. The contractor shall not be entitled to cartage and incidental charges for returning the surplus materials from and to the stores wherefrom they were issued.

(ii) कार्य समापन के पश्चात कार्य में उपयोग में लायी जाने वाली सीमेंट की अनुगणित मात्रा के०लो०नि०वि० द्वारा प्रकाशित दिल्ली दर अनुसूची 1977 या स्थानीय लो० नि० वि० की दर अनुसूची यथास्थिति में उपलब्धित विभिन्न कार्य मदों में उपयोग में लायी जाने वाली सीमेंट की मात्रा को दर्शित करने वाले वितरण के आधार पर संगणित की जाएगी। यदि ऐसी मद का निष्पादन किया जाता है जिसके लिए उपर्युक्त विवरणों में सीमेंट की खपत के लिए मानक सूत्र उपलब्ध नहीं है तो यह संबद्ध मंडल के उप अधीक्षक परातत्वविद् इंजीनियर द्वारा अधिकथित मानक सूत्रों के आधार पर संगणित की जाएगी। सीमेंट की इस अनुगणित मात्रा पर ऐसे कार्यों के लिए जिनकी यथा निविदत्त प्राक्कलित लागत 2 लाख रुपये से अधिक नहीं है, 5% धन/ऋण तक और ऐसे कार्यों के लिए जिनकी यथा निविदत्त प्राक्कलित लागत 2 लाख रु० से अधिक किन्तु 5 लाख रु० तक है, 4% धन/ऋण तक और ऐसे कार्यों के लिए जिनकी यथा निविदत्त प्राक्कलित लागत 5 लाख रु० से

(ii) After the completion of the work theoretical quantity of cement to be used in the work shall be calculated on the basis of statement showing quantity of cement to be used in different items of work provided in Delhi Schedule of Rates '77 printed by C.P.W.D. or local P.W.D. Schedule of rates, as the case may be. In case any item is executed for which standard constants for the consumption of cement are not available in the above mentioned statement, the same shall be calculated on the basis of standard formulae to be laid down by the Deputy SAE of the Circle concerned. Over this theoretical quantity of cement shall be allowed a variation upto 5% plus/minus for works the estimated cost of which as put to tender is not more than Rs. 2 lakhs; upto 4% plus/minus for works the estimated cost of which put to tender is more than Rs. 2 lakhs but upto Rs. 5 lakhs and upto 3% plus/minus for works the estimated

अधिक है, 3% धन/ऋण तक फेरफार अनुज्ञात किया जाएगा । ठेकेदार को वस्तुत: दी गई सीमेंट की मात्रा और प्राधिकृत फेरफारों को सम्मिलित करते हुए अनुगणित मात्रा का अन्तर, यदि वह ठेकेदार द्वारा वापस नहीं कर दिया गया है जो सामग्रियों की वापसी के संबंध में ठेके को शासित करने वाली सुसंगत शर्तों के उपबंध पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना भंडारकरण प्रभारों को सम्मिलित करते हुए निर्गम दर के दुगने के हिसाब से वसूल किया जाएगा । यह पाए जाने की दशा में उपयोग में लाई गई सीमेंट की मात्रा इससे पूर्व उपबंधित (ऊपर अनुबद्ध ऋणात्मक फेरफारों को अनुज्ञात करके) अभिनिश्चित मात्रा से कम है, इस प्रकार अप्रयुक्त सीमेंट की मात्रा की लागत अनुबद्ध निर्गम दर के, जिसमें भंडारकरण प्रभार और कार्य स्थल तक ढुलाई सम्मिलित है, आधार पर ठेकेदार से वसूल की जाएगी ।

(iii) पूर्वगामी उपखण्ड के उपबन्ध इस्पात प्रबलन या संरचनात्मक इस्पात की दशा में, इस बात को छोड़कर कि इस्पात की अनुगणित मात्रा प्राधिकृत लेपेजा, घन टुकड़ों में काटने के कारण 5% छीजन को सम्मिलित करते हुए ऐसी मात्रा के रूप में समझी जाएगी जैसी कि डिजाइन के अनुसार है या मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा प्राधिकृत है, लागू होंगे । इस अनुगणित मात्रा पर, धन 5% और ऋण 4% छीजन के अधिक या कम होने के कारण फेरफार के रूप में अनुज्ञात किए जाएंगे ।

(iv) कार्य समापन के बाद कार्य में उपयोग में लायी जाने वाली अनुगणित बिटुमेन की मात्रा दिल्ली दर अनुसूची में उपबन्धित विभिन्न कार्य मदों के उपयोग में लायी जाने वाली बिटुमेन की मात्राओं को दर्शित करने वाले कें लो० नि० वि० के विवरण के आधार पर संगणित की जाएगी अथवा उन करारों के मामले में जो दिल्ली दर अनुसूची की प्रयुक्ति उपबंधित या प्राधिकृत नहीं करते हैं, कार्य में उपयोग में लायी जाने वाली बिटुमेन की अनुगणित मात्रा संबद्ध मंडल के अधीक्षक इंजीनियर द्वारा अधिकथित मानक सूत्रों के आधार पर संगणित की जाएगी और उक्त अनुगणित बिटुमेन की मात्रा पर $2\frac{1}{2}$% तक धन (अधिक) के फेरफार अनुज्ञात किये जाएंगे ।

जहां करार में बिटुमेन की मुफ्त सप्लाई का उपबंध करते हैं, वहां ठेकेदार को वास्तव में जारी बिटुमेन की मात्रा और उपर्युक्त प्राधिकृत घट बढ़ सहित अनुगणित मात्रा के अन्तर का मूल्य या कीमत यदि ठेकेदार द्वारा वापस नहीं किया जाता है तो सामग्री की वापसी के बारे में ठेकेदार को शासित करने वाली संबंधित शर्तों पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले जारी करने की दर की दुगनी दर से वसूल किया जाएगा । इसके पता चलने पर कि ठेकेदार द्वारा प्रयुक्त

cost of which put to tender is above Rs. 5 lakhs. The difference in the quantity of cement actually issued to the contractor and the theoretical quantity including authorised variations, if not returned by the contractor shall be recovered at twice the issue rate without prejudice to the provisions of the relevant conditions regarding return of materials governing the contract. In the event of it being discovered that the quantity of cement used is less than the quantity ascertained as hereinbefore provided (allowing variations on the minus side as stipulated above), the cost of tht quantity of cement not so used shall be recovered from the contractor on the basis of stipulated issue rate and cartage to site.

(iii) The provisions of the foregoing subclause shall apply in the case of steel reinforcement or structural steel sections, except that the theoretical quantity of steel shall be taken as the quantity required as per design or as authorised by the Circle/Branch Officer, including authorised lappages, plus 5% wastage due to cutting into pieces. Over this theoretical quantity, plus 5% minus 4% shall be allowed as variation due to wastage being more or less.

(iv) After the completion of the work, the theoretical quantity of bitumen to be used on works shall be calculated on the basis of C.P.W.D.'s statement showing quantities of bitumen to be used in different items of work provided in the Delhi Schedule of Rates or in respect of agreements which do not provide for or authorise application of Delhi Schedule Rates the theoretical quantity of bitumen to be used in works shall be calculated on the basis of standard formulae as laid down by S.E. of the concerned circle and over the said theoretical quantity of bitumen, a variation upto plus (excess) $2\frac{1}{2}$% shall be allowed.

The agreements which provide for free supply of bitumen the value or price of the difference in the quantity of bitumen actually issued to the contractor and the theoretical quantity including the above mentioned authorised variation, if not returned by the contractor shall be recovered at twice the issue rate without prejudice to the relevant conditions in the agreements regarding return of materials governing the contract. In the event of it being discovered that the quantity of bitumen used

बिटुमेन की मात्रा पूर्वोक्त रीति से परिकलित मात्रा से कम है तो प्रयुक्त बिटुमेन की कम मात्रा के लिए कोई वसूली नहीं की जाएगी।

जहां करार नियत दर पर बिटुमेन की सप्लाई करने का उपबंध करते हैं, वहां ठेकेदार को वास्तव में जारी बिटुमेन की मात्रा और उपर्युक्त प्राधिकृत घटबढ़ सहित अनुगणित मात्रा के अन्तर का मूल्य या कीमत यदि ठेकेदार वापस नहीं करता है तो सामग्री की वापसी के बारे में ठेके को शासित करने वाली संबंधित शर्तों पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले जारी करने की दर की दुगुनी दर से वसूल किया जाएगा। इसके पता चलने पर कि ठेकेदार द्वारा प्रयुक्त बिटुमेन की मात्रा उपर्युक्त रीति से परिकलित मात्रा (निम्न ओर की घटबढ़ रहित) से कम है तो इस प्रकार अप्रयुक्त बिटुमेन की मात्रा ठेकेदार से निर्धारित निर्गम दर में स्थल तक की ढुलाई भाड़ा को जोड़कर जो आये, उसके आधार पर वसूल की जाएगी।

(v) ऊपर किए गए उपबंध, विहित विनिर्देश के अनुसार कार्य न करने के लिए ठेके की शर्तों के अधीन ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के सरकार के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना है।

संघर्षों या युद्ध जैसी संक्रियों के परिणामस्वरूप कार्यों को क्षति पहुंचने से संबंधित खण्ड।

खण्ड 43. जब तक कार्य, मंडल/शाखा अधिकारी को परिदत्त नहीं कर दिया जाता और उससे प्रभाव का प्रमाण-पत्र प्ररिज्ञत नहीं कर लिया जाता तब तक कार्य (चाहे पूर्णतः निर्मित हो अथवा नहीं) और उससे संबंधित सब सामग्री, मशीनें, औजार और संयंत्र, पाड़, अस्थायी भवन और अन्य वस्तुएं, ठेकेदार के जोखिम पर रहेंगी। कार्य या उसमें लगाने के लिए स्थल पर उचित रूप से लाई गई किसी सामग्री को संघर्षों, प्राकृतिक संकटों या युद्ध जैसी संक्रियाओं के परिणामस्वरूप क्षति होने अथवा उसके नष्ट होने की दशा में ठेकेदार मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा लिखित आदेश दिए जाने पर कार्यस्थल से मलबे को हटाए और क्षतिग्रस्त कार्य से उद्धारित और काम में आने लायक सारी सामग्री इकठ्ठी करेगा और उसका उचित रूप से ढेर लगाएगा अथवा उसे भंडार में ले जाएगा तथा मलबे को कार्यस्थल से साफ करने के काम में आने लायक सामग्री का ढेर लगाने या उसे हटाने के कार्य के लिए और मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा आदिष्ट समस्त कार्य को फिर से पूरा करने के लिए इस करार के उपबंध के अनुसार ठेके की दरों पर संदाय किया जाएगा और इस प्रकार का संदाय क्षतिग्रस्त या नष्ट होने के पूर्व

by the contractor is less than the quantity calculated in the manner aforesaid, there shall be no recovery for less use of bitumen.

The agreements which provide for supply of bitumen at a fixed rate, the value or price of the difference in the quantity of bitumen actually issued to the contractor and the theoretical quantity including the above mentioned authorised variation, if not returned by the contractor shall be recovered at twice the issue rate of bitumen without prejudice to the relevant conditions in the agreements regarding return of materials governing the contract. In the event of it being discovered that the quantity of bitumen used by the contractor is less than the quantity calculated in the manner aforesaid (no variation on the lower side) quantity of bitumen not so used shall be recovered from the contractor on the basis of stipulated issue rate plus cartage thereof upto site.

(v) The provisions made above are without prejudice to the right of the Government to take action against the contractor under the conditions of the contract for not doing the work according to the prescribed specification.

Clause pertaining to damage to works in consequence of hostilities or warlike operations.

खण्ड 10.—सरकार द्वारा पूर्ति किये गये सामान.—यदि विनिर्देश या मद सूची में प्रभारी इंजीनियर के भंडार से पूर्ति किये जाने वाले विशेष विवरण वाले सामान का प्रयोग करना उपबंधित हो या उसमें यह अपेक्षित हो कि ठेकेदार इसके साथ संलग्न सामग्री सूची में यथादर्शित विशेष सामान का ही प्रयोग करेगा जिसकी पूर्ति प्रभारी इंजीनियर द्वारा की जाएगी तो ठेकेदार इसके प्रबंध के लिए आबद्ध होगा और उस ठेके के प्रयोजन से उसके द्वारा प्रयोग के लिए समय-समय पर अपेक्षित सामग्री और सामान की पूर्ति की जाएगी और उक्त सामग्री-सूची में विनिर्दिष्ट दरों पर पूर्ति की गई ऐसी सामग्री और सामान की पूर्ण मात्रा के मूल्य का मुजरा कर लिया जाएगा या बाद में ठेके के अधीन ठेकेदार को देय किसी भी राशि से या अन्यथा या प्रतिभूति निक्षेप में से या उसके विरुद्ध या यदि वह सरकारी प्रतिभूति के रूप में रखा हुआ हो तो उसके या उसके पर्याप्त भाग के, यदि इस प्रयोजन से उसका विक्रय किया जाए तो उसके विक्रय आगम से काट लिया जाएगा ठेके और/अथवा पुरातत्व निर्माण कार्य संहिता के अन्य किसी खंड में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के बावजूद ठेकेदार को दिये गये या सरकार की सहायता से उपलब्ध कराये गये ऐसे सामान/सामग्री सरकार की पूर्ण सम्पत्ति होगी और वह ठेकेदार उस सामान/सामग्री का न्यासी होगा, और उक्त सामान/सामग्री किसी लेखे पर कार्य स्थल से हटाया/निपटाया नहीं जाएगा और प्रभारी इंजीनियर द्वारा निरीक्षण हेतु सर्वदा खुला रहेगा। ऐसे शेष अप्रयुक्त सामान/सामग्री प्रभारी इंजीनियर द्वारा अपेक्षा करने पर स्वहस्तलिखित नोटिस द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर वापस किया जाना चाहिए, किन्तु ठेकेदार ऐसी सामग्री की वापसी करने के लिए तब तक हकदार नहीं होगा, जब तक कि सामान/सामग्री की ऐसी वापसी सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से की गयी हो और उपर्युक्त के अनुसार ठेकेदार को ऐसे सप्लाई किये गये सामान/सामग्री के लिए किसी प्रकार का दावा करने का हक नहीं होगा और उसके द्वारा प्रयुक्त न हुआ हो अथवा ऐसे सामान/सामग्री बर्बाद हो गये हों, या उसे क्षति पहुंची हो ।

CLAUSE 10.—Stores Supplied by Government.—If the specification or schedule of items provides for the use of any special description of materials to be supplied from Engineer-in-Charge's stores or if it is required that the contractor shall use certain stores to be provided by the Engineer-in-Charge as shown in the schedule of materials hereto annexed, the contractor shall be bound to procure and shall be supplied such materials and stores as are from time to time required to be used by him for the purposes of the contract only, and the value of the full quantity of materials and stores so supplied at the rates specified in the said schedule of materials may be set off or deducted from any sums then due, or thereafter to become due to the contractor under the contract, or otherwise or against or from the security deposit, or the proceeds of sale thereof, if the same is held in Govt. Securities, the same or a sufficient portion thereof being in this case sold for the purpose. Notwithstanding anything to the contrary contained in any other clause of the contract and (or the A. W. Code) all stores/materials so supplied to the contractor or procured with the assistance of the Govt. shall remain the absolute property of Government and the contractor shall be the trustee of the stores/materials; and the said stores/materials shall not be removed/disposed of from the site of the work on any account and shall be at all times open to inspection by the Engineer-in-Charge of works. Any such stores/materials remaining unused shall be returned to the Engineer-in-Charge at a place directed by him if by a notice in writing under his hand he shall so require, but the contractor shall not be entitled to return any such materials; such return of materials/stores takes place with the previous approval of the competent authority and shall have no claim for compensation on any account of such stores/materials so supplied to him as aforesaid and not used by him or for any wastage in or damage to in such stores/materials.

ठेकेदार प्रभारी इंजीनियर द्वारा सामग्री/सामान को वापस करने की मांग किये जाने पर उस सामग्री/सामान की दशा पर उचित ध्यान देते हुए निर्धारित कीमत

On being required to return the stores/materials, the contractor, shall hand over the stores/materials on being paid or credited

को अदा करने या नामे जमा करने पर वह सामग्री/सामान सुपुर्द करेगा । तथापि ठेकेदार की अनुज्ञात कीमत गोदाम प्रभार यदि कोई हो, के अलावा उससे ली गई राशि से अधिक नहीं होगी । प्रभारी इंजिनियर का निर्णय अन्तिम और निश्चायक होगा । उपर्युक्त शर्त के भंग किये जाने पर लाइसेंसों या परमिट के निबंधनों के उल्लंघन और/अथवा आपराधिक न्यास भंग के लिए उत्तरदायी होने के अतिरिक्त ऐसे भंग के परिणामस्वरूप उसे सामान्य तौर पर मिलने वाले सभी लाभों या मुनाफों के लिए वह सरकार के दायित्वाधीन होगा । परंतु यह कि ठेकेदार किसी भी स्थिति में ऐसे सभी या किसी सामान और सामग्री की पूर्ति या आपूर्ति में विलंब होने के कारण किसी प्रतिपूर्ति या हानि का हकदार नहीं होगा । परंतु यह भी कि यदि सरकार उस सामान के पूर्ति कार्य की समाप्ति उसके लिए नियत समय उसके 50% समय को जोड़कर जो समय आये, उसके भीतर यदि कार्य समापन का समय 12 मास से अधिक हो तो नियत समय में 6 मास जोड़कर जो समय आये उसके भीतर कर देती है तो ठेकेदार संपूर्ण कार्य के निष्पादन के लिए आबद्ध होगा किन्तु यदि उक्त कालावधि के भीतर सामान के कुछ भाग की पूर्ति की गई हो तो ठेकेदार उतना ही कार्य कराने के लिए आबद्ध होगा, जितना उक्त कालावधि में प्रदत्त सामान और सामग्री से कराना संभव होगा । शेष काम को पूरा करने के लिए ठेकेदार उतना और समय बढ़वाने का हकदार होगा जितना मंडल/शाखा अधिकारी निर्णय करेंगे, जिनका निर्णय इस संबंध में अन्तिम होगा ।

खण्ड 10-क.— मंडल/शाखा अधिकारी को परिसर से सभी सामग्रियों को, जो उसकी राय में विनिर्देश के अनुसार नहीं है, हटवाने की पूर्ण शक्तियां होंगी और व्यतिक्रम की दशा में, मंडल/शाखा अधिकारी उसे हटवाने के लिए अन्य व्यक्तियों को नियोजित करने के लिए स्वतंत्र होगा और ऐसा करने में ऐसी सामग्री को होने वाली हानि या नुकसान के लिए उत्तर या लेखा देने का दायी नहीं होगा । मंडल/शाखा अधिकारी को उसके स्थान पर उचित सामग्री जाने की अपेक्षा करने की पूर्ण शक्तियां होंगी और व्यतिक्रम की दशा में मंडल/शाखा अधिकारी उनका प्रदाय कराएगा और ऐसे हटाए जाने या प्रतिस्थापन में जो खर्च आएगा वह ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा ।

खण्ड 10-ख.—मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाने वाले प्ररूप में इन्डेचर पर हस्ताक्षर करने पर ऐसी सामग्रियों का 75 प्रतिशत प्राक्कलित मूल्य कार्य

such price as the Engineer-in-Charge shall determine, having due regard to the condition of the stores/materials. The price allowed to the contractor, however, shall not exceed the amount charged to him, excluding the storage charge, if any. The decision of the Engineer-in-Charge shall be final and conclusive. In the event of breach of the aforesaid condition, the contractor shall in addition to throwing himself open to account for contravention of the terms of the licences or permit and /or for criminal breach of trust, be liable to Govt. for all advantages or profits resulting or which in the usual course would have resulted to him by reason of such breach. Provided that the contractor shall in no case be entitled to any compensation or damages on account of any delay in supply or non-supply thereof all or any such materials and stores. Provided further that the contractor shall be bound to execute the entire work if the materials are supplied by the Govt. within the scheduled time for completion of the *work plus* 50% *thereof/scheduled time plus 6 months* if the time of completion of the work exceeds 12 months but if a part only of the materials has been supplied within the aforesaid period than the contractor shall be bound to do so such of the work as may be possible with the materials and stores supplied in the aforesaid period. For the completion in the rest of work, the contractor shall be entitled of such extension of time as may be determined by the Circle/Branch Officer whose decision in this regard shall be final.

CLAUSE 10-A.—The Circle/Branch Officer shall have full powers to require the removal from the premises of all materials which in his opinion are not in accordance with the specifications and in case of default the Circle/Branch Officer is to be at liberty to employ other persons to remove the same without being answerable or accountable for any loss or damage that may happen or arise to such materials. The Circle/Branch Officer shall also have full powers to require other proper materials to be substituted thereof and in case of default the Circle/Branch Officer may cause the same to be supplied and all costs which may have to be incurred to attend such removal and substitution are to be borne by the contractor.

CLAUSE 10-B.—The contractor on signing an indenture in the form to be specified by the Circle/Branch Officer shall be entitled

के निष्पादित किए जाने के दौरान संदत्त किए जाने का हकदार होगा, जो मंडल/शाखा अधिकारी की राय में अविनश्वर है और ठेके के अनुसार है और जो उसके संबंध में उस स्थल पर लाई गई है और जो मौसम या अन्य कारणों द्वारा नुकसान से बचाव के लिए पर्याप्त रूप से भण्डार में रखी हुई है और या संरक्षित है किन्तु जो, अग्रिम धन दिये जाने के समय कार्य में समाविष्ट नहीं की गई थी। जब वे सामग्रियां जिनकी बाबत इस उपखण्ड के अधीन अग्रिम धन दिया गया है, कार्य में समाविष्ट कर ली गई है तब उस ठेके के किसी खण्ड या खण्डों के अधीन अलग से ऐसे अग्रिम धन की कटौती कर ली जाएगी।

to be paid during the progress of the execution of the work upto 75% of the estimated value of any materials which are in the opinion of the Circle/Branch Officer non-perishable and are in accordance with the contract and which have been brought on the site in connection therewith and are adequately stored and or protected against damage by weather or other causes but which have not at the time of advance been incorporated in the works. When materials on account of which an advance has been made under this sub-clause are incorporated in the work the amount of such advance shall be deducted from the next payment made under any of the clause or clauses of this contract.

खण्ड 10 ग.— यदि कार्यों की प्रगति के दौरान, कार्य में समाविष्ट किसी सामग्री की (जो उसके खण्ड 10 के अनुसार मंडल/शाखा अधिकारी के भण्डार में से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) कीमत में और/या श्रमिकों की मजदूरी में किसी नई विधि या कानूनी नियम या आदेश के प्रवृत्त होने के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप (किन्तु विक्रय कर में किसी तबदीली के कारण नहीं) वृद्धि हो जाती है और ऐसी वृद्धि कार्य के लिए निविदा प्राप्त करने के समय विद्यमान कीमत और/या मजदूरी के दस प्रतिशत से अधिक है, और तदुपरि ठेकेदार (कार्य में समाविष्ट) उस सामग्री की बाबत आवश्यक एवं उचित रूप से ऐसी बढ़ी हुई कीमत और/या कार्य के निष्पादन में नियोजित श्रमिकों की बाबत ऐसी बढ़ी हुई मजदूरी संदत्त करता है तो ठेके की रकम में तदनुसार परिवर्तन कर दिया जाएगा, परन्तु सदैव यह कि इस प्रकार संदेय कोई वृद्धि मंडल/शाखा अधिकारी की राय में (जिसका विनिश्चय अंतिम और आबद्धकर होगा) ठेके के निष्पादन में ऐसे विलम्ब के कारण जो ठेकेदार के नियन्त्रण के भीतर हो, हुई मानी जाएगी।

CLAUSE 10-C.—If during the progress of the works the price of any materials incorporated in the works (not being a material supplied from the Circle/Branch Officer's stores in accordance with Clause to hereof) and/or wages of labour increases as a direct result of the coming into force of any fresh law or statutory rule or order (but not due to any changes in sales tax) and such increase exceeds ten per cent, of the price and/or wages prevailing at the time of receipt of the tender for the work and the contractor thereupon necessarily and properly pays in respect of that material (incorporated in the works) such increased price and/or in respect of labour engaged on the execution of the work such increased wages then the amount of the contract shall accordingly be varied provided always that any increase so payable is not, in the opinion of the Circle/Branch Officer (whose decision shall be final and binding) attributable to delay in the execution of the contract within the control of the contractor.

परन्तु, फिर भी यह वृद्धि उक्त कीमत/मजदूरी के दस प्रतिशत से अधिक नहीं है तो कोई क्षतिपूर्ति नहीं की जाएगी और यदि वह वृद्धि उक्त कीमत/मजदूरी के दस प्रतिशत से अधिक है तो क्षतिपूर्ति 10 प्रतिशत से ऊपर की अतिरिक्त रकम पर ही की जाएगी। परन्तु यह और कि यदि ऐसी वृद्धि ठेके अथवा प्रश्नगत कार्य के पूरा होने की बढ़ी हुई तारीख के बाद प्रवृत्त हुई हो तो कोई ऐसी वृद्धि संदेय नहीं होगी।

Provided, however, no reimbursement shall be made if the increase is not more than 10% of the said prices/wages and if so the reimbursement shall be made only on the excess over 10% and provided further that any such increase shall not be payable if such increase has become operative after the contract or extended date of completion of the work in question.

यदि कार्य की प्रगति के दौरान, कार्य में समाविष्ट किसी सामग्री की (जो उसके खण्ड 10 के अनुसार मंडल/शाखा अधिकारी के भण्डार से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) कीमत और/या श्रमिकों की मजदूरी किसी नई विधि कानूनी नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप

If during the progress of the works the price of any material incorporated in the works (not being a material supplied from the Circle/Branch Officer or incharge of stores in accordance with Clause 10 thereof)

(किन्तु विक्रय कर में तबदीलियों के कारण नहीं) कम हो गई है और ऐसी कमी कार्य के लिए निविदा प्राप्त करने के समय विद्यमान कीमतों और/या मजदूरियों के दस प्रतिशत से अधिक है तो सरकार कार्य में समाविष्ट सामग्रियों (जो इसमें खण्ड 10 के अनुसार मंडल/शाखा अधिकारी के भण्डार से प्रदाय की गई सामग्री नहीं होगी) और/या कार्य के निष्पादन में, ऐसी विधि, कानूनी नियम या आदेश के प्रवृत्त होने की तारीख के पश्चात् से, नियोजित श्रमिकों की बाबत ठेकेदार को शोध्य रकमों में से ऐसी रकम काटने की हकदार होगी जो कार्य के लिए निविदा प्राप्त करने के समय विद्यमान सामग्री की कीमत और/या मजदूरी में से उसके दस प्रतिशत के बराबर घटाकर उसके और ऐसी विधि, कानूनी नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने पर सामग्रियों की कीमत और/या श्रमिकों की मजदूरी के बीच अंतर के बराबर होगी ।

direct result of the coming into force of any fresh law or statutory order (but not due to any change in sales tax) and such decrease reduced to ten percent of the price and/or wages of labour engaged on the execution of the work after the date of coming into force of such law, statutory rule or order, the government shall be entitled to deduct from the dues of the contractor such amount as shall be equivalent to the difference between the prices of materials and/or wages as they prevailed at the time of receipt of tender for the work minus ten per cent, thereof and the prices of materials and/or wages of labour on the coming into force of such law, statutory rule or order.

ठेकेदार इस शर्त के प्रयोजन के लिए ऐसी लेखा बहियां और अन्य दस्तावेज रखेगा जो दावाकृत किसी वृद्धि या उपलब्ध कमी की रकम दिखाने के लिए आवश्यक हो और सरकार के सम्यकतः प्राधिकृत अभिकर्त्ता द्वारा उसका निरीक्षण अनुज्ञात करेगा और इसके अतिरिक्त मंडल/शाखा अधिकारी के निवेदन पर इस प्रकार रखे गये कोई दस्तावेज और ऐसी जानकारी जैसी मंडल/शाखा अधिकारी अपेक्षित करें ऐसी रीति में सत्यापित रुप में देगा जैसा मंडल/शाखा अधिकारी अपेक्षित करें ।

The contractor shall for the purpose of this conditions keep such books of account and other documents as are necessary to show the amount of any increase claimed or reduction available and shall allow inspection of the same by a duly authorised representative of Government and further shall at the request of the Circle/Branch Officer furnish and have verified in such a manner as the Circle/Branch Officer may require, any documents so kept and such other information as the Circle/Branch Officer may require.

ठेकेदार किसी ऐसी सामग्री की कीमत और/या श्रमिकों की मजदूरी में परिवर्तन होने की जानकारी मिलने पर प्रतिनियुक्त समय के भीतर मंडल/शाखा अधिकारी को यह बताते हुए नोटिस देगा कि यथोक्त बातें और उससे संबद्ध समस्त जानकारी जो वह देने की स्थिति में होता इस शर्त के अनुसरण में दी जा रही है ।

The contractor shall within a reasonable time of his becoming aware of any alteration in the price of any such material and/or wages of labour give notice thereof to the Circle/Branch Officer stating that the same is given pursuant to this condition together with all information relating thereto which he may be in a position to supply.

खण्ड 10-घ.—ठेकेदार किसी संरचना को तोड़ने, निर्माण कार्य आदि के लिए स्थल की खुदाई के दौरान प्राप्त सभी संपत्तियों को सरकारी संपत्ति समझेगा और ऐसी सामग्री का निपटान मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार सरकार के सर्वोत्तम लाभ के लिए किया जाएगा । ठेकेदार द्वारा नींव आदि की खुदाई के दौरान या निर्माण कार्य की खुदाई के दौरान, यदि किसी प्राचीन संरचना या पुरावशेषों का पता चलता है या उसकी प्राप्ति होती है तो वह निर्माण कार्य तब तक के लिए स्थगित कर दिया जाएगा जब तक कि वे मंडल/शाखा अधिकारी या उसके प्रतिनिधि उस स्थल का निरीक्षण न कर लें जिसे ठेकेदार या निर्माण कार्य के प्रभारी अधिकारी ऐसी प्राप्ति की सूचना तुरंत देंगे ।

CLAUSE 10D.—The contractor shall treat all materials obtained during dismantling of structure, excavation of the site for a work etc. as Government's property and such materials shall be disposed of to the best advantage of Govt. according to the instructions in writing issued by the Circle/Branch Officer. During the time of excavation of foundations etc. or otherwise during the excavation of work by the contractor, if any ancient structure or antiquities are unearthed or discovered, the work shall be suspended till such time the site is inspected by the Circle/Branch Officer or his representative to whom such a discovery shall be notified forthwith by the contractor or the officer-in-charge of the work,

खण्ड 10 च.—सीमेंट की वसूली दर में जूट अथवा कागज की बोरियों की कीमत सम्मिलित होगी। ठेकेदार को सीमेंट की बोरी संग्रह करने वाले एजेंटों को काम के लायक हालत वाली जूट वाली सीमेंट की बोरियों में से कम से कम 90 प्रतिशत बोरियां लौटानी होंगी। ठेकेदारों को खाली बोरियों की कीमत का भुगतान, बोरी संग्रह करने वाले एजेंटों द्वारा विद्यमान दरों पर जिन्हें पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय नियत करेंगे, किया जायेगा। ठेकेदार बोरी संग्रह करने वाले एजेंट के नामों की सूची मंडल/शाखा अधिकारी से लिखित रूप में प्राप्त करेगा। ठेकेदार को चाहिए कि वह बोरी संग्रह करने वाले प्राधिकृत एजटों से बोरी लौटाए जाने के सबूत के रूप में उन बोरियों की संख्या लिखा उनके छपे हुए पत्र शीर्ष पर प्रमाण-पत्र अवश्य पेश करें। इस प्रकार का प्रमाणपत्र हरेक चालू बिल पर भुगतान का दावा करते वक्त पेश किया जाना चाहिए। यदि काम के लायक बोरियों की संख्या उन्ह जारी की गई बोरियों के 90% से कम होगी तो ठेकेदार से न्यूनतम संख्या से कम लौटाई गई बोरियों पर एक रुपया प्रति बोरी की दर से हर्जाना वसूल किया जाएगा।

यदि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण निर्माण कार्य में वस्तुत: उपयोग के लिए खाली सीमेंट की बोरियों की अपेक्षा करें तो निर्माण कार्य के प्रभारी मंडल/शाखा अधिकारी को स्वयं बोरियां संग्रह करने की शक्ति होगी और ठेकेदार अच्छी हालत में खाली जूट की बोरियां अपेक्षित संख्या में उसे उन्हीं शर्तों पर वापस करेगा जिन पर बोरियां जमा करने वाले एजटों को दी जाती है।

टिप्पणी : ठेकेदार को चाहिए कि वह सीमेंट फैक्टरियों की बोरी इकट्ठा करने वाले एजेंट को 30 दिन के अन्दर बोरियों को ले जाने के लिए रजिस्ट्री डाक से सूचना भेजे। यदि बोरिया इकट्ठी करने वाला एजेंट निर्धारित समय के भीतर नहीं आता या जहां ऐसे एजेंट कार्य न कर रहे हों या उपलब्ध न हों तो ठेकेदार बोरियों के निपटान के लिए स्वतन्त्र होगा।

विनिर्देशनों, नक्शों-आदेशों आदि के अनुसार कार्य का निष्पादन किया जाना।

खण्ड 11.—ठेकेदार पूरे कार्य को और उसके हर अधिकतम सारवान और कार्य कौशलयपूर्ण रीती से तथा सामग्री और अन्यथा दोनों ही के संबंध में हर प्रकार से विनिर्देशों के अनुसार निष्पादन करेगा। ठेकेदार कार्य की बाबत डिझाइनों आरेखनों और मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित लिखित अनुदेशों के अनुसार यथावत पूर्णत: और निष्ठापूर्वक कार्य करेगा और ठेकेदार को, विनिर्देशों और सभी ऐसे डिजाइनों, आरेखनों और अनुदेशों को जो केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के समय समय पर

CLAUSE 10-E.—The recovery rate of cement is inclusive of cost of jute or paper bags. The contractor shall have to return at least 90% of the cement jute bags in serviceable conditions to the bag collecting agents. The payments for the cost of empty bags will be made to the contractor by the bag collecting agents at the prevailing rates as fixed by the D.G.S.&.D. The contractor shall get the name of the bag collecting agents from the Circle/Branch Officer in writing. The contractor must produce the certificate on the printed letter head from the authorised bag collecting agents as proof for the number of bags returned by him. The certificate must be produced by him while claiming payment against each running bill. In case the number of serviceable bags returned is less than 90% of the bags issued compensation at the rate of Re. 1 per bag returned short of the minimum number shall be recovered from the contractor.

In case empty cement bags are required by Archaeological Survey of India for bona fide use in work, the Circle/Branch Officer in-charge of the work shall have power to collect the bags himself and the contractor shall have to return the desired number of empty jute bags in serviceable condition to him on the same conditions as for bag collecting agents.

NOTE :—The contractor should send registered invitation to the bag collecting agent, of the cement factories for collecting the bags within a period of 30 days. If the bags collection agents fail to turn up within the stipulated period or where no such agents operate or are available, the contractor shall be at liberty, to dispose of the bags.

Work to be executed in accordance with specifications, drawings, orders, etc.

CLAUSE 11.—The contractor shall execute the whole and every part of the work in the most substantial and workmanlike manner and both as regards material and otherwise in every respect in strict accordance with the specifications. The contractor shall also conform exactly fully and faithfully to the designs, drawings and instructions in writing in respect of the work signed by the Circle/Branch Officer and the contractor shall be furnished free of charge one copy of such

प्रवृत्त अद्यतन शुद्धि पत्रों सहित "दिल्ली में कार्यों के लिए विनिर्देश" नामक संग्रह या ठेके में अन्यत्र निर्दिष्ट साधारण विनिर्देशों के बारे में किसी अन्य मुद्रित प्रकाशन में सम्मिलित नहीं है, एक प्रति निःशुल्क दी जाएगी ।

specifications, designs, drawings and instructions as are not included in the Central Public Works Department compilation entitled "Specifications for works at Delhi" with upto date corrections, slips in force from time to time or any other printed publications on General Specifications referred to elsewhere in the contract.

विनिर्देशों और डिजाइनों में परिवर्तन

खण्ड 12.—मंडल/शाखा अधिकारी को मूल विनिर्देशों, आरेखनों, डिजाइनों और अनुदेशों में कार्य की प्रगति के दौरान उसको आवश्यक प्रतीत होने वाले कोई परिवर्तन, लोप, परिवर्धन या उनके प्रतिस्थापन की शक्ति होगी और ठेकेदार उन अनुदेशों के अनुसार कार्य करेगा जो उसे लिखित रूप में मंडल शाखा / अधिकारी द्वारा दिये गये और हस्ताक्षरित हों और ऐसे परिवर्तन, लोप, परिवर्धन या प्रतिस्थापना से ठेका अवधि मान्य नहीं होगा और कोई परिवर्तित अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य जिसे कार्य के भाग के रूप में ठेकेदार को ऊपर विनिर्दिष्ट रीति में करने के लिए निर्दिष्ट किया जाए ठेकेदार द्वारा सभी दृष्टियों से उन्हीं शर्तों पर किया जाएगा जिन पर वह मुख्य कार्य करने के लिए सहमत हुआ है। कार्य पूरा करने के लिए समय उसी अनुपात में बढ़ाया जाएगा जो अनुपात परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य और मूल ठेके के कार्य के बीच है और ऐसे अनुपात के बारे में मंडल/शाखा अधिकारी का प्रमाण-पत्र निश्चायक होगा इसके अतिरिक्त ठेकेदार को इस प्रकार बढ़ाए गए समय के 25 प्रतिशत तक की अतिरिक्त कालावधि अनुज्ञात की जाएगी। इस खण्ड के अधीन ऐसे अतिरिक्त, परिवर्तित या प्रतिस्थापित कार्य के लिए दरें निम्नलिखित उपबन्धों के अनुसार उनके अपने अपने क्रम में निकाली जाएगी ;

(i) यदि अतिरिक्त, परिवर्तित या प्रतिस्थापित कार्य के लिए दरें कार्य के ठेके में विनिर्दिष्ट है तो ठेकेदार अतिरिक्त, परिवर्तित या प्रतिस्थापित कार्य उन्ही दरों पर पूरा करेगा जो कार्य के ठेके में विनिर्दिष्ट है ।

(ii) यदि अतिरिक्त, परिवर्तित या प्रतिस्थापित कार्य के लिए दरें कार्य के ठेके में विनिर्दिष्टत: उपबंधित नहीं है तो दरें वैसे ही वर्ग के कार्य के लिए दरों में से ली जाएगी जो कार्य के ठेके में विनिर्दिष्ट है ।

Alterations in specification and designs.

CLAUSE 12.—The Circle/Branch Officer shall have power to make any alterations in omissions from, additions to, or substitutions for, the original specifications, drawings, designs and instructions that may appear to him to be necessary during the progress of the work and the contractor shall carry out the work in accordance with any instructions which may be given to him in writing signed by the Circle/Branch Officer, and such alterations, omissions, additions or substitutions shall not invalidate the contract and any altered additional or substituted work which the contractor may be directed to do in the manner above specified as part of the work shall be carried out by the contractor on the same conditions in all respects on which he agreed to do the main work. The time for the completion of the work shall be extended in the proportion that the altered, additional or substituted work bears to the original contract work and the certificate of the Circle/Branch Officer shall be conclusive as to such proportion. Over and above this, a further period to the extent of 25 percent of such extension shall be allowed to the contractor. The rates for such additional altered or substituted work under this clause shall be worked out in accordance with the following provisions in their respective order ;

(i) If the rates for the additional, altered or substituted work are specified on the contract for the work, the contractor is bound to carry out the additional, altered or substituted work at the same rates as are specified in the contract for the work.

(ii) If the rates for the additional, altered or substituted work are not specifically provided in the contractor for the work, the rates will be derived from the rates for a similar class of work as are specified in the contract for the work.

(iii) यदि परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य में कोई ऐसा कार्य सम्मिलित है जिसके लिए दर कार्य के ठेके में विनिर्दिष्ट नहीं की गई हैं और उसके लिए दरें ठेके में वैसे ही कार्य से नहीं ली जा सकती है तो ऐसा कार्य*————————
————————————

[*यहां दरों की वह अनुसूची लिखिए जो लागू हो।]

में प्रविष्ट दरों पर जिसमें से ऐसी प्रतिशतता जो कुल निविदत्त रकम की निविदत्त समस्त कार्य की प्राक्कलित लागत पर आती है, घटा/जोड़ दी गई हो।

(iv) यदि परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य के लिए दरें ऊपर उप-खण्ड (i) से (iii) तक में विनिर्दिष्ट रीति में अवधारित नहीं की जा सकती है तो ऐसे कार्य के लिए दर ऊपर विनिर्दिष्ट जिले की दर सूची के आधार पर उसमें उस प्रतिशतता को जोड़ या घटाकर निकाली जाएंगी जो कि निविदत्त कुल रकम को निविदत्त सम्पूर्ण कार्य की प्राक्कलित लागत से है। परन्तु सदैव यह कि यदि किसी कार्य के विशिष्ट भाग या भागों के लिए दर, दर सूची में नहीं है तो ऐसे भाग या भागों के लिए दर मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा उस समय की, जब कि कार्य किया गया विद्यमान बाजार दरों पर अवधारित की जाएगी।

(v) यदि परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य के लिए दरें ऊपर के उप-खण्ड (i) से (iv) तक विनिर्दिष्ट रीति से अवधारित नहीं की जा सकती है तो ठेकेदार कार्य करने के लिए आदेश की प्राप्ति की तारीख से 7 दिन के भीतर ऐसी दर की जैसी कि वह ऐसे कार्य-वर्ग के लिए प्रमाणित करना चाहता है इत्तिला, दावाकृत दर या दरों के विश्लेषणों के सहित, मंडल/शाखा अधिकारी को देगा और मंडल/शाखा अधिकारी विद्यमान बाजार दरों के आधार पर दर या दरें अवधारित करेगा और ठेकेदार को तदनुसार संदाय करेगा। किन्तु मंडल/शाखा अधिकारी लिखित सूचना द्वारा ऐसे कार्य-वर्ग को करने के लिए अपने आदेश को रद्द करने के लिए स्वतंत्र होगा और उसे ऐसी रीति में कराने की व्यवस्था कर

(iii) If the altered, additional or substituted work includes any work for which no rate is specified in the contract for the work and cannot be derived from the similar class of work in the contract, then such work shall be carried out at the rates entered in*......................................
....

[*Add here the schedule of rates applicable.]

minus/plus percentage which the total tendered amount bears to the estimated cost of the entire work put to tender.

(iv) If the rates for the altered, additional or substituted work cannot be determined in the manner specified in sub-clauses (i) to (iii) above, then the rates for such work shall be worked out on the basis of the Schedule of rates of the District, specified above minus/plus the percentage which the total tendered amount bears to the estimated cost of the entire work put to tender. Provided always that if the rate for a particular part or parts of the item is not in the Schedule of Rates, the rate for such part or parts will be determined by the Circle/Branch Officer on the basis of the prevailing market rates when the work was done.

(v) If the rates for the altered additional or substituted work cannot be determined in the manner specified in sub-clauses (i) to (iv) above, then the contractor shall within 7 days of the date of receipt of order to carry out the work, inform the Circle/Branch Officer of the rate which it is his intention to charge for such class of work, supported by analysis of the rate or rates claimed, and the Circle/Branch Officer shall determine the rate or rates on the basis of prevailing market rates, and pay the contractor accordingly. However, the Circle/Branch Officer, by notice in writing, will be at liberty to cancel his order to carry out such class of work and arrange to carry it out in such manner as he may consider advisable. But under no circumstances, the

सकेगा जो वह वांछनीय समझे । किन्तु किसी भी परिस्थिति में ठेकेदार कार्य को इस दलील के आधार पर स्थगित नहीं करेगा कि इस खण्ड के अंतर्गत कार्यों की द॰ निर्धारित की हुई हैं ।

(vi) नींवों से संबंधित मद्दों के सिवाय, ऊपर के उप-खण्ड (1) से (v) तक में अन्तर्विष्ट उपबंध ठेके अथवा ऐसे प्रतिस्थापित मद्दों को लागू नहीं होंगे जो निविदा दस्तावेजों में निम्नलिखित निबन्धनों के अधीन रहते हुए "उपर्वणित प्रतिशतता" (जिसे इसमें इसके नीचे "विचलन परिसीमा" कहा गया है) से अधिक हो जाएं :—

(क) उपर्युक्त विचलन परिसीमा, आदिष्ट सभी परिवर्धनों और कटोतियों का अंतिम प्रभाव (बीजीय योग) है ।

(ख) किसी भी दशा में परिवर्धन/कटौतियां (गणितीय योग) विचलन परिसीमा के दुगने से अधिक नहीं होगा ।

(ग) ठेके में सम्मिलित किसी एकल व्यवसाय को मद्दों पर आदिष्ट विचलन ठेके में उस व्यवसाय के सम्पूर्ण मूल्य के 50% के बराबर जोड़कर या घटाकर जो आए उनसे अथवा विचलन परिसीमा के आधे से इनमें जो भी कम हो, अधिक नहीं होंगे ।

(घ) किसी एकल व्यवसाय की ऐसे मद्दों के परिवर्धनों का मूल्य, जो ठेके में पहले ही सम्मिलित न किया गया हो, विचलन परिसीमा के 10% से अधिक नहीं होगा ।

इस प्रयोजन के खंड 12 (vi) तक लागू होंगे । निम्नलिखित निर्माण कार्य नींव से संबंधित निर्माण कार्य माने जाएंगे :—

(i) भवनों की चहार दीवारी के मामले में कुर्सी स्तर या भूमि तल से 1.2 मीटर ऊपर तक इनमें जो भी निम्नतर होगा, इसमें फर्शीकरण और डी॰ पी॰ सी॰ की मदें भी शामिल हैं किन्तु, इसमें फर्श के नीचे का कंक्रीट आधार भी शामिल होगा ।

(ii) पायों के अन्त्याधारों, पुलियों की पुश्ता दीवारों और जलाशयों के पुलों की दीवारों के मामलों में फर्श स्तर के तल ।

contractor, shall suspend the work on the plea of non-settlement of rates of items falling under this clause.

(vi) Except in case of items relating to foundations, provisions contained in sub-clauses (i) to (v) above shall not apply to contract or substituted items as individually exceed the percentage set out in the tender documents (referred to herein below as 'deviation limit'), subject to the following restrictions :—

(a) The deviation limit referred to above is the net effect (algebraical sum) of all additions and deductions ordered.

(b) In no case shall the additions/deductions (arithmetical sum) exceed twice the deviations limit.

(c) The deviations ordered on items of any individual trade included in the contract shall not exceed plus/minus 50% of the value of that trade in the contract as a whole or half the deviation limit, whichever is less.

(d) The value or additions of items of any individual trade not already included in the contract shall not exceed 10% of the deviation limit.

For the purpose of operation of Clause 12(vi), the following works shall be treated as works relating to foundations :—

(i) For building compound walls plinth level or 1.2 metres (ft) above ground level whichever is lower including item of flooring and D.P.C. but including base concrete below the floors.

(ii) For abutment piers, retaining walls of culverts and bridge walls of water reservoirs, the bed of floor level.

(iii) पुश्ता दीवारों के मामले में जहां फर्श स्तर निर्धारित नहीं है वहां औसत भूमि तक या तल स्तर तक ।

(iv) सड़कों के मामले में खुदाई और भराई की सभी मदें जिसमें उप आधार और मिट्टी का कार्य शामिल है ।

(v) जल पूर्ति के नलों, सीवर नलों, भूमिगत जमा पानी निकालने की नालियों और ऐसे ही कार्य के मामले में भूमि तल से नीचे के निर्माण कार्य की सभी मदें जिसमें जल बिछाने और यथोचित चिनाई कार्य शामिल नहीं है ।

(vi) भूतल पर जमा जल निकास की नालियों के मामले में निर्माण कार्य की सभी मदें जिसमें नालियां बिछाने का कार्य शामिल नहीं है।

टिप्पण.—"एकल व्यवसाय" से अभिप्रेत है व्यावसायिक खण्ड जिनमें करार से उपाबद्ध परिणामों की अनुसूची विभाजित की गई है अथवा ऐसे किसी विभाजन के न होने पर ऊपर विनिर्दिष्ट केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की दरों की अनुसूची के अलग अलग खण्ड उदाहरणार्थ खोदाई और मिट्टी का काम, कंक्रीट, लकड़ी का कंक्रीट, लकड़ी का काम और बढ़ई का काम आदि ।

नींव से संबंधित मदों को छोड़कर उन सभी निर्माण कार्यों की दरें जिनकी दरें व्यतिक्रम सीमा से अधिक होंगी, खंड 12 क में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार निर्धारित की जाएंगी ।

खण्ड 12-क.—नींव कार्य संबंधी उन मद्दों को छोड़कर, जिनको करने की अपेक्षा ऊपर की खण्ड 12 के अधीन ठेकेदार से की गई हो, ठेके की या प्रतिस्थापित ऐसी मद्दों की दशा में, जो ठेके में नियत परिसीमा से अधिक हों और ऐसा आधिक्य विचलन परिसीमा से भी अधिक हो, ठेकेदार आदेश प्राप्त होने से 7 दिन के भीतर विचलन परिसीमा से अधिक परिमाणों के लिए दरों के पुनरीक्षण का दावा उसके समर्थन में उन मद्दों के बारे में उचित विश्लेषण देते हुए करेगा और वह ऐसा दावा इस बात के होते हुए भी करेगा कि ऐसी मद्दों के लिए दरें मुख्य कार्य की निविदा में विद्यमान है या खण्ड 12 के उप-खंड (ii) के उपबन्धों के अनुसार उनका हिसाब लगाया जा सकता है तथा मंडल/शाखा अधिकारी प्रचलित बाजार दरों को ध्यान में रखते

(iii) For retaining walls where floor level is not determinate 1.5 m above the average ground level or bed level.

(iv) For road, all items of excavations and filling including treatment of sub base and soling work.

(v) For water supply lines, sewer lines, underground storm water drains and similar works, all items of work below ground level except item of pipe work and proper masonry work

(vi) For open storm water drains, all items of work except lining of drains.

NOTE :—"Individual trade" means the trade sections into which a schedule of quantities annexed to the agreement has been divided for, in the absence of any such division the individual sections of the C.P.W.D. Schedule of rates specified above, such as, excavation and earthwork concrete, wood work and joinery etc.

The rates of any such work except the items relating to foundations which is in excess of the deviation limit shall be determined in accordance with the provisions contained in Clause 12 A.

CLAUSE 12-A.—In the case of contract substituted items or additional items, which result exceeding the limits laid down in sub-clause (vi) of clause 12, except the items relating to foundation work, which the contractor is required to do under clause 12 above, the contractor shall, within 7 days from the receipt of order, claim revision of the rate supported by proper analysis in respect of such items for quantitites in excess of the deviation limit, notwithstanding the fact that the rates for such items exist in the tender the main work or can be derived in accordance with the provision of sub-clause (ii) of Clause 12, and the Circle/Branch Officer may revise their rates, having regard to the prevailing market rates and the contractor shall be paid in accordance with the rates so fixed.

हुए, उनकी दरों का पुनरीक्षण कर सकेगा और ठेकेदार को ऐसी नियत की गई दरों के अनुसार संदाय किया जाएगा किन्तु मंडल/शाखा अधिकारी को इस बात की स्वतन्त्रता होगी कि वह ठेकेदार को लिखित सूचना देकर ऐसे बढ़े हुए कार्य को निष्पादित कराने के अपने आदेश को रद्द कर दें और उसे ऐसी रीति से कराने की व्यवस्था करे जैसी वह उचित समझे । किन्तु किन्हीं भी परिस्थितियों में ठेकेदार इस दलील के आधार पर कार्य को निलम्बित नहीं करेगा कि इस खण्ड के अधीन आने वाली मदों की दरें तय नहीं हुई हैं ।

The Circle/Branch Officer shall, however, be at liberty to cancel his order to carry out such increased quantities of work by giving notice in writing to the contractor and arrange to carry it out in such manner as he may consider advisable. But, under no circumstances the contractor shall suspend the work on the plea of non-settlement of rates of items falling under this Clause.

पूर्वगामी पैरा के सभी उपबंध विचलन परिसीमा से अधिक परिणामों के लिए मदों की दरों में कमी को इस बात के होते हुए भी कि ऐसी मदों के लिए दरें मुख्य कार्य की निविदा में विद्यमान है या पूर्वगामी खण्ड 12 के उप-खण्ड (ii) के उपबंधों के अनुसार उन का हिसाब लगाया जा सकता है, समान रूप से लागू होंगे और मंडल/शाखा अधिकारी प्रचलित बाजार दरों को ध्यान में रखते हुएऐसी दरों का पुनरीक्षण कर सकेगा ।

All the provisions of the preceding paragraph shall equally apply to the decrease in the rates of items for quantities in excess of the deviation limit, notwithstanding the fact that the rates for such items exist in the tender for the main work or can be derived in accordance with the provisions of sub-clause (ii) of the preceding Clause 12, and the Circle/Branch Officer may revise such rates having regard to the prevailing market rates.

निष्पादित किए जाने वाले कार्य में परिवर्तन या उसके निबंधन के लिए किसी प्रतिकर का दिया न जाना।

No compensation for an alteration in or restriction of work to be carried out.

खण्ड 13.—यदि कार्य प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी समय भारत के राष्ट्रपति किसी भी कारण से यह अपेक्षा न करें कि निविदा में जो कार्य विनिर्दिष्ट है वह सारा का सारा सम्पन्न किया जाए तो मंडल/शाखा अधिकारी इस बात की सूचना ठेकेदार को देगा जो किसी लाभ या फायदे के, जो सम्पूर्ण कार्य को सम्पन्न न करने के परिणामस्वरूप उसे प्राप्त नहीं हुआ, लेखे के किसी भी प्रतिकर के संदाय के लिए दावेदार नहीं होगा और न मूल विनिर्देशों, आरेखनों, डिजाइनों या अनुदेशों में किए गए किन्हीं ऐसे परिवर्तनों के कारण, जिसमें तथा मूलतः अनुध्यात कार्य में कोई काट-छांट अन्तर्वलित हो, प्रतिकर के लिए दावेदार होगा ।

CLAUSE 13.—If at any time after the commencement of the work the President of India shall for any reason whatsoever not require the whole work thereof as specified in the tender to be carried out the Circle/Branch Officer shall give a notice in writing to the effect to the contractor who shall have no claim to any payment of compensation whatsoever on account of any profit or advantage which he might have derived from the execution of the work in full, but which he did not derive in consequence of the full amount of the work not having been carried out, neither shall he have any claim for compensation by reason of any alterations having been made in the original specifications, drawings, designs and instructions which shall involve any curtailment of the work as originally contemplated.

परन्तु ठेकेदार को केवल उतनी ही सामग्री की ढुलाई का प्रभार संदत्त किया जाएगा जितनी ठेकेदार द्वारा वस्तुतः सद्भावपूर्वक, कार्यस्थल पर लाई गई हो और जो कार्य अथवा उसके किसी भाग के परित्याग या काट-छांट के परिणामस्वरूप अधिशेष हो गई हो और ठेकेदार द्वारा वापस ले जाई गई हो । परन्तु फिर भी, मंडल/शाखा अधिकारी को ऐसे सभी मामलों में सम्पूर्ण या ऐसे किसी सामग्री को उसकी क्रय कीमत पर अथवा

Provided that the contractor shall be paid the charges on the cartage only of materials actually and bonafide brought to the site of the work by the contractor and rendered surplus as a result of the abandonment or curtailment of the work or any portion thereof and then taken back by the contractor, provided however, that the Circle/Branch Officer shall have in all such cases the option of taking over

स्थानीय चालू दरों पर इनमें से जो भी कम हो, ले लेने का विकल्प होगा। यदि ऐसा सामान सरकारी भंडारों से जारी किया गया हो और ठेकेदार द्वारा सरकारी भंडार में वापस कर दिया गया हो तो मंडल/शाखा अधिकारी उसे उस दर पर उधार देंगे जो उसे मूलतः जारी की गई दर से अधिक नहीं होगी इसके लिए उसे यह बात ध्यान में रखनी होगी कि ठेकेदार की अभिरक्षा में रहते हुए उस सामान में कितना ह्रास हुआ है अथवा कितनी क्षति हुई है और इस संबंध में मंडल/शाखा अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

खराब काम की दशा में कार्रवाई और संदेय प्रतिकर।

खण्ड 14.—यदि मंडल/शाखा अधिकारी अथवा उसके अधीनस्थ व्यक्ति को जो काम का भारसाधक हो अथवा मुख्यतः तकनीकी परीक्षक को प्रतीत हो कि कोई काम दोषयुक्त, अपूर्ण अथवा अकौशलपूर्ण कार्य कौशल से या किसी घटिया किस्म के सामान का प्रयोग करके किया गया है या यह कि काम के निष्पादन के लिए ठेकेदार द्वारा व्यवस्थित कोई सामग्री अथवा वस्तु दोषयुक्त है या उस सामग्री अथवा वस्तु से घटिया क्वालिटी की है जिसके लिए ठेका हुआ है अथवा अन्यथा ठेके के अनुसार नहीं है, तो ठेकेदार, लिखित रूप में मांग किए जाने पर, जो मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा उस काय सामग्री अथवा वस्तु को विनिर्दिष्ट करते हुए की जाए जिसके विरुद्ध शिकायत है, इस वात के होते हुए भी कि वह कार्य पास कर दिया गया हो, प्रमाणित कर दिया गया हो और उसके लिए संदाय कर दिया गया हो, ऐसे विनिर्दिष्ट कार्य का तुरंत पूर्णतः या भागतः जैसी उससे अपेक्षा की जाए, सुधारेगा या हटाएगा और उसका पुनः सन्निर्माण करेगा अथवा, यथास्थिति ऐसी विनिर्दिष्ट सामग्री या वस्तु को हटा देगा और अपने उचित निजी प्रभार और खर्च पर अन्य उचित और उपयुक्त सामग्री या वस्तुओं की व्यवस्था करेगा और मंडल/शाखा अधिकारी अपनी पूर्वोक्त मांग में जो कालावधि विनिर्दिष्ट करें उसके भीतर यदि ठेकेदार ऐसा करने में असफल रहता है तो, वह निविदा में दी गई प्राक्कलित रकम पर प्रतिदिन, दस दिन से अनधिक, प्रत्येक उस दिन के लिए जब ऐसा करने में उसकी असफलता बनी रहे एक प्रतिशत की दर से प्रतिकर का संदाय करने के दायित्वाधीन होगा तथा ऐसी किसी असफलता की दशा में मंडल/शाखा अधिकारी सामग्री या वस्तुओं को, जिनके विरुद्ध शिकायत की गई है हर प्रकार से ठेकेदार के जोखिम और व्यय पर यथा-स्थिति, सुधार सकेगा या हटा सकेगा और कार्य का पुनः निष्पादन कर सकेगा अथवा उसे हटाकर उसके स्थान पर दूसरी सामग्री या वस्तु लगा सकेगा।

all or part of such materials at their purchase price or at local current rates whichever may be less. In case of such stores having been issued from Government Stores and returned by Contractors to Government Stores, credit shall be given to him by the Circle/Branch Officer at the rates not exceeding those at which they were originally issued to him, after taking into consideration the reduction for claims on account of any deterioration or damage while in custody of the contractor and in this respect the decision of the Circle/Branch Officer shall be final.

Action and compensation payable in case of bad work

CLAUSE 14.—If it shall appear to the Circle/Branch Officer or his authorised subordinate incharge of the work or by the Chief Technical Examiner, that any work has been executed with unsound, inperfect, or unskillfull workmanship or with materials of any inferior description, or that any materials or articles provided by him for the execution of the work are unsound or of a quality inferior to that contracted for or otherwise not in accordance with the contract, the contractor shall on demand in writing which shall be made within six months of the completion of the work from the Circle/Branch Officer specifying the work, materials or articles complained of notwithstanding that the same may have been passed, certified and paid for, forthwith rectify, or remove and reconstruct the work so specified in whole or in part, as the case may require or as the case may be, remove the materials or articles so specified and provide other proper and suitable materials or articles at his own charge and cost, and in the event of his failing to do so within a period to be specified by the Circle/Branch Officer in his demand aforesaid, then the contractor shall be liable to pay compensation at the rate of one per cent on the estimated amount put to tender for every day not exceeding ten days, while his failure to do so shall continue and in the case of any such failure, the Circle/Branch Officer may rectify or remove and re-execute the work or remove and replace with others. The materials or articles complained at or as the case may be at the risk and expenses in all respects of the contractor.

कार्यों का निरीक्षण के लिए खुला रहना ।

खण्ड 15.—ठेके के अधीन अथवा उसके निष्पादन के अनुक्रम में अथवा उसके अनुसरण में निष्पादित सब कार्य हर समय मंडल/शाखा अधिकारी और उसके अधिकृत अधीनस्थ व्यक्तियों के निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए खुले रहेंगे तथा ठेकेदार सामान्य कार्य के घंटों के दौरान हर समय तथा अन्य ऐसे सभी समयों पर जिसके बारे में ठेकेदार को यह उचित सूचना दी जा चुकी है कि मंडल/शाखा अधिकारी या उसका अधीनस्थ कार्य को देखने के लिए आने का इरादा रखता है, या तो स्वयं आदेशों और अनुदेशों को प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहेगा अथवा वह उस प्रयोजन के लिए लिखित रूप में सम्यकतः प्रत्यायित किसी जिम्मेदार अभिकर्ता को उपस्थित रखेगा । ठेकेदार के अभिकर्ताओं को दिए गए आदेशों का उतना ही बल माना जाएगा मानों वे स्वयं ठेकेदार को ही दिए गए थे । काम की प्रगति के दौरान कार्य का निरीक्षण मंडल/शाखा अधिकारी की ओर से मुख्य तकनीकी परीक्षक द्वारा भी किया जा सकता है ।

Works to be open to inspection.

CLAUSE 15.—All works under or in course of execution or executed in pursuance of the contract shall at all times be open to the inspection and supervision of the Circle/Branch Officer and his authorised subordinates, and the contractor shall at times during the usual working hours, and at all other times at which reasonable notice of the intention of the Circle/Branch Officer or his subordinate to visit the works shall have been given to the contractor, either himself be present to receive order and instructions, or have a responsible agent duly accredited in writing present for that purpose. Orders given to the contractor's agent shall be considered to have the same force as if they had been given to the contractor himself. The work during its progress can also be inspected by the Chief Technical Examiner on behalf of the Circle/Branch Officer.

कार्य को ढकने से पूर्व नोटिस का दिया जाना ।

खण्ड 16.—ठेकेदार किसी कार्य को ढकने या अन्यथा उसको ऐसी स्थिति में जिसमें उसकी माप न हो सके लाने से पूर्व मंडल/शाखा अधिकारी अथवा उसके अधीनस्थ व्यक्ति को, जो उस कार्य का भारसाधक हो, कम से कम, सात दिन की लिखित सूचना देगा ताकि उसके इस प्रकार ढके जाने या ऐसी स्थिति में, जिसमें उसकी माप न हो सके, लाए जाने से पूर्व उस की माप की जा सके और उसकी सही लम्बाई, चौड़ाई नापी जा सके और ठेकेदार किसी भी कार्य को मंडल/शाखा अधिकारी अथवा उसके उस अधीनस्थ व्यक्ति को लिखित सम्मति के बिना जो उस कार्य का भारसाधक हो, ढकेगा नहीं अथवा ऐसी स्थिति में नहीं रखेगा कि उसकी माप न हो सके तथा मंडल/शाखा अधिकारी अथवा उसका अधीनस्थ व्यक्ति, जो उस कार्य का भारसाधक हो, सात दिन की उपर्युक्त अवधि के भीतर कार्य का निरीक्षण करेगा और यदि कोई कार्य बिना ऐसी सूचना दिये अथवा मंडल/शाखा अधिकारी की सम्मति प्राप्त किये बिना ढका जाएगा अथवा ऐसी स्थिति में ले आया जाएगा कि उसकी माप न हो सके तो यह कार्य ठेकेदार के खर्चे पर खोल दिया जाएगा अथवा उसके व्यतिक्रम की दशा में इस इस प्रकार के कार्य या उस सामग्री के लिए जिसकी मदद से उसे निष्पादित किया गया था का कोई संदाय या मोक्ष नहीं दिया जाएगा।

Notice to be given before work is covered up.

CLAUSE 16.—The contractor shall give not less than seven days notice in writing to the Circle/Branch Officer or his authorised subordinate in charge of the work before covering up or otherwise placing beyond the reach of measurement any work in order that the same may be measured and correct dimensions thereof be taken before the same is so covered up or placed beyond the reach of masurement and shall not cover up and place beyond the reach of measurement, and work without the consent in writing of the Circle/Branch Officer or his authorised subordinate incharge of the work shall within the aforesaid period of seven days inspect the work, and if any work shall be covered up or placed beyond the reach of measurement without such notice having been given or the Circle/Branch Officer's consent being obtained in the same, shall be uncovered at the contractor's expense, or in default thereof no payment or allowance shall be made for such work or the materials with which the same was executed.

प्रमाण पत्र के पश्चात् विहित अनुरक्षण कालावधि के भीतर किए गए नुकसान और पाई गई अपूर्णता के लिए ।

खण्ड 17.—यदि ठेकेदार या उसके कर्मकार या सेवक किसी ऐसे भवन के, जिसमें वे काम कर रहे हों, किसी भाग को अथवा उस परिसर में जिस पर कोई कार्य या उसका कोई भाग निष्पादित किया जा रहा हो लगे हुए किसी भवन, सड़क के मोड़, बाड़ अहाते, पानी के नल, केबिल, नालियों, विद्युत या टेलीफोन के खम्भों या तारों, पेड़ों, घास या घास के मैदान या जोती गई भूमि को तोड़ेगा विरूपित करेगा, नुकसान पहुंचाएगा या नष्ट करेगा अथवा यदि कार्य में, उसकी प्रगति के दौरान कोई नुकसान किसी भी कारण से हो जाएगा या 6 महीने (40,000 रुपये या उससे कम लागत के सड़क कार्य से भिन्न कार्य के लिए 3 महीने) के अंदर कार्य में कोई खराबी, संकुचन या कोई अन्य दोष, मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा उस कार्य के पूरा होने के अंतिम या अन्यथा प्रमाण पत्र के यथापूर्वोक्त दे दिए जाने के पश्चात् प्रकट होते हैं जो त्रुटिपूर्ण या अनुचित सामग्री या कार्य-कौशल से पैदा हुए हों तो ठेकेदार, उस निमित्त लिखित रूप से सूचना प्राप्त होने पर उसे अपने खर्चे पर ठीक करेगा अथवा व्यतिक्रम होने पर मंडल/शाखा अधिकारी उसे अन्य कर्मकारों से ठीक करा सकेगा और उसके खर्च की कटौती ऐसी किसी राशि में से जो उस समय या तत्पश्चात् किसी समय ठेकेदार को देय हो जाए या एस्फाल्ट के काम से संबंधित भाग के लिए जो खण्ड 35 के उप-पैरा (iii) द्वारा शासित होता है, छोड़कर उसके प्रतिभूति निक्षेप में से अथवा उसके या पर्याप्त भाग के विक्रय आगम में से कर सकेगा ठेकेदार का प्रतिभूति निक्षेप (उस भाग को छोड़कर जो एस्फाल्ट के काम से संबंधित है और जो खण्ड 35 के उप-पैरा (iii) द्वारा शासित होता है) कार्य पूरा होने के अंतिम या अन्यथा प्रमाण-पत्र के, इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो, दिए जाने के पश्चात् 6 मास (सड़क कार्य से भिन्न 40,000 रुपये और उससे कम लागत के किसी कार्य की दशा में तीन मास) की समाप्ति से पूर्व अथवा जब तक कि अंतिम बिल तैयार और पास न हो गया हो, लौटाया नहीं जाएगा । परन्तु सड़क कार्य की दशा में, यदि मंडल/शाखा अधिकारी की राय में प्रतिभूति निक्षेप का आधा भाग ठेकेदार के ठेके के अधीन दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है तो प्रतिभूति निक्षेप का आधा भाग कार्य पूरा होने के उक्त प्रमाण-पत्र के दिए जाने के तीन मास के पश्चात् और बाकी आधा भाग अंतिम बिल के तैयार और पास हो जाने के पश्चात् इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो, उसके पश्चात् विदेय होगा ।

Contractor liable for damage done and for imperfection noticed within the prescribed maintenance period after the certificate.

CLAUSE 17.—If the contractor or his working people or servants shall break, deface, injure or destroy any part of the building in which they may be working, or any building, road, road curbs fence, enclosure, water pipe, cables, drains, electric or telephone post or wires, trees, grass or grassland, or cultivated ground contiguous to the premises on which the work or any part of it is being executed, while in progress, from any cause whatever or if any defect, shrinkage or other faults appear in the work within six months (3 months in the case of any work other than road work costing Rs. 40,000 and below) after a certificate final or otherwise of its completion shall have been given by the Circle/Branch Officer as aforesaid arising out of defective or improper materials or workmanship the contractor shall upon a receipt of a notice in writing on that behalf make the same good at his own expense, or in default the Circle/Branch Officer may cause the same to be made good by other workmen and deduct the expense from any sums that may be then, or at any time thereafter become due to the contractor, or from security deposit, except for the portion pertaining to asphaltic work which is governed by sub-para (iii) of Clause 35 or the proceeds of the sale thereof or of a sufficient portion thereof, the security deposit of the contractor, except the portion pertaining to asphaltic work which shall not be refunded before the expiry of six months (three months in the case of any work other than road work costing Rs. 40,000 and below) after the issue of the certificate final or otherwise, of completion of work, or till the final bill has been prepared and passed whichever is later. Provided that in the case of road work, if in the opinion of the Circle/Branch Officer, half of the security deposit is sufficient to meet all the liabilities of the contractor under this contract, after three months and the remaining half after six months of the issue of the said certificate of completion or bill after the final bill has been prepared and passed whichever is later.

ठेकेदार द्वारा सभी संयंत्र, सीढीयों, पाड़ों आदि का प्रदाय किया जाना।

खण्ड 18.—ठेकेदार कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपने व्यय पर सब सामग्रियों (ऐसी विशेष सामग्रियों के, यदि कोई हो, जिनका प्रदाय ठेके के अनुसार मंडल/शाखा अधिकारी के भंडारों से किया जा सकता हो), संयंत्र, औजारों, साधित्रों, उपकरणों, सीढियों, डोरियों, टेकल पाड तथा कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपेक्षित या उचित अस्थायी संकर्मो का उपबंध करेगा चाहे वे मूल रूप में परिवर्तित अथवा प्रतिस्थापित हो और चाहे ठेके के भाग रूप में विनिर्देशों अथवा अन्य दस्तावेजों में सम्मिलित या इन शर्तों में निर्दिष्ट किए गए हों अथवा नहीं, या जो किसी ऐसे विषय के बारे में मंडल/शाखा अधिकारी की अपेक्षाओं को पूरा करने या उनका अनुपालन करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक हों, जिनके बारे में वह इन शर्तो के अधीन इस बात का हकदार है कि उसका समाधान होना चाहिए या जिनकी वह कार्य स्थल तक और उससे उनके लाने ले जाने समेत अपेक्षा करने का हकदार है। ठेकेदार निःशुल्क साधनों और सामग्रियों सहित अपेक्षित व्यक्तियों को प्रदाय करेगा जो कार्यों का आरंभ करने और किसी भी समय और समय-समय पर कार्य अथवा सामग्री की गणना, तौल और माप या परीक्षा करने में सहायता देने के प्रयोजन के लिए आवश्यक हों, उसके ऐसा करने में असफल रहने पर मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा ठेकेदार के व्यय पर उसकी व्यवस्था की जा सकेगी और जो व्यय होगा उसकी ठेके के अधीन ठेकेदार के शोध्य किसी धन से और या उसके प्रतिभूति निक्षेप या उसके विक्रय के आगमों से या उसके पर्याप्त भाग से कटौती की जा सकेगी।

खण्ड 18-क.—ऐसे प्रत्येक मामले में जिसमें कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 की धारा 12 की उप-धारा (i) के उपबंधों के आधार पर, सरकार ठेकेदार द्वारा कार्यों का निष्पादन करने के लिए बाध्य है, सरकार इस प्रकार संदत्त प्रतिकर की रकम ठेकेदार से वसूल कर लेगी और उक्त अधिनियम की धारा 12 की उप-धारा (ii) के अधीन सरकार के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, सरकार चाहे इस ठेके के अधीन या अन्यथा प्रतिभूति निक्षेप में से या सरकार द्वारा ठेकेदार को शोध्य किसी राशि में से कटौती करके ऐसी रकम या उसका कोई भाग वसूल करने के लिए स्वतंत्र होगी। सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 की उप-धारा (i) के अधीन इसके खिलाफ किए गए किसी दावे का प्रतिवाद करने के लिए तभी बाध्य होगी, जब ठेकेदार ने लिखित प्रार्थना की हो और सरकार को उन सभी खर्चों के लिए जिनके लिए सरकार ऐसे दावे का प्रतिवाद करने के परिणामस्वरूप दायी होगी, पूर्ण प्रतिभूति दे दी हो, अन्यथा नहीं।

Contractor to supply all plant ladders, scaffoldings, etc.

CLAUSE 18.—The contractor shall provide at his own cost all materials (except such special materials, if any, as may in accordance with the contract be supplied from the Circle/Branch Officer's, stores), plant, tools, appliances, implements, ladders, cordage, tackle, scaffolding and temporary works requisite or proper for the proper execution of the work, whether included in the specification of other documents forming part of the contract or referred to in these conditions or not, or which may be necessary for the purpose of satisfying or complying with the requirements of the Circle/Branch Officer as to any matter as to whether included in the specification or other to be satisfied, or which he is entitled to require together with carriage therefor to and from the work. The contractor shall also supply without charge the requisite number of persons with the means and materials, necessary for the purpose of setting out works, and counting, weighing and assisting in measurement or examination at any time and from time to time of the work of materials. Failing his so doing the same may be provided by the Circle/Branch Officer at the expense of the contractor and the expenses may be deducted, from any money due to the contractor, under the contract and/or from his security deposit or the proceeds of sale thereof, or of a sufficient portion thereof.

CLAUSE 18-A.—In every case in which by virtue of the provisions of Section 12, sub-section (i) of the Workmen's Compensation Act, 1923, Government is obliged to pay compensation to a workman employed by the contractor, in execution of the works, Government will recover from the contractor the amount of the compensation so paid; and, without prejudice to the rights of the Government under Section 12, sub-section (ii) of the said Act, Government shall be at liberty to recover such amount or any part thereof by deducting it from the security deposit or from any sum due by Government to the contractor whether under this contract or otherwise Government shall not be bound to contest any claim made against it under Section 12, sub-section (i) of the said act, except on the written request of the contractor and upon his giving to Government full security for all costs for which Government might become liable in consequence of contesting such claim

खण्ड 18-ख.—उन सभी मामलों में जिनमें ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 तथा ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) केंद्रीय नियम, 1971 के उपबन्धों के कारण यदि सरकार को निष्पादित कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा लगाये गये मजदूरों को मजदूरी की कोई भी राशि अदा करने की या उक्त अधिनियम और इसके खंड 19 ख० के अंतर्गत या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेका श्रम विनियमों के अधीन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के ठेकेदारों द्वारा लगाये मजदूरों के लिए स्वास्थ्य की सुरक्षा या स्वच्छता संबंधी प्रबंधों के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर बनाये गये नियमों के अंतर्गत उपलब्ध की जाने वाली कल्याण तथा स्वास्थ्य संबंधी सुविधायें देने में किसी प्रकार के किये गये व्यय के लिए, सरकार द्वारा इस प्रकार अदा की गई मजदूरी की राशि को या इस प्रकार व्यय की गई राशि को ठेकेदार से वसूल करेगी तथा ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 की धारा 20 की उप-धारा (2) तथा धारा 21 की उपधारा (4) के अधीन सरकार के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े बिना सरकार को यह अधिकार होगा कि वे ऐसी राशि या इसके किसी भाग को, धरोहर राशि में से या ठेकेदार द्वारा सरकार को देय किसी भी राशि में से, चाहे वह इस इकरारनामे के अंतर्गत आती हो या किसी अन्य प्रकार से हो, काट ले। सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20 की उप-धारा (1) तथा धारा 21 की उप-धारा (4) के अधीन किये गये किसी दावे के विरुद्ध लड़ने को बाध्य नहीं होगी सिवाय ठेकेदार के लिखित रूप में अनुरोध करने पर तथा वह सरकार को समस्त खर्च के लिए पूर्ण जमानत दे जिसके लिए सरकार ऐसे दावों के विरुद्ध लड़ने में उत्तरदायी हो सके।

श्रमिक

खण्ड 19.—निर्माण कार्य आरंभ होने से पूर्व ठेकेदार ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 तथा ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) केंद्रीय नियम, 1971 के अधीन वैध लाइसेन्स प्राप्त करेगा तथा निर्माण कार्य के समाप्त होने तक वैध लाइसेंस अपने पास रखे रहेगा।

इस आवश्यकता को पूरा न करने की दशा में निर्माण कार्य का निष्पादन न होने से उत्पन्न इस ठेके के दंड विषयक उपबंधों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

उचित मजदूरी खंड

खण्ड 19-अ.—18 वर्ष से कम आयु का कोई श्रमिक कार्य पर नियोजित नहीं किया जाएगा।

CLAUSE 18-B.—In every case in which by virtue of the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 and of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, Government is obliged to pay any amounts of wages to a workman employed by the contractor in execution of the works, or to incur any expenditure in providing welfare and health amenities to the labours employed by the contractors required to be provided under the above said Act and the Rules, under Clause 19H or under the A.S.I. Contract Labour Regulations, or under the Rules framed by Government from time to time for the protection of health and sanitary arrangements for workers employed by Archaeological Survey of India Contractors, the amount of wages so paid or the amount of expenditure so incurred by the Government shall be recovered from the contractors; and without prejudice to the rights of the Government under Section 20, sub-section (2) and Section 21, sub-section (4) of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970, Government shall be at liberty to recover such amount or any part thereof by deducting it from the security deposit or from any sum due by Government to the contractor whether under the agreement or otherwise. The Government shall not be bound to contest any claim made against it under Section 20, sub-section (1) and Section 21, sub-section (4) of the said Act, except on the written request of the contractor and upon his giving to the Government full security for all costs for which Government might become liable in contesting such claim.

Labour

CLAUSE 19.—The Contractor shall obtain a valid licence under the Contract labour (R&A) Act, 1970 and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971 before the commencement of the work, and continue to have a valid licence until the completion of the work.

Any failure to fulfil this requirement shall attract the penal provision of this contract arising out of the resultant non-execution of the work.

Fair Wages Clauses

CLAUSE 19-A.—No labourer below the age of eighteen years shall be employed on the work.

खण्ड 19-आ.—मजदूरी का भुगतान.—(क) ठेकेदार उसके द्वारा लगाये गये मजदूरों को मजदूरी की अदायगी या तो सीधे या उप-ठेकेदार के माध्यम से सही मजदूरी से कम अदा नहीं करेगा जैसा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेका श्रम नियमावली में या ठेका श्रम (नियमन या उत्सादन) अधिनियम, 1970 और ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) केंद्रीय नियम, 1971 के उपबंधों में परिभाषित किये गये हैं, इनमें जो भी लागू हों ।

(ख) ठेकेदार, ठेके के विपरीत कोई उपबंध होने के बावजूद, निर्माण कार्य पर सीधे लगाये गये श्रमिकों को जिनमें उसके श्रमिक भी शामिल होंगे जो उक्त कार्य के संबंध में उसके उप-ठेकेदार द्वारा लगाये गये हों, सही मजदूरी अदा किये जाने की व्यवस्था करेगा, मानो कि मजदूर उसी द्वारा लगाये गये थे ।

(ग) इस इकरारनामे के ठेकेदार के भाग के निष्पादन के लिए निर्माण कार्यों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लगाये गये समस्त मजदूरों के बारे में ठेकेदार, मजदूरी की अदायगी, मजदूरी की अवधि, मजदूरी से कटोती, अदा नहीं की गई मजदूरी की वसूली तथा अनधिकृत रूप से की गई कटौतियां, मजदूरी पुस्तिका या मजदूरी की पर्चियों का अनुरक्षण, मजदूरी के वेतनमान तथा नौकरी की अन्य शर्तों का प्रकाशन, आवधिक विवरणों का निरीक्षण तथा उन्हें प्रस्तुत करना तथा इस प्रकार के अन्य मामलों के संबंध में या जहां ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 और ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) केंद्रीय नियम, 1971 लागू हों, वहां उनमें की हुई व्यवस्थाओं के अनुसार सरकार द्वारा समय समय पर बनाई गई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेका श्रम नियमावली का पालन करेगा या पालन कराने की व्यवस्था करेगा ।

(घ) संबंधित मंडल अधिकारी/उप-मंडल अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह ठेकेदार को देय राशि में से कोई भी राशि काट सकता है जो मजदूरों के लाभार्थ ठेके की शर्तों के अनुपालन, मजदूरियां अदा नहीं करने या उसकी अथवा उनकी मजदूरियों से ऐसी कटौतियां करने जो उनकी ठेके की शर्तों से न्यायसंगत नहीं हो या नियमों के अननुपालन के कारण मजदूर अथवा मजदूरों द्वारा उठाई गई क्षति को पूरा करने के लिए अपेक्षित हों अथवा जिसके अपेक्षित होने का अनुमान लगाया गया हो ।

(च) ठेकेदार, मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, नियोजक दायित्व अधिनियम, 1938, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम,

CLAUSE 19-B.—Payment of wages.—(a) The contractor shall pay to labour employed by him either directly or through subcontratcors, wages not less than fair wages as defined in the Archaeological Survey of India Contract Labour Regulations or as per the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, wherever applicable.

(b) The contractor shall, notwithstanding the provisions of any contract to the contrary, cause to be paid fair wage to labour indirectly engaged on the work, including any labour engaged by his sub-contractors in connection with the said work, as if the labour had been immediately employed by him.

(c) In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for performance of the contractor's part of agreement, the contractor shall comply with or cause to be complied with the Archaeological Survey of India Contract Labour Regulations made by Government from time to time in regard to payment of wages, wage period, deduction from wages, recovery of wages not paid and deductions unauthorizedly made, maintenance of wage books, wage slips, publication of scale of wages and other terms of employment, inspection and submission of periodical returns and all other matters of the like nature or as per the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, wherever applicable.

(d) The Circle Officer/Sub-Circle Officer concerned shall have the right to deduct from the moneys due to the contractor any sum required or estimated to be required for making good the loss suffered by a worker or workers by reasons of non-fulfilment of the conditionss of the contract for the benefit of the workers, non-payment of wages or of deductions made from his or their wages which are not justified by their terms of the contract or non-observance of the Regulations.

(e) The contractor shall comply with the provisions of the Payment of Wages Act, 1936, Minimum Wages Act, 1948, Employers' Liability Act, 1938, Workmen's Compensation Act,

1961 तथा ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 अथवा उनके संशोधनों अथवा उनसे संबंधित अन्य कानून तथा समय-समय पर उनके अधीन बने नियमों के उपबंधों का पालन करेगा।

(छ) ठेकेदार उपर्युक्त कानूनों तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेका श्रम विनियम के पालनार्थ तथा उनके अंतर्गत की जाने वाली अदायगीयों के लिए अपने उप-ठेकेदारों से क्षतिपूर्ति लेने के अपने अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार की क्षतिपूर्ति करेगा।

(ज) उक्त नियम इस संविदा का एक भाग समझे जाएंगे तथा उनका कोई भी उल्लंघन इस संविदा का उल्लंघन समझा जाएगा।

खण्ड 19-इ.— इस करार में ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले काम को करने के लिए प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में ठेकेदार समय समय पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा विरचित सुरक्षा संहिता के अनुरूप अपने खर्च पर सुरक्षा प्रबंध की व्यवस्था करेगा और वह उनके संबंध में सभी सुविधाओं की व्यवस्था अपने खर्चे पर करेगा। यदि ठेकेदार यथा उपर्युक्त इंतजाम करने और आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध करने में असफल रहेगा तो वह हर व्यतिक्रम के लिए 50 रुपये की शास्ति का संदाय करने के लिए दायी होगा और इसके अतिरिक्त मंडल/शाखा अधिकारी उपर्युक्त इंतजाम करने और सुविधाओं का प्रबंध करने के लिए और इस संबंध में किए गए खर्चे को ठेकेदार से वसूल करने के लिए स्वतंत्र होगा।

खण्ड 19-ई.—ठेकेदार हर मास की चौथी और उन्नसवीं तारीख तक मंडल/शाखा अधिकारी को क्रमश: पूर्ववर्ती मास के उत्तरार्ध और चालू मास के पूर्वार्ध की बावत निम्नलिखित को दर्शाते हुए एक सही विवरण देगा :—

(1) उसके द्वारा कामपर नियोजित श्रमिकों की संख्या,
(2) उनके काम के घंटे,
(3) उनको संदत्त मजदूरी,
(4) उक्त पक्ष के दौरान हुई दुर्घटनाएं जिनमें उन परिस्थितियों को जिनके अधीन वे घटित हुई और उनके द्वारा कारित नुकसान और क्षति की सीमा को दर्शित किया जाएगा, और
(5) ऐसी स्त्री कर्मकारों की संख्या जिनको खण्ड 19-ऊ के अनुसार प्रसुति-प्रसूविधा अनुज्ञात की गई हो और उनको संदत्त रकम।

1923, Industrial Disputes Act 1947, Maternity Benefits Act 1961 and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970 or the modifications thereof or any other laws relating thereto and the rules made thereunder from time to time.

(f) The Contractor shall indemnify Government against payment to be made under and for the observance of the Laws aforesaid and the Archaeological Survey of India Contract Labour Regulations without prejudice to his right to claim indemnity from his subcontractors.

(g) The regulations aforesaid shall be deemed to be a part of this contract and any breach thereof shall be deemed to be a breach of this contract.

CLAUSE 19-C.—In respect of labour directly or indirectly employed in the work for the performance on the contractors' part of this agreement, the contractor shall at his own expense arrange for the safety provision as per Archaeological Survey of India Safety Code framed from time to time and shall at his expense provide all facilities in connection therewith. In case the contractor fails to make arrangement and provide necessary facilities as aforesaid he shall be liable to pay a penalty of Rs. 50 for each default and in addition the Circle/Branch Officer shall be at liberty to make arrangement and provide facilities as aforesaid and recover the costs incurred on that behalf from the contractor.

CLAUSE 19-D.—The Contractor shall submit by the 4th and 19th of every month, to the Circle/Branch Officer a true statement showing, in respect of the second half of the preceding month and the first half of the current month respectively : —

(1) the number of labourers employed by him on the work,
(2) their working hours,
(3) the wages paid to them,
(4) the accidents that occurred during the said fortnight showing the circumstances under which they happened and the extent of damage and injury caused by them, and
(5) the number of female workers who have been allowed Maternity Benefit according to Clause 19F and the amount paid to them.

ऐसा न करने पर ठेकेदार सरकार को प्रत्येक व्यतिक्रम या तात्विक रूप से अशुद्ध विवरण के लिए 50 रुपये से अनधिक राशि के संदाय का दायी होगा। मंडल/शाखा अधिकारी का ठेकेदार को शोध्य किसी बिल में से जुर्माने के रूप में उद्गृहीत रकम कटौती करने की बाबत विनिश्चय अंतिम होगा।

Failing which the contractor shall be liable to pay to Government a sum not exceeding Rs. 50 for each default of materially incorrect statement. The decision of the Circle/Branch Officer shall be final in deducting from any bill due to the contractor the amount levied as fine.

कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य और सफाई संबंधी इंतजाम

खण्ड 19-उ.—इस करार में ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले काम को करने के लिए प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में ठेकेदार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और उसके ठेकेदारों द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य, संरक्षण और सफाई संबंधी इंतजामों के लिए समय-समय पर सरकार द्वारा विरचित सभी विषयों का पालन करेगा या कराएगा।

Health and Sanitary Arrangement for workers.

CLAUSE 19-E.—In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for the performance of the contractors' part of this agreement, the contractor shall comply with or cause to be compiled with all the rules framed by Government from time to time for the protection of health and sanitary arrangements for workers employed by the Archaeological Survey of India and its contractors.

ठेकेदारों द्वारा नियोजित स्त्री कर्मकारों के लिए प्रसूति प्रसुविधा नियम

खण्ड 19-ऊ.—छुट्टी के दौरान छुट्टी और वेतन निम्न प्रकार से विनियमित किए जाएंगे :—

1 **छुट्टी :**

(i) प्रसव की दशा में—8 सप्ताह से अनधिक की प्रसूति छुट्टी जिसमें 4 सप्ताह की छुट्टी प्रसव होने तक जिसके अंतर्गत प्रसव दिन भी है और 4 सप्ताह की छुट्टी उस दिन के पश्चात् होगी।

(ii) गर्भपात की दशा में—गर्भपात की तारीख से 3 सप्ताह तक।

2. **वेतन :**

(i) प्रसव की दशा में—प्रसूति छुट्टी के दौरान छुट्टी वेतन की दर उस तारीख से जिसको उस स्त्री ने इस बात की सूचना दी हो कि वह प्रसवावस्था में होने की आशा करती है ठीक पूर्व 3 मास की कालावधि के दौरान के ऐसे दिनों के लिए जिनको उसने पूर्ण कालिक कार्य किया हो कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से या एक रुपये प्रति दिन की दर से उनमें से जो भी अधिक हो, होगी।

(ii) गर्भपात की दशा में—छुट्टी वेतन की दर ऐसे गर्भपात की तारीख से ठीक पूर्व 3 मास की कालावधि के दौरान के ऐसे दिनों के लिए जिनको उसने पूर्णकालिक कार्य

Maternity Benefit Rules for female workers employed by contractors.

CLAUSE 19-F.—Leave and pay during leave shall be regulated as follows :—

1. **Leave :**

(i) In case of delivery, maternity leave not exceeding 8 weeks, 4 weeks upto and including the day of delivery and 4 weeks following that day.

(ii) In the case of miscarriage—upto 3 weeks from the date of miscarriage.

2. **Pay :**

(i) In the case of delivery—leave pay during materinity leave will be at the rate of the women's average daily earnings, calculated on the total wages earned on the days when full time work was done during a period of 3 months immediately preceding the date on which she gives notice that she expects to be confined or at the rate of Rupee one only a day whichever is greater.

(ii) In case of miscarriage—leave, pay at the rate of average daily earning calculated on the total wages earned on the day when

किया हो कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से होगी।

full time work was done during a period of 3 months immediately preceding the date of such miscarriage.

3. प्रसुति-छुट्टी की मंजूरी के लिए शर्त :

कोई प्रसुति-छुट्टी प्रसविधा किसी स्त्री को तब तक अनुज्ञेय न होगी जब तक कि वह उस तारीख से जिसको वह छुट्टी पर जा रही हो ठीक पूर्व छः मास से अन्यून की कुल कालावधि के लिए नियोजित न रह चुकी हो।

4. ठेकेदार प्रसुति (प्रसुविधा) का एक रजिस्टर नीचे दिखाए गए विहित प्ररुप में रखेगा और वह रजिस्टर कार्य के स्थान पर रखा जाएगा।

3. Conditions for the grant of Maternity Leave :

No maternity leave benefit shall be admissible to a woman unless she has been employed for a total period of not less than 6 months immediately preceding the date on which she proceeds on leave.

4. The Contractor shall maintain a Register of Maternity (Benefit) in the Prescribed Form as shown below and the same shall be kept at the place of work.

प्रसूति प्रसुविधाओं का रजिस्टर (ठेके की शर्तों का खण्ड 19-ऊ)

REGISTER OF MATERNITY BENEFITS (Clause 19F of the Conditions of Contract)

ठेकेदार (ठेकेदारों) का नाम और पता
Name and address of the contractor(s) ....

कार्य का नाम और स्थिति
Name and location of the work ....

कर्मचारी का नाम Name of the employee	पिता का/पति का नाम Father's/Husband's Name	नियोजन का स्वरुप Nature of employment	वास्तविक नियुक्ति की अवधि Period of actual appointment	तारीख जिसकी प्रसवावस्था की सूचना की Date on which notice of confinement given	प्रसव/गर्भपात अवधि की तारीख Date of delivery/ miscarriage
1	2	3	4	5	6

तारीख जिसको प्रसुती छुट्टी प्रारंभ हुई और समाप्त हुई Date on which maternity leave commenced and ended				कर्मचारी को संदत्त छुट्टी वेतन Leave pay paid to the employee				
प्रसव की दशा में In case of delivery		गर्भपात की दशा में In case of miscarriage		प्रसव की दशा में In case of delivery		गर्भपात की दशा में In case of miscarriage		टिप्पणियां Remarks
प्रारंभ हुई Commenced	समाप्त हुई Ended	प्रारंभ हुई Commenced	समाप्त हुई Ended	छुट्टी वेतन की दर Rate of leave pay	संदत्त रकम Amount paid	छुट्टी वेतन की दर Rate of leave pay	संदत्त रकम Amount paid	
7	8	9	10	11	12	13	14	15

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में ठेका श्रमिकों को अनुज्ञेय प्रसूति प्रसुविधा के बारे में रजिस्टर का नमूना प्रारूप

SPECIMEN FORM OF THE REGISTER, REGARDING MATERNITY BENEFIT ADMISSIBLE TO THE CONTRACT LABOUR IN ARCHAEOLOGICAL SURVEY OF INDIA

कार्य का नाम
Name of the work .... ठेकेदार का नाम
Name of the Contractor ....

1. स्त्री का नाम, उसके पति के नाम सहित :
   Name of the woman and her husband's name

2. पदनाम :
   Designation

3. नियुक्ति की तारीख :
   Date of appointment

4. मास और वर्ष सहित वह तारीख जिसको उसे नियोजित किया गया :
   Date with months and years in which she is employed

5. सेवोन्मुक्त/पदच्युत किए जाने की तारीख, यदि कोई हो
   Date of discharge/dismissed, if any

6. गर्भधारण की बाबत प्रमाण-पत्र पेश किए जाने की तारीख :
   Date of production of certificates in respect of pregnancy

7. वह तारीख जिसको स्त्री प्रत्याशित प्रसव के बारे में इत्तिला देती है :
   Date on which the woman informs about the expected delivery

8. प्रसव/गर्भपात/मृत्यु होने की तारीख :
   Date of delivery/miscarriage/death

9. प्रसव/गर्भपात संबंधी प्रमाण-पत्र पेश किए जाने की तारीख :
   Date of production of certificate in respect of delivery/miscarriage

10. प्रत्याशित प्रसव से पूर्व संदत्त प्रसूति/मृत्यु प्रसुविधा की रकम और उसकी तारीख :
    Date with the amount of maternity/death benefit paid in advance of expected delivery.

11. प्रसूति प्रसुविधा के पश्चात्वर्ती संदाय की रकम और उसकी तारीख :
    Date with the amount of subsequent payment of maternity benefit

12. स्त्री की मृत्यु के बाद उसकी प्रसूति प्रसुविधा का संदाय प्राप्त करने के लिए उस स्त्री द्वारा नाम निर्देशित व्यक्ति का नाम :
    Name of the person nominated by the woman to receive the payment of the maternity benefit after her death

13. यदि महिला की मृत्यु हो जाती है तो उसकी मृत्यु की तारीख, उस व्यक्ति का नाम जिसे प्रसूति प्रसुविधा की रकम संदत्त की गई, संदाय की तारीख और
    If the woman dies, the date of her death, the name of the person to whom maternity benefit amount was paid the month thereof and the date of payment.

14. रजिस्टर की प्रविष्टियों को अभिप्रमाणित करते हुए ठेकेदार के हस्ताक्षर :
    Signature of the contractor authenticating entries in the register,

15. निरीक्षक आफिसर के उपयोग के लिए टिप्पणी स्तम्भ :
    Remarks column for the use of inspecting officer

खण्ड 19-क.—यदि ठेकेदार कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य रक्षण एवं सफाई व्यवस्था संबंधी समय समय पर यथा संशोधित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के ठेका श्रम विनियमों और आदर्श नियमों के उपबंधों में से किसी का व्यतिक्रम या भंग करेगा या उपयुक्त विनियमों या नियमों के उपबंधों के अधीन कोई ऐसी जानकारी देगा या ऐसा कोई विवरण देगा या फाइल करेगा जो तात्विक रूप से अशुद्ध हो तो वह/वे किसी अन्य दायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना हर व्यतिक्रम भंग के लिए या तात्विक रूप से ऐसे अशुद्ध विवरणों के देने, बनाने, प्रस्तुत करने, फाइल करने के लिए सरकार को 50 रुपए से अनधिक की राशि संदत्त करेगा और इस बावत ठेकेदार द्वारा लगातार व्यतिक्रम करने की दशा में शास्ति को बढ़ाकर व्यतिक्रम के प्रत्येक दिन के लिए 50 रुपये किया जा सकेगा किंतु उसकी अधिकतम राशि निविदत्त कार्य की प्राक्कलित लागत की 5 प्रतिशत होगी। मंडल/शाखा अधिकारी का विनिश्चय अंतिम और पक्षकारों पर आवद्धकर होगा।

यदि मंडल/शाखा अधिकारी को यह प्रतीत हो कि ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य, रक्षा और सफाई संबंधी व्यवस्था के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेका श्रम विनियम के उपबंधों और आदर्श नियमों तथा ठेका मजदूर (नियंत्रण तथा उत्सादन) अधिनियम, 1970 तथा ठेका मजदूर (नियंत्रण तथा उत्सादन) केन्द्रीय नियम, 1971 के उपबंधों का (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् 'उक्त नियम' कहा गया है) ठेकेदार उचित रूप से अनुपालन और अनुवर्तन नहीं कर रहा है तो मंडल/शाखा अधिकारी को यह शक्ति होगी कि वह ठेकेदार (ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर उससे/उनसे अपेक्षा करें कि उक्त नियमों का अनुपालन किया जाए और उसमें विहित सुख-सुविधाएं सूचना में विनिर्दिष्ट किए जाने वाले उचित समय के भीतर कर्मकारों को दी जाए। यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त नियमों का अनुवर्तन और अनुपालन करने में और पूर्वोक्त कर्मकारों को सुख-सुविधाएं देने में असफल रहेगा तो मंडल/शाखा अधिकारी को ठेकेदार (ठेकेदारों) के व्यय पर इसमें इसके पूर्व वर्णित सुख-सुविधाओं की व्यवस्था करने की शक्ति होगी। ठेकेदार कार्य के निष्पादन के संबंध में कार्य-स्थल पर अपने कर्मकारों के लिए अपेक्षित आवश्यक झोपड़ियों का परिनिर्माण और सफाई व्यवस्था का इंतजाम अपने खर्च पर और अनुमोदित मानकों के अनुरूप करेगा और उन्हें बनाए रखेगा तथा यदि अनुमोदित मानकों के अनुसार उनका परिनिर्माण अथवा सन्निर्माण नहीं कराया गया तो मंडल/शाखा अधिकारी को यह शक्ति होगी कि वह

CLAUSE 19-G.—In the event of the contractor(s) committing a default or breach of any of the provisions of the Archaeological Survey of India Contract Labour Regulations and Model Rules for the protection of health and sanitary arrangements for the workers as amended from time to time or furnishing any information or submitting or filing any statement under the provisions of the above Regulations and Rules which is materially incorrect, he/they shall without prejudice to any other liability pay to the Government a sum not exceeding Rs. 50 for every default, breach or furnishing, making, submitting, filing such materially incorrect statements and in the event of the contractor(s) defaulting continuously in this respect, the penalty may be enhanced to Rs. 50 per day for each day of default subject to a maximum of 5 per cent of the estimated cost of the work put to tender. The decision of the Circle/Branch Officer shall be final and binding on the parties.

Should it appear to the Circle/Branch Officer that the contractor(s) is/are not properly observing and complying with the provisions of the Archaeological Survey of India Contract Labour Regulations and Model Rules and the provisions of the Contract. Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 and the Contract Labour (R&A) Central Rules, 1971 for the protection of health and sanitary arrangements for work-people employed by the contractor(s) (hereinafter referred as "the said Rules") the Circle/Branch Officer shall have power to give notice in writing to the contractor(s) requiring that the said Rules be complied with and the amenities prescribed therein be provided to the work-people within a reasonable time to be specified in the notice. If the contractor(s) shall fail within the period specified in the notice to comply with and/observe the said Rules and to provide the amenities to the work-people as aforesaid, the Circle/Branch Officer shall have the power to provide the amenities hereinbefore mentioned at the cost of the contractor(s). The contractor(s) shall erect, make and maintain at his/their own expense according to approved standards all necessary huts and sanitary arrangements required for his/their work-people on the site in connection with the execution of the works, and if the same shall not have been erected or constructed, according to approved standards the Circle/Branch

ठेकेदार(ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर यह अपेक्षा करें कि अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरुपण और/या पुननिर्माण कराया जाए और यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरुपण अथवा पुननिर्माण करने में असफल रहेगा/रहेंगे तो मंडल/शाखा अधिकारी को ठेकेदार(ठेकेदारों) के व्यय पर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरुपण अथवा पुर्ननिर्माण कराने की शक्ति होगी।

खण्ड 19-ख.—ठेकेदार अपने निर्माण श्रमिकों के लिए अपने खर्चे से भूमि के यथोचित प्लाट पर, जिसे मंडल/शाखा अधिकारी अनुमोदति करेगा, पर्याप्त संख्या में निम्नलिखित विनिर्देशनों वाले पूर्वनिर्मित रैंनबसेरों/क्वार्टरों की (जिसे इसमें इसके पश्चात् कैम्प कहा गया है) व्यवस्था करेगा/करेंगे :—

(1) (क) निर्माण श्रमिकों के प्रत्येक पूर्वनिर्मित रैनबसेरे क्वार्टर की औसत तल तक की ऊंचाई 7 फुट और फर्श का क्षेत्रफल श्रमिक के साथ रहने वाले श्रमिकों के परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए 30 वर्ग फुट के हिसाब से होगा।

(ख) ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए शौचालयों तथा मूत्रालयों का निर्माण करायेगा जिनकी संख्या श्रमिकों की हर सौ पर चार से कम न होगी स्त्रियों के लिए अलग शौचालयों और मूत्रालयों की व्यवस्था होगी।

(घ) ठेकेदार यथोचित संख्या में स्नान गृहों तथा धुलाई स्थानों का निर्माण करायेगा जो कैंप के रहने वाले प्रत्येक पच्चीस व्यक्तियों पर एक यूनिट के हिसाब से होगा। इन स्नानगृहों और धुलाई स्थानों में आड़ की उचित व्यवस्था होगी।

(ग) ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए शौचालयों तथा मूत्रालयों का निर्माण करायेगा जिनकी संख्या श्रमिकों की हर सौ पर चार से कम न होगी स्त्रियों के लिए अलग शौचालयों और मूत्रालयों की व्यवस्था होगी।

Officer shall have power to give notice to the contractor(s) requiring that the said huts and sanitary arrangements be remodelled and/or reconstructed according to approved standards, and if the contractor(s) shall fail to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangement according to approved standards within the period specified in the notice, the Circle/Branch Officer shall have the power to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangements according to approved standards at the cost of the contractor(s).

CLAUSE 19-H.—The contractor(s) shall at his/their own cost provide sufficient number of prefabricated dormitories/quarters for construction labour hereinafter referred to as the Camp of the following specifications on a suitable plot of land to be approved by the Circle/Branch Officer.

(1) (a) The minimum height of each prefabricated dormitory/quarter for construction labour at the cave level shall be 7′ and the floor area to be provided will be at the rate of 30 sq. ft. for each member of workers family staying with the labourer.

(b) The contractor(s) shall in addition, construct suitable cooking places having a minimum area of 6′ × 5′ adjacent to the prefabricated dormitories/quarters for construction labour for each family.

(c) The contractor(s) shall also construct latrines and urinals for the use of the labourers each on the scale of not less than four per each one hundred of the total strength, separate latrines and urinals being provided for women.

(d) The contractor(s) shall construct a sufficient number of bathing and washing places, one unit for every 25 persons residing in the camp. These bathing and washing places shall be suitably screened.

(2) (क) निर्माण श्रमिकों के पूर्वनिर्मित रैनबसेरों/क्वार्टरों की दीवारें पक्की ईंटों की होंगी जिसकी चिनाई मिट्टी के गारे या अन्य यथोचित स्थानीय सामग्री से की जाएगी जिसका अनुमोदन मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा किया जाएगा। दीवारों की बाहरी परत की टीपकारी सीमेंट के मसाले 1:6 (1भाग सीमेंट: 6भाग अच्छे किस्म के बालू) से की जाएगी। निर्माण श्रमिकों के लिए पूर्ण निर्मित रैनबसेरों/क्वाटरों की कुरसी सामान्यतया आस पास भूमि तल से 6" ऊपर होगी। पड़ी ईंटों को सुदृढ़ मिट्टी के आधार पर बिछाकर फर्श बनाया जाएगा। छप्परें ए० सी० शीटों और लकड़ी की कड़ियों/चारखानों से बनाई जाएंगी। ठेकेदार को ध्यान रखना होगा कि जब तक ये उनके कब्जे में रहेंगे। तब तक उनकी छप्परे जल रोधक बनी रहें।

(ख) ठेकेदार निर्माण श्रमिकों के प्रत्येक रैनबसेरों/क्वार्टरों में उचित संचालन की व्यवस्था करेगा/करेंगे जिसमें खिड़कियां या ईंटों से बने छोटे-छोटे रोशनदान की व्यवस्था छप्पर के नीचे की जाएगी।

(ग) सुरक्षा की दृष्टि से सभी दराजों, खिड़कियों और रोशनदानों को बंद करने की व्यवस्था होनी चाहिए इसके लिए उन्हें उचित तख्तेदार और पट्टीदार होनी चाहिए।

(घ) निर्माण श्रमिकों के रैनबसेरों/क्वार्टरों की पंक्तियों के बीच में 3 गज खुली जगह होनी चाहिए जिसे मंडल/शाखा अधिकारी के अनुमोदन से घटा कर 20 फुट की जा सकती है। इनके आगे पीछे निर्माण की आज्ञा दी जाती है।

(3) **जल पूर्ति**.—ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए पर्याप्त जल पूर्ति की व्यवस्था करेगा/करेंगे। पीने के प्रयोजनों के लिए प्रति दिन प्रति व्यक्ति कम से कम 2 गैलन शुद्ध और स्वास्थ्य कर जल तथा स्नान तथा धुलाई के लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 3 गैलन स्वच्छ जल की व्यवस्था होगी। जहां नल द्वारा जल की पूर्ति की जाती हो वहां जल-प्रदाय स्टैंड-

(2) (a) All the prefabricated dormitories/quarters for constructing labour shall have walls of burent bricks laid in mud mortar or other suitable local material as may be approved by the Circle/Branch Officer. The exterior surfaces of walls shall be pointed with cement mortar 1:6 (1 cement : 6 fine sand). The plinth of prefabricated dormitory/quarter for construction labour shall be at least 6" above the surounding ground. The flooring shall be, of flat bricks laid on well consolidated earth base. The roof shall be laid with A.C. sheets and wooden karries/tubular sections. The contractor shall ensure that throughout the period of their occupation the roofs remain water tight.

(b) The contractor(s) shall provide each prefabricated dormitory/quarter for construction labour with proper ventilation. Consisting of windows or honey comb brick work just below the roof projection.

(c) All doors,, windows, and ventilators shall be provided with suitable battended and braced shutters for security purposes.

(d) There shall be kept an open space of at least 8 yards between the rows of prefabricated dormitories/quarters for construction labour which may be reduced to 20' according to the availability of site with the approval of the Circle/Branch Officer, back to back construction will be allowed.

(3) Water Supply.—The contractor(s) shall provide adequate supply of water for the use of labourers. The provisions shall not be less than 2 gallons of pure and wholesome water per head per day for drinking purposes and 3 gallons of clean water per head per day for bathing and washing purposes. Where piped water supply

पोस्टों (नल खम्भों) पर होगा, जहां जल प्रदाय कुओं अथवा नदी से हो वहां टंकियों की व्यवस्था होगी जो धातु या चिनाई की होगी। ठेकेदार विद्यमान मेन लाइनों से, जहां कहीं वे उपलब्ध हों, अपने खर्च पर अपने श्रमिक कैंप को जल प्रदाय के पाइप बिछाने की व्यवस्था करेगा/करेंगे और इसके लिए सभी प्रकार की फीस और प्रभार का भुगतान करेगा/करेंगे।

(4) कैंप के लिए चुना गया स्थान जंगल से हटकर ऊँची भूमि पर होगा।

(5) **मल-मूत्र का निपटान.**—ठेकेदार शौचालयों के मल-मूत्र के निपटान के लिए खाईयां खोद कर अथवा भस्मीकरण द्वारा ऐसे आवश्यक इंतजाम करेगा/करेंगे जो स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं के अनुसार होंगे। यदि खाइयों को खोदना या भस्मीकरण अनुज्ञात न हो तो ठेकेदार नगरपालिका समिति/प्राधिकारी की मार्फत मल-मूत्र को हटवाने का इंतजाम करेगा/करेंगे और उसे नियोजित श्रमिकों की संख्या की बाबत जानकारी देगा/देंगे जिससे कि ऐसी समिति/प्राधिकारी द्वारा मल-मूत्र के हटवाने का इंतजाम किया जा सके। इस बाबत सभी प्रभार ठेकेदार द्वारा वहन किए जाएंगे और उनका संदाय उसके द्वारा सीधे नगरपालिका प्रभारी को किया जाएगा। शुष्क शौचालयों की दशा में ठेकेदार प्रति आठ कदमों के लिए एक झाड़ू कश की व्यवस्था करेगा।

(6) **जल निकास** : ठेकेदार गंदे पानी की निकासी के लिए कारगर इंतजाम करेगा ताकि कैम्प साफ-सुथरा रहे।

(7) ठेकेदार दुर्घटनाओं से कर्मकारों के बचाव के लिए कैम्प क्षेत्र में प्रकाश का पर्याप्त इंतजाम करेगा/करेंगे।

(8) **सफाई.**—ठेकेदार स्थानीय लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा प्राधिकारियों के नियमों के अनुसार श्रमिक कैम्पों में मल वहन और सफाई के लिए इंतजाम करेगा/करेंगे।

is available supply shall be at stand-post where the supply is from wells or river, tanks which may be of metal or masonry, shall be provided. The contractor(s) shall also at his/their own cost make arrangements for laying pipe lines for water supply to his/their labour camp from the existing mains whenever available, and shall pay all fees and charges therefor.

(4) The site selected for the camp shall be ground, removed from jungle.

(5) Disposal of Excreta.—The contractor(s) shall make necessary arrangements for the disposal of excreta from the latrines by trenching of incineration which shall be according to the requirements laid down by the Local Health Authorities. If trenching or incineration is not allowed, the contractor(s) shall make arrangements for the removal of the excreta through the Municipal Committee/Authority and inform it about the number of labourers employed so that arrangements may be made by such committee/authority for the removal of the excreta. All charges on this account shall be borne by the contractor and paid direct by him to the municipality/authority. The contractor shall make provision of sweeper for every 8 seats in case of dry system.

(6) Drainage.—The contractor(s) shall provide sufficient arrangements for draining away sulage water so as to keep the camp neat and tidy.

(7) The contractor(s) shall make necessary arrangements for keeping the camp area sufficiently lighted to avoid accidents to the workers.

(8) Sanitation.—The contratcor(s) shall make arrangements for conservancy and sanitation in the Labour camps according to the rules of the Local Public Health and Medical Authorites.

खण्ड 19-ग. मंडल/शाखा अधिकारी ठेकेदार से उसके द्वारा काम पर नियोजित ऐसे किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को, जो अक्षम हों अथवा कदाचार करते हों, पदच्युत करने या कार्य स्थल से हटाने की अपेक्षा कर सकेगा और ठेकेदार ऐसी अपेक्षाओं का तुरन्त अनुपालन करेगा ।

खण्ड 19-घ—ठेकेदार की यह जिम्मेदारी होगी कि वह यह देखे कि भवन निर्माणाधीन है उस पर निर्माण के दौरान कोई अप्राधिकृत तौर पर कब्जा न कर ले और सम्पूर्ण भवन को पूर्ण करके मंडल/शाखा अधिकारी को सौंप दे । यदि ऐसे भवन यद्यपि पूर्ण हो गये हों, नाजायज तौर पर कोई कब्जा कर ले तो उस स्थिति में कथित भवन/भवनों को मंडल/शाखा अधिकारी, को स्वीकार करने से इन्कार कर सकता है और इसे स्वीकार करने में हुए विलम्ब को पूर्ण होने में किया गया विलम्ब माना जाएगा और ऐसे विलम्ब के लिए निविदा में दी गई अनुमानित राशि 5 प्रतिशत की दर से प्रतिकर मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा लगाया जा सकेगा और जिसका निर्णय मात्रा और औचित्य की दृष्टि से अन्तिम और आबद्धकर होगा ।

तथापि मंडल/शाखा अधिकारी चाहे तो निर्माण कार्य पूरा होने और सौंपने से पूर्व किसी भी समय ठेकेदार को नोटिस के जरिये नाजायज कब्जे को हटाने के लिए कह सकते हैं ।

खण्ड 20.—ठेकेदार न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 ठेका मजदूरी (नियन्त्रण तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1970 तथा उसके अन्तर्गत बनाये गये नियम तथा ठेका मजदूरी को प्रभावित करने वाले अन्य श्रमिक कानून जिन्हें समय समय पर लागू किया जा सकता है ।

कार्यों का उप-पट्टे पर न दिया जाना । उप-पट्टे पर देने, रिश्वत देने के कारण या यदि ठेकेदार दिवालिया हो जाता है तो ठेके को विखंडित और प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत किया जा सकेगा

खण्ड 21.—वह ठेका मंडल/शाखा अधिकारी के लिखित अनुमोदन के बिना समनुदेशित नहीं किया जाएगा अथवा उप-पट्टे पर नहीं दिया जाएगा तथा ठेकेदार अपने ठेके को समनुदेशित करेगा या उप-पट्टे पद देगा अथवा ऐसा करने का प्रयत्न करेगा अथवा दिवालिया हो जाएगा या दिवाला विषयक कार्यवाहियां प्रारम्भ करेगा अथवा अपने लेनदारों से कोई प्रश्न करेगा या ऐसा करने का प्रयत्न करेगा अथवा यदि ठेकेदार या उसका कोई सेवक या अभिकर्ता किसी लोक आफिसर या सरकार के नियोजन में व्यक्ति को किसी भी रूप से उसके अथवा नियोजन के संबंध में प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः कोई रिश्वत उपदान

CLAUSE 19-I.—The Circle/Branch Officer may require the contractor to dismiss or remove from the site of the work any person or persons in the contractors' employ upon the work who may be incompetent or misconduct himself and the contractor shall forthwith comply with such requirements.

CLAUSE 19-J.—It shall be the responsibility of the contratcor to see that the building under construction is not occupied by anybody unauthorisedly during construction and to handover to the Circle/Branch Officer vacant possession of complete building. If such building though completed is occupied illegally, then the Circle/ Branch Officer will have the option to refuse to accept the said building/buildings in that position, and delay in acceptance on this account will be treated as delay in completion and for such delay a levy upto 50% of the estimated cost put to tender may be imposed by the Circle/Branch Officer whose decision shall be final both with regard to the justification and quantum.

However, the Circle/Branch Officer may require the contractor through a notice to remove the illegal occupation anytime on or before construction and delivery.

CLAUSE 20.—The Contractor shall comply with all the provisions of the Minimum wages Act, 1948, Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970, and rules framed thereunder and other labour laws affecting contract labour that may be brought into force from time to time.

Work not to be subject to contract may be rescinded any security deposit forfeited for subletting, bribing, or if contractor becomes insolvent.

CLAUSE 21.—The contract shall not be assigned or sublet without the written approval of the Circle/Branch Officer. And if the contractor shall assign or sublet his contract, or attempt to do so or become insolvent or commence any insolvency proceedings or make any composition with his creditors or attempt to do so, or if any bribe, gratuity, gift, loan, prequisite, regard or advantage pecuniary or otherwise shall either/directly or indirectly, be given, promised or offered by the contractor or any of his servants or agent to any public officer or person in the employ

दान उधार, परिलब्धि इनाम या धनीय अथवा अन्यथा फायदा पहुंचाएगा, देने का वायदा करेगा या प्रस्थापना करेगा अथवा यदि ऐसा आफिसर या व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रत्यक्षत: अथवा अप्रत्यक्षत: ठेके में हितबद्ध होगा तो भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल/शाखा अधिकारी को खण्ड 3 में विनिर्दिष्ट कोई भी कार्यवाही, जिसे वह सरकार के हित में सर्वोत्तम रूप से उपयुक्त समझे करने की शक्ति होगी और यदि इनमें से कोई भी कार्यवाही की जाती है तो उसके उक्त खण्ड 3 में विनिर्दिष्ट परिणाम होंगे ।

प्रतिकर के तौर पर संदेय राशियों का वास्तविक हानि के प्रतिनिदेश के बिना उचित प्रतिकर के रूप में समझा जाना

खण्ड 22. इन शर्तों में से किसी के अधीन प्रतिकर के तौर पर संदेय सब राशियां वास्तविक रूप से हुई हानि या नुकसान के प्रति निर्देश के बिना और चाहे कोई नुकसान हुआ हो अथवा नहीं सरकार के उपयोग में लाए जाने के लिए उचित प्रतिकर समझी जाएंगी ।

फर्म के गठन में परिवर्तन

खण्ड 23. यदि ठेकेदार कोई भागीदारी फर्म है तो फर्म के गठन में कोई भी परिवर्तन करने से पूर्व मंडल/शाखा अधिकारी का लिखित पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएगा यदि ठेकेदार कोई व्यक्ति या हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब का कारबारी समुत्थान हो तो इसी प्रकार से, ठेकेदार के किसी ऐसे भागीदारी करार को करने से पूर्व यथापूर्वोक्त अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएगा जिसके अधीन भागीदारी फर्म को उस कार्य को करने का अधिकार होगा जिसके करन का भार ठेकेदार ने एतत् द्वारा अपने ऊपर लिया हो । यदि यथापूर्वोक्त पूर्व अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया है तो ठेका इसके खण्ड 21 के उल्लंघन में अनुमोदित किया गया समझा जाएगा और उस पर वही कार्रवाई की जा सकेगी और उसके वही परिणाम होंगे जो उक्त खण्ड 21 में उपबंधित हैं ।

कार्यों का मंडल/शाखा अधिकारी के निदेशाधीन किया जाना

खण्ड 24.—ठेके के अधीन किया जाने वाला सब कार्य हर प्रकार से मंडल/शाखा अधिकारी के निदेशाधीन और उसके अनुमोदन के अधीन रहते हुए निष्पादित किया जाएगा और उस मंडल/शाखा अधिकारी को यह निदेश करने का हक होगा कि वे कार्य किस स्थान या किन स्थानों पर और किस प्रकार आरम्भ किये जाने और समय-समय पर चलाये जाने हैं ।

of Government in anyway relating to his office employment, or if any such officer or person shall become in any way directly or indirectly interested in the contract, the Circle/Branch Officer on behalf of the President of India shall have power to adopt any of the courses specified in Clause 3 as he may deem best suited to the interest of the Government and in the event of any of these courses being adopted the consequences specified in the said Clause 3 shall ensue.

Sum payable by way of compensation to be considered as reasonable compensation without reference to actual loss.

CLAUSE 22.—All sums payable by way of compensation under any of these conditions shall be considered as reasonable compensation to be applied to the use of Government without reference to the actual loss or damage sustained and whether or not any damage shall have been sustained.

Changes in constitution.

CLAUSE 23.—Where the contractor is a partnership firm, the previous approval in writing of the Circle/Branch Officer shall be obtained before any change is made in the constitution of the firm. Where the contractor is an individual or a Hindu undivided family business concern such approval as aforesaid shall likewise be obtained before the contractor enters into any partnership agreement whereunder the partnership firm would have the right to carry out the work hereby undertaken by the contractor. If previous approval as aforesaid is not obtained, the contract shall be deemed to have been assigned in contravention of Clause 21 hereof and the same action may be taken, and the same consequences shall ensue as provided in the said Clause 21.

Works to be under directions of Circle.

CLAUSE 24.—All works to be executed under the contract shall be executed under the direction and subject to the approval in all respects of the Circle/Branch Officer who shall be entitled to direct at what point or points and in what manner they are to be commenced, and from time to time carried on.

माध्यस्थम् द्वारा विवादों का निपटारा

(xi) 1 bottle containing 100 tablets (each of 5 grams) of aspirin.

(xii) Ointment for burns.

(xiii) A bottle of suitable surgical antiseptic solution.

(b) For work places in which the number of contract labour exceed 50—

Each first aid box shall contain the following equipments :—

(i) 12 small sterilised dressings.

(ii) 6 medium size sterilised dressings.

(iii) 6 large size sterilised burn dressings.

(iv) 6 large size sterilised dressings.

(v) 6 (15 gm) packets sterilised cotton wool.

(vi) 1 (60 ml) bottle containing a two per cent alcoholic solution iodine.

(vii) 1 (60 ml) bottle containing salvolatile having the dose and mode of administration indicated on the label.

(viii) 1 roll of adhesive plaster.

(ix) 1 snake-bite lancet.

(x) 1 (30 gm) bottle of potassium permanganate crystals.

(xi) 1 pair scissors.

(xii) 1 copy of the first aid leaflet issued by the Director General, Factory Advice Service and Labour Institutes, Government of India.

(xiii) A bottle containing 100 tablets (each of 5 gram) of aspirin.

(xi) जले पर लगाने का मरहम ।

(xii) शल्य कर्म के लिए उपयुक्त कृमिनाशक घोल की एक शीशी ।

(3) वस्तुओं को पुनः भरने की, जब कभी आवश्यकता हो, उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए ।

(4) प्राथमिक-उपचार बक्से में सिवाय निर्धारित वस्तुओं के कुछ भी नहीं रखा जाएगा ।

(5) प्राथमिक उपचार का बक्सा किसी जिम्मेदार व्यक्ति के पास रखा जायेगा जो कि कार्यस्थल पर कार्यसमय के दौरान हमेशा हाजिर रहेगा ।

(6) जिस कार्यस्थल पर नियोजित ठेके के मजदूरों की संख्या 150 से अधिक होगी वहां पर प्राथमिक उपचार के बक्से का प्रभारी व्यक्ति प्राथमिक उपचार में प्रशिक्षित व्यक्ति होगा ।

(7) ऐसे कार्यस्थलों पर जहां नियोजित ठेके के मजदूरों की संख्या 500 या इससे अधिक हो तथा अस्पताल कार्यस्थल के नजदीक नहीं हो, तो एक प्रशिक्षित कम्पाउन्डर की देखरेख में एक प्राथमिक उपचार केन्द्र खोला जाएगा । कम्पाउन्डर ड्यूटी पर रहेगा तथा जब मजदूर काम पर होंगे तो उसकी सेवाएं हर समय उपलब्ध रहेंगी ।

(8) यदि कार्यस्थल किसी शहर या कस्बे में नहीं है तो घायल व्यक्तियों अथवा अकस्मात बीमार पड़े व्यक्तियों को समीपवर्ती अस्पताल में ले जाने के लिए उपयुक्त परिवहन व्यवस्था तुरन्त उपलब्ध रहेगी ।

4. पेय जल :

(क) प्रत्येक कार्यस्थल में मजदूरों द्वारा सुगमता से पहुंचने योग्य उपयुक्त स्थानों पर पीने योग्य ठण्डे पानी की पर्याप्त सप्लाई की व्यवस्था की जायेगी और उसे बनाये रखा जाएगा ।

(ख) जहां पेय जल किसी अन्तर्विरामी सार्वजनिक जल व्यवस्था से प्राप्त किया जाता है वहां प्रत्येक कार्यस्थल पर संचय की व्यवस्था की जाएगी जहां ऐसे पेय जल को संग्रह किया जाएगा ।

(ग) संचयन की प्रत्येक जल व्यवस्था किसी शौचालय, नाली या प्रदुषण के अन्य स्त्रोत से 50 फुट से कम दूर नहीं होगी । जहां जल किसी ऐसे विद्यमान कुए से लिया जाना हो जो शौचालय, नाली या प्रदूषण के किसी अन्य स्त्रोत के काफी निकट हो तो ऐसी स्थिति में कुएं से पीने के लिए जल निकालने से पूर्व उसका उचित रुप से क्लोरीकरण किया जायेगा । ऐसे सभी कूप पूर्णतः ढके हुए होंगे और उनमें धूल और जल-रोधी छत द्वार की व्यवस्था की जाएगी ।

(xi) Ointmen for burns.

(xii) A bottle of suitable surgical antiseptic. solution.

(3) Adequate arrangements shall be made for immediate recoupment of the equipment when necessary.

(4) Nothing except the prescribed contents shall be kept in the First Aid box.

(5) The First Aid box shall be kept in charge of a responsible person who shall always be readily available during the working hours of the work place.

(6) A person in charge of the First Aid Box shall be a person trained in First Aid treatment, in work places where the number of contract labour employed is 150 or more.

(7) In work places where the number of contract labour employed is 500 or more and hospital facilities are not available within easy distance of the works First aid posts shall be established and run by a trained compounder. The compounder shall be on duty and shall be available at all hours when the workers are at work.

(8) Where work places are situated in places which are not towns or cities, a suitable motor transport shall be kept readily available to convey injured person or persons suddenly taken ill to the nearest hospital.

4. Drinking Water :

(a) In every work place, there shall be provided and maintained at suitable places, easily accessible to labour, a sufficient supply of cold water fit for drinking.

(b) Where drinking water is obtained from an intermittent public water supply, each work place shall be provided with storage where such drinking water shall be stored.

(c) Every water supply of storage shall be at a distance of not less than 15 m or 50 feet from any latrine, drain or other source of pollution. Where water has to be drawn from an existing well which is within such proximity of latrine, drain or any other source of pollution, the well shall be properly, chlorinated before water is drawn from it for drinking. All such wells shall be entirely closed in and provided with a trap-door which shall be dust and water-proof.

(घ) प्रत्येक ढके कुएं में एक विश्वसनीय पम्प फिट किया जाएगा। छत द्वार को ताला लगाकर रखा जाएगा और केवल सफाई या निरीक्षण करने के लिए मास में कम से कम एक बार खोला जाएगा।

(d) A reliable pump shall be fitted to each covered well, the trap-door shall be kept locked and opened only for cleaning or inspection which shall be done at least once a month.

5. कपड़े धोने की सुविधाएं :

(i) प्रत्येक कार्यस्थल पर कपड़े धोने की सुविधा का प्रबन्ध किया जायेगा तथा उसे वहां नियोजित ठेके के मजदूरों के प्रयोग के लिए बना रखा जायेगा।

(ii) स्त्री और पुरुष मजदूरों के प्रयोग के लिए उपयुक्त पर्दे की अलग-अलग और पर्याप्त व्यवस्था होगी।

(iii) ऐसी सुविधाएं आसानी से सुलभ होंगी और इन्हें स्वास्थ्य की दृष्टि से साफ सुथरा रखा जायेगा।

5. Washing Facilities :

(i) In every work place adequate and suitable facilities for washing shall be provided and maintained for the use of contract labour employed therein.

(ii) Separate and adequate screening facilities shall be provided for the use of male and female workers.

(iii) Such facilities shall be conveniently accessible and shall be kept in clean and hygienic condition.

6. शौचालय तथा मूत्रालय :

(i) प्रत्येक कार्यस्थल पर निम्नलिखित मानदण्ड के आधार पर शौचालयों की व्यवस्था की जायेगी उदाहरणार्थ :—

(क) जहां पर महिलाएं नियोजित की गई है वहां पर प्रति 25 महिलाओं के लिए कम से कम एक शौचालय हो।

(ख) जहां पुरुष नियोजित है वहां प्रति 25 पुरुषों के लिए कम से कम एक शौचालय हो :

बशर्ते कि जहां पर पुरुषों तथा महिलाओं की संख्या 100 से अधिक है वहां 100 की संख्या तक प्रत्येक पुरुषों अथवा महिलाओं के लिए एक शौचालय तत्पश्चात् प्रत्येक 50 की संख्या के लिए एक शौचालय हो।

(ii) प्रत्येक शौचालय ढका हुआ होना चाहिए तथा उनका इस प्रकार व्यवधान हो कि निजी गोपनीयता सुरक्षित रहे तथा शौचालय में दरवाजे तथा चटखनियों की उचित व्यवस्था हो।

(iii) शौचालयों का निर्माण भीतरी दीवारें चिनाई या किसी उपयुक्त ताप रोधी जलवशोधी पदार्थ द्वारा निर्मित की जाएगी और उनमें वर्ष में कम से कम एक बार भीतर और बाहर सीमेंट की पुताई की जाएगी। यह शौचालय "बोरहल" तरीके के शौचालयों के मानक से घटिया नहीं होंगे।

(iv) (क) जहां पर "महिलाएं" व "पुरुष" काम पर लगाये जाएं वहां पर अधिकांश लोगों द्वारा समझी जाने वाली भाषा से शौचालय और मूत्रालयों में केवल "पुरुषों" के लिए 'केवल'

6. Latrines and Urinals :

(i) Latrines shall be provided in every work place on the following scale, namely :—

(a) Where females are employed there shall be at least one latrine for every 25 females.

(b) Where males are employed, there shall be at least one latrine for every 25 males :

Provided that where the number of males or females exceeds 100, it shall be sufficient if there is one latrine for 25 males or females, as the case may be, upto the first 100, and one for every 50 thereafter.

(ii) Every latrine shall be under cover and so partitioned off as to secure privacy, and shall have a proper door and fastenings.

(iii) Construction of Latrines : The inside walls shall be constructed of masonary or some suitable heat-resisting non-absorbent materials and shall be cement washed inside and outside at least once a year. Latrines shall not be of a standard lower than bore-hole system.

(iv) (a) Where workers of both sexes are employed, there shall be displayed outside each block of latrine and urinals, a notice in the language

"महिलाओं के लिए" । जैसी भी स्थिति हो इस प्रकार का एक नोटिस बोर्ड लगाया जाय ।

(ख) इस नोटिस बोर्ड में पुरुष या महिला का जैसी भी स्थिति हो एक चित्र भी बना हो ।

(v) एक ही अवसर पर नियोजित 50 पुरुषों तथा 50 महिलाओं के लिए कम से कम एक मूत्रालय होगा । बशत कि जहां पर पुरुषों तथा महिलाओं की संख्या 500 से अधिक हो, वहां पर 500 तक प्रत्येक 50 पुरुषों अथवा महिलाओं के लिए एक पेशाबघर तथा शेष प्रत्येक 100 के लिए एक पेशाबघर उपयुक्त होगा ।

(vi) (क) शौचालयों तथा मूत्रालय में उपयुक्त प्रकाश की व्यवस्था होगी तथा इनको हर समय साफ सुथरी हालत में रखा जायेगा ।

(ख) जो शौचालय तथा मूत्रालय भूमिगत नालियों से जुड़े नहीं होंगे उनके संबंध में लोक स्वास्थ्य प्राधिकरणों को अपेक्षताओं को पूर्ण करना होगा।

(vii) पानी टूटी द्वारा सप्लाई किया जायेगा अथवा पानी ऐसे स्थान पर होगा जो शौचालय तथा पेशाबघर के नजदीक ही होगा ।

(viii) **मल-मूत्र का निपटान.**—जब तक स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अन्यथा प्रबन्ध न किया जाय, कार्य स्थल पर भस्मीकरण द्वारा मल-मूत्र के उचित निपटान का प्रबन्ध उचित भस्मक के द्वारा किया जाय । इसके विकल्प के रूप में मल-मूत्र का निपटान इस प्रयोजन के लिए तैयार किए गए पक्के टेंक के नल पर विष्ठा की एक परत रख कर और उसे रद्दी या कूड़े की 15 सें० मी० परत से ढकने के उपरान्त उसके ऊपर एक ड़ेपखवा तक मिट्टी की परत बिछाकर (जबकि वह खाद में परिवर्तित हो जायेगा) किया जा सकेगा ।

(ix) कार्यस्थल पर नियोजित ठेकेदार के कर्मकारों तथा काम पर लगाए गये आदमियों के सम्बन्ध में सफाई कार्य तथा विष्ठा के उचित रूप से निपटान के संबंध में मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा जारी किए गये निर्देशों का पालन ठेकेदार अपने ही खर्चे पर करेगा । ठेकेदार की ओर से नगरपालिका अथवा केन्टोनमेन्ट प्राधिकरण द्वारा निष्पादित इस प्रकार के कार्य के लिए उनके द्वारा लगाये गये प्रभारों के भुगतान का उत्तरदायित्व ठेकेदार पर रहेगा ।

understood by the majority of the workers "For Men only" or "For Women only" as the case may.

(b) The notice shall also bear the figure of a man or of a woman, as the case may be.

(v) There shall be at least one urinal for male workers upto 50 and one for female workers upto fifty employed at a time. Provided that where the number of male or female workers, as the case may be exceeds 500, it shall be sufficient if there is one urinal for every 50 males or females upto the first 500 and one for every 100 or part thereof, thereafter.

(vi) (a) The latrines and urinals shall be adequately lighted and shall be maintained in a clean and sanitary condition at all times.

(b) Latrines and urinals other than those connected with a flush sewerage system shall comply with the requirements of the Public Health Authorities.

(vii) Water shall be provided by means of a tap or otherwise so as to be conveniently accessible in or near the latrines and urinals.

(viii) Disposal of excreta : Unless otherwise arranged for by the local sanitary authority, arrangements for proper disposal of excreta by incineration at the work place shall be made by means of a suitable incinerator. Alternately excreta may be disposed of by putting a layer of night soil at the bottom of a pucca tank prepared for the purpose and covering it with a 15 cm layer of waste or refuse and then covering it with a layer of earth for a fortnight (when it will turn into manure).

(ix) The contractor shall, at his own expense, carry out all instructions issued to him by the Circle/Branch Office to effect proper disposal of soil and other conservancy work in respect of the contractors' workmen or employees on the site. The contractor shall be responsible for payment of any charges which may be levied by Municipal or Cantonment Authority for execution of such work on his behalf.

7. विश्राम के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था :

प्रत्येक कार्यस्थल पर पुरुष तथा महिला श्रमिकों के विश्राम के लिए निःशुल्क चार उपयुक्त शेडों का प्रबन्ध होगा, दो पुरुषों के लिए तथा दो महिलाओं के लिए अलग-अलग। इन आश्रय-स्थल की फर्श से छत के नीचे भाग की ऊंचाई 3 मीटर से कम नहीं होगी, ये स्थान प्रति व्यक्ति 0.6 वर्ग-मीटर के हिसाब से बनाए जायेंगे और उन्हें साफ-सुथरा रखा जायेगा।

इस प्रयोजन के लिए निर्माणाधीन भवन का एक भाग तथा अन्य वैकल्पिक स्थान का प्रयोग किया जा सकता है बशर्ते कि मंडल/शाखा अधिका ी इस बात से संतुष्ट हो और इसके लिए अनुमति दे दें।

8. शिशु कक्ष :

(क) प्रत्येक कार्यस्थल पर जहां पर सामान्यतः 20 या इससे अधिक महिला श्रमिक कार्यरत है जहां पर उनके 6 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए उपयुक्त आकार के दो कमरों की व्यवस्था की जाएगी एक कमरा बच्चों के रखने के लिए होगा तथा दूसरा कमरा उनके सोने के लिए, ये कमरे मानक के आधार पर बनाए जायेंगे जो निम्नलिखित से कम स्तर के नहीं होंगे :—

(i) घास फूस की छत।

(ii) मिट्टी की दीवारे तथा फर्श।

(iii) मिट्टी के फर्श पर तख्ते बिछे हों और चटाई से ढके हो।

(ख) कमरों में उपयुक्त प्रकाश तथा रोशनदान की व्यवस्था होगी। इन स्थानों को साफ रखने के लिए मेहतरों का भी प्रबन्ध होना चाहिए।

(ग) ठेकेदार खेल के कमरे में उचित संख्या में खिलौने तथा सोने के कमरे में उपयुक्त चारपाई बिस्तर का प्रबन्ध करेगा।

(घ) 50 महिला श्रमिकों की संख्या तक-बच्चों की देखरेख के लिए ठेकेदार एक दाई रखेगा तथा 50 से अधिक संख्या पर 2 दाई रखेगा।

(ङ) शिशु कक्ष के लिए निर्धारित कमरों में केवल बच्चे, उनके रखवाले तथा उनकी माताएं ही आ जा सकेंगी।

9. कैंटीन :

(1) ऐसे कार्यस्थलों में, जहां पर नियुक्त ठेके-श्रमिकों को छह मास तक रहने की सम्भावना हो तथा जहां पर ठेके

7. Shelter for rest :

At every place there shall be provided, free of cost, four suitable sheds, two for males and the other two for females for rest separately for the use of men and women labour. The height of each shelter shall not be less than 3 metres from the floor level to the lowest part of the roof. These shall be kept clean and the space provided shall on the basis of 0.6 sq. m. per head.

Provided that the Circle/Branch Officer may permit, subject to his satisfaction, a portion of the building under construction or other alternative accommodation to be used for the purpose.

8. Creches :

(a) at every work place, at which 20 or more women workers are ordinarily employed, there shall be provided two rooms of reasonable dimensions for the use of their children under the age of six years. One room shall be used as a play room for the children and the other as their bed-room. The rooms shall be constructed on a standard not lower than the following :—

(i) thatched roof.

(ii) mud floors and walls.

(iii) planks spread over the mud floor and covered with matting.

(b) The rooms shall be provided with suitable and sufficient openings for light and ventilation. There shall be adequate provision of sweepers to keep the places clean.

(c) The contractors shall supply adequate number of toys and games in the play-room and sufficient number of cots and beddings in the bed room.

(d) The contractor shall provide one Dai to look after the children in a creche when the number of women workers does not exceed 50 and two Dais when the number of women workers exceed 50.

(e) The use of the rooms earmarked as creches shall be restricted to children, their attendants and mothers of the children.

9. Canteens :

(1) In every work place where the work regarding the employment of contract labour

के श्रमिकों की संख्या सामान्यतया 100 या उससे अधिक हो, वहां पर ऐसे श्रमिकों के लिए ठेकेदार एक उपयुक्त कैन्टीन की व्यवस्था करेगा ।

(2) इस कैंन्टीन को ठेकेदार भलीभांति चलाएगा ।

(3) इस कैंन्टीन में कम से कम एक खाना खाने का हाल, रसोई, स्टोर होगा तथा वर्तनों को साफ करने और कर्मकारों के नहाने के लिए अलग-अलग स्थान होगा ।

(4) जब कभी कोई कैंन्टीन में आए तो इसमें उपयुक्त प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए ।

(5) इसका फर्श चिकना हो तथा दुर्भेद्य सामग्री से निर्मित होना चाहिए तथा कम से कम एक वर्ष अन्दर की दीवारों का चूना अथवा रंग से पुताई होनी चाहिए ।

शर्त यह है कि रसोई की दीवारों पर भीतर की ओर हर महीने में एक बार चूने से पुताई की जाएगी ।

(6) कैंन्टीन के स्थान को साफ-सुथरा हाल में रखा जाय ।

(7) गन्दे पानी को एक ढकी हुई नाली के द्वारा बहाया जायेगा तथा इसे एक स्थान पर एकत्र नहीं होने दिया जायेगा जिससे गन्दगी हो ।

(8) कूड़ा करकट को एकत्र करने तथा उसको उठाने के लिए उचित प्रबन्ध होगा ।

(9) खाना खाने के हाल में एक समय में ठेके के श्रमिकों की कुल संख्या के 30 प्रतिशत आदमियों के बैठने का स्थान होना चाहिए ।

(10) खाना खाने के हाल में, जिसमें सर्विस काउन्टर तथा फर्नीचर को छोड़ कर, जिसमें मेज, कुर्सी शामिल नहीं है, प्रत्येक भोजन खाने वाले के लिए उप-नियम 9 में निर्धारित के अनुसार एक वर्ग मीटर से कम स्थान नहीं होना चाहिए ।

(11) (i) खाना खाने के हाल तथा सर्विस काउन्टर को महिला श्रमिको के अनुपात के अनुसार विभाजित कर महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाय ।

(ii) महिलाओं के लिए नहाने, कपड़े धोने का स्थान अलग होना चाहिए तथा उनकी गोपनीयता के बचाव के लिए ओट होनी चाहिए ।

is likely to continue for six months and wherein contract labour numbering one hundred or more are ordinarily employed, an adequate canteen shall be provided by the contratcor for the use of such contract labour.

(2) The canteen shall be maintained by the Contractor in an efficient manner.

(3) The canteen shall consist of at least a dining hall, kitchen, store room, pantry and washing places separately for workers and utensils.

(4) The canteen shall be sufficiently lighted at all times when any person has access to it.

(5) The floor shall be made of smooth and impervious material and inside walls shall be lime washed or colour washed at least once in each year.

Provided that the inside walls of the kitchen shall be lime-washed every four months.

(6) The precints of the canteen shall be maintained in a clean and sanitary condition.

(7) Waste water shall be carried away in suitable covered drains and shall not be allowed to accumulate so as to cause a nuisance.

(8) Suitable arrangements shall be made for the collection and disposal of garbages.

(9) The dining hall shall accommodate at any time 30 per cent of the contract labour working at a time.

(10) The floor area of the dining hall, excluding the area occupied by the service counter and any furniture except tables and chairs shall not be less than one square meter per diner to be accommodated as prescribed in sub-Rule 9.

(11) (i) A portion of the dining hall and service counter shall be partioned off and reserved for women workers, in proportion to their number.

(ii) Washing places for women shall be separate and screened to secure privacy.

(12) उप-नियम 9 में निर्दिष्ट खाना खाने वालों के लिए मेज़, कुर्सी, स्टूल अथवा बच उपयुक्त संख्या में विद्यमान रहने चाहिए ।

(13) (क) (i) कैंटीन को सुचारू रूप से चलाने के लिए उपयुक्त मात्रा में बर्तन, क्रोकरी, फर्नीचर तथा उसके आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था होनी चाहिए।

(ii) फर्नीचर, बर्तन तथा अन्य उपकरण साफ होने चाहिए तथा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक न हों ।

(ख) (i) कैंटीन में काम करने वालों को साफ कपड़े दिए जायें तथा उन कपड़ों को साफ रखा जाय ।

(ii) सर्विस काउन्टर यदि कोई हो तो उसके ऊपर का भाग साफ सुथरा तथा अभेद्य सामग्री का बना हो ।

(iii) बर्तनों तथा उपकरणों को धोने के लिए गम पानी के साथ-साथ उपयुक्त सुविधा देने की व्यवस्था होगी ।

(14) कैंटीन में दिया जाने वाला खाना तथा अन्य वस्तुएं ठेके के मजदूरों की सामान्य पसन्द के अनुसार होंगी ।

(15) भोजन की कीमत अन्य वस्तुओं की कीमत जो कि कटीन में परोसी या रखी जाए "लाभ हानि" रहित आधार पर रखा जाय तथा उन्ह प्रत्यक्ष रूप से कैंन्टीन में रखा जाय ।

(16) कैन्टीन में रखे खाद्य पदार्थ का तथा अन्य पदार्थों का मुख्य निर्धारण करते समय निम्नलिखित मदों को खर्चे की मद न समझी जाए, जैसे कि :—

(क) भूमि तथा भवन का किराया,

(ख) भवन का तथा कैंटीन में रखे गये उपकरणों का ह्रास तथा अनुरक्षण प्रभार,

(ग) उपकरणों जिसमें, फर्नीचर, क्रोकरी, चम्मच तथा बर्तन शामिल हैं, खरीद, मरम्मत तथा बदलाव की कीमत ,

(घ) पानी के प्रभार तथा प्रकाश और हवा के लिए खर्च किए गये प्रभार,

(12) Sufficient tables. stool, chairs or benches shall be available for the number of diners to be accommodated as prescribed in Sub-rule 9.

(13) (a) (i) There shall be provided and maintained sufficient utensils, crockery, furniture and any other equipments necessary for the efficient running of the canteen.

(ii) The furniture, utensils and other equipments shall be maintained in a clean and hygienic condition.

(b) (i) Suitable clean clothes for the employees serving in the canteen shall be provided and maintained.

(ii) A service counter, if provided, shall have top of smooth and impervious material.

(iii) Suitable facilities including adequate supply of hot water shall be provided for the cleaning of utensils and equipments.

(14) The food stuffs and other items to be served in the canteen shall be in conformity with the normal habits of the contract labour.

(15) The charges for food stuffs, beverages and any other items served in the canteen shall be based on 'No profit, No loss' and be conspicuously displayed in the canteen.

(16) In arriving at the price of food stuffs, and other articles served in the canteen, the following items shall not be taken into consideration as expenditure, namely :—

(a) The rent of land and building;

(b) The depreciation and maintenace charge for the building and equipments provided for the canteen;

(c) The cost of purchase, repairs and replacement of equipments including furniture, crockery, cutlery and utensils ;

(d) The water charges and other charges incurred for lighting and ventilation ;

(ङ) कैंटीन के लिए उपकरणों की व्यवस्था करने उनके अनुरक्षण करने में खर्च की गई राशि तथा उसका ब्याज ।

(17) कैंटीन से सम्बन्धित लेखे की लेखा परीक्षा प्रत्येक 12 महीने में एक बार व पंजीकृत लेखकार तथा लेखा परीक्षक द्वारा किया जायेगा ।

10. मलरिया उन्मूलन के लिए उपाय :

मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा मलेरिया उन्मूलन के बारे में दी गई हिदायतों के अनुसरण के साथ-साथ ठेकेदार अपने ही खर्च पर ऐसे गड्ढो को भी भरेगा जिन्हें उसने खुदवाया हो ।

11. उपयुक्त नियमों को निविदा तथा निविदा आमन्त्रण सूचना में शामिल किया जायेगा तथा वह ठेके का एक अंगभूत माना जाएगा ।

12. संशोधन :

सरकार समय-समय पर इन नियमों में परिवर्तन अथवा संशोधन कर सकती है तथा इन नियमों के लागू करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के प्रयोजन से उपयुक्त निर्देशन जारी कर सकती है ।

(c) The interest and amounts spent on the provision and maintenance and equipments provided for in the canteen.

(17) The accounts pertaining to the canteen shall be audited once every 12 months by registered accountants and auditors.

10. Anti-Malarial Precautions :

The contractor shall at his own expense, conform to all anti-malaria instructions given to him by the Circle/Branch Officer including the filling up of any narrow pits which may have been dug by him.

11. The above rules shall be incorporated in the contracts and in notices inviting tenders and shall form an integral part of the contracts.

12. Amendments :

Government may, from time to time, add to or amend these rules and issue such directions as it may consider necessary for the purpose of removing any difficulty which may arise in the administration thereof.

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेका श्रम विनियम

ARCHAEOLOGICAL SURVEY OF INDIA CONTRACT LABOUR REGULATIONS

1. संक्षिप्त नाम :

इन विनियमों को "भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ठेका श्रम विनियम" कहा जायेगा ।

2. (i) परिभाषाएं :

"कर्मकार" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण निर्माण विभाग द्वारा या उसके ठेकेदार द्वारा प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः किसी उप-ठेकेदार द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के ज्ञान या बिना ज्ञान के, किराया या इनाम पर किसी कुशल, अर्धकुशल श्रमिक, पर्यवेक्षक, तकनीकी या लिपिकीय कार्य करने के लिये नियोजित किया गया हो चाहे नियोजन की शर्तें लिखित हों या अन्तर्निहित लेकिन इसमें निम्नलिखित ऐसा कोई व्यक्ति शामिल नहीं होगा :—

(क) जो मुख्यतया प्रबन्धकीय या प्रशासनिक तौर पर लगाया गया हो, या

(ख) वह जिसे पर्यवेक्षक के तौर पर लगाया गया हो और 500 रुपये से अधिक मजदूरी प्रति मास ले रहा हो या मुख्यतया प्रबन्धकीय प्रकार का कार्य या तो कार्यालय में ड्यूटी के प्रकार के कारण या उसे दी गई शक्तियों के कारण करता हो,

(ग) जो बाहरी कर्मकार, हो अर्थात् वह व्यक्ति जिसे मुख्य नियोक्ता द्वारा या उसकी ओर से किसी प्रकार की वस्तुएं या सामग्री बनाने के लिए, साफ करने के लिए, धोने के लिए, बदलने के लिए, पालिश कराने के लिए, मरम्मत के लिए या मुख्य नियोक्ता के व्यापार के उद्देश्य से बिक्री के लिए अन्यथा संसाधन करने के लिए दी गई हो और संसाधन प्रक्रिया या तो बाहर के कर्मकार के घर में या किसी और स्थान पर किया जाना हो जो केन्द्रीय या मुख्य नियोक्ता के प्रबन्ध में परिसर न हो ।

(ii) "उचित मजदूरी" से वह मजदूरी चाहे वह कालानुपाती काम के अथवा मात्रानुपाती काम के लिए हो जो समय समय पर न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत निश्चित या अधिसूचित की गई हो ।

(iii) "ठेकेदार" में प्रत्येक व्यक्ति शामिल होगा जो ठेका मजदूरों द्वारा वस्तुओं या उत्पादन की वस्तुओं के

1. Short Title :

These regulations may be called the "Archaeological Survey of India Contractors' labour Regulations".

2. (i) Definitions :

"Workman" means any person employed by the Archaeological Survey of India or its contractor directly or indirectly through a sub-contractor, with or without the knowledge of the Archaeological Survey of India, to do any skilled, semi-skilled or unskilled manual, supervisory, technical or clerical work for hire or reward, whether the terms of employment are expressed or implied but does not include any persons:—

(a) Who being employed mainly in a managerial or administrative capacity; or

(b) Who being employed in a supervisory capacity draws wages exceeding five hundred rupees per mensum or exercises either by the nature of the duties attached to the office or by reason of power vested in him, functioning mainly of managerial nature ;

(c) Who is an out worker, that is to say, a person to whom any articles or materials are given out by or on behalf of the principal employer to be made up cleaned, washed, altered, ornamental finished, repaired, adopted or otherwise processed for sale for the purposes of the trade or business of the principal employer and the process is to be carried out either in the home of the out worker or in some other premises, not being premises under the central and management of the principal employer.

(ii) "Fair Wages" means wages for time or piece work fixed and notified under the provisions of the Minimum Wages Act from time to time.

(iii) "Contractors" shall include every person who undertakes to produce a given

अतिरिक्त दिये गये कार्य को परिणामार्थ हाथ में ले या जो किसी कार्य के लिए ठेके पर मजदूर सप्लाई करे तथा इसमें उप-ठेकेदार शामिल है ।

(iv) "मजदूरी" का वही अर्थ होगा जो मजदूरी संदाय अधिनियम में परिभाषित है ।

(2) (क) प्रसामान्यतः किसी वयस्क कर्मचारी के काम का समय दिन में 9 घंटे और बच्चे के लिए 41/2 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए । कार्य दिवस की व्यवस्था इस प्रकार से की जाएगी कि विश्राम का मध्य-अवकाश, यदि कोई हो, मिला कर उसका विस्तार किसी भी दिन 12 घंटे से अधिक न हो ।

(2) (ख) यदि किसी वयस्क कर्मकार से किसी दिन 9 घंटे या किसी सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम कराया जाए तो उसे कार्य के अतिरिक्त समय के लिए मजदूरी की साधारण दर की दुगुनी दर से समयोपरि मजदूरी संदत्त की जाएगी । बच्चे से अतिरिक्त समय में काम नहीं कराया जाएगा ।

(2) (ग) (i) प्रत्येक कर्मकार को इस बात का विचार किए बिना कि वह न्यूनतम मजदूरी अधिनियम द्वारा शामिल होता है, अथवा नहीं समय-समय पर यथा संशोधित न्यूनतम मजदूरी (केन्द्रीय) नियमावली, 1960 के उपबन्धों के अनुसार सामान्यतः रविवार को साप्ताहिक छुट्टी दी जाएगी ।

(ii) यहां न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अधीन सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी में साप्ताहिक विश्राम के दिन की तिन मजदूरी शामिल नहीं है वहां कर्मकार पिछले दिन को देय मजदूरी की दर पर विश्राम दिवस की मजदूरी का पात्र होगा । बशर्तें उसने उसी ठकेदार के अधीन निरन्तर 6 दिन से कम की अवधि तक कार्य न किया हो ।

(iii) यदि मंडल/शाखा अधिकारी द्वारा ठेकेदार को किसी कर्मकार से सामान्य अवकाश वाले दिन कार्य करवाने की अनुमति दी जाती है तो वह उसको सामान्य साप्ताहिक अवकाश के फौरन पांच दिन पूर्व अथवा पश्चात् के किसी भी दिन को सारे दिन का प्रतिपूर्ति अवकाश देगा तथा ऐसे कर्मकार को सामान्य साप्ताहिक

result other than a mere supply of goods or articles of manufacture through contract labour or who supplies contract labour for any work and includes a sub-contractor.

(iv) "wages" shall have the same meaning as defined in the Payment of Wages Act.

(2) (a) Normally working hours of an adult employee should not exceed 9 hours a day and in case of a child 4½ hours a day. The working day shall be so arranged that inclusive of interval for rest, if any, it shall not spread over more than 12 hours on any day.

(2) (b) When an adult worker is made to work for more than 9 hours on any day or for more than 48 hours in any week he shall be paid overtime for the extra hours put in by him at double the ordinary rates of wages. Children shall not be made to work extra hours.

(2) (c) (i) Every worker shall be given a weekly holiday normally on a Sunday, in accordance with the provisions of the Minimum Wages (Central) Rules 1960 as amended from time to time, whether such worker is governed by the Minimum Wages Act or not.

(ii) Where the Minimum Wages prescribed by the Government under the Minimum Wages Act are not inclusive of the wages for the weekly day of rest, the worker shall be entitled to rest day wages at the rate applicable to next preceding day, provided he has worked under the same contractor for a continuous period of not less than 6 days.

(iii) Where a contractor is permitted by the Circle/Branch Officer to allow a worker to work on a normal weekly holiday, he shall grant substituted holiday to him for the whole day or one of the five days immediately before or after the normal weekly holiday and pay wages to such worker

अवकाश के दिन उसके द्वारा किए गए कार्य के लिए समयोपरि दर पर भुगतान करेगा ।

3. मजदूरी आदि के संबंध में नोटिस लगाना :

ठेकेदार अपने ठेके का काम प्रारम्भ करने से पूर्व कार्यस्थल के सहज द्रष्टव्य स्थानों पर अंग्रेजी में और अधिकांश कर्मकारों द्वारा बोली जाने वाली स्थानीय भारतीय भाषा में स्वच्छ और सुवाच्य अक्षरों में ऐसा नोटिस लगाएगा और लगाता रहेगा और सही-सही लगाता रहेगा जिन में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अधीन निश्चित मजदूरी की न्यूनतम दरें दी जा रही वास्तविक मजदूरी, ऐसी अर्जित की जाने वाली मजदूरी के कार्य के घंटे मजदूरी की अवधि, मजदूरी भुगतान की तिथियां तथा परिशिष्ट "क" के अनुसार अन्य सम्बन्धित सूचनाओं का उल्लेख होगा ।

4. मजदूरी का भुगतान :

(i) ठेकेदार ऐसी मजदूरी कालावधियां, जिनके बारे में मजदूरी देय होगी, नियत करेगा ।

(ii) किसी भी मजदूरी की कालावधि एक मास से अधिक नहीं होगी ।

(iii) ऐसी स्थापनाओ में ठेके पर नियोजित अथवा ठेकेदार द्वारा नियोजित प्रत्येक कर्मकार को जहां ऐसे कर्मकारों की संख्या 1,000 से कम है मजदूरी संदाय की मजदूरी कालावधि की समाप्ति अन्तिम दिन के पश्चात् मजदूरी 7 वे दिन से पूर्व तथा अन्य मामलों में 10 वे दिन की समाप्ति से पूर्व की जाएगी ।

(iv) जब ठेकेदार द्वारा अथवा उसकी ओर से किसी कर्मकार का नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा, तो उसके द्वारा अर्जित मजदूरी की अदायगी उसके नियोजन के समाप्त होने के दूसरे दिन की समाप्ति से पूर्व ही कर दिया जाएगा ।

(v) मजदूरी की सारी अदायगी काम के दिन कार्यस्थल पर तथा कालावधि में और पूर्व अधिसूचित तिथि पर की जायेगी और यदि कार्य मजदूरी अवधि की समाप्ति से पूर्व पूर्ण हो जाता है, अन्तिम अदायगी काम के अन्तिम दिन के पश्चात् 48 घन्टों में की जाएगी ।

(vi) प्रत्येक कर्मकार का देय मजदूरी का भुगतान उसको सीधे अथवा इस संबंध में उसके द्वारा प्राधिकृत किए गए अन्य व्यक्ति को दिया जायेगा ।

(vii) सभी मजदूरी का भुगतान प्रचलित सिक्कों अथवा नोटों अथवा दोनों में किया जाएगा ।

for the work performed on the normal weekly holdiday at overtime rate.

3. Display of notice regarding wages, etc. :

The contractor shall before he commences his work on contract, display and correctly maintain and continue to display and correctly maintain in clean and legible condition in conspicuous places on the work, notices in English and in the local Indian languages spoken by the majority of the workers, giving the minimum rates of wages fixed under the Minimum Wages Act, the actual wages being paid, the hours of work for which such wages are earned, wage periods, dates of payment of wages and other relevant information as per Appendix 'A'.

4. Payment of wages :

(i) The contractor shall fix wage periods in respect of which wages shall be payable.

(ii) No wage period shall exceed one month.

(iii) The wages of every person, employed as contract labour by a contractor in an establishment where less than one thousand such persons are employed shall be paid before the expiry of the seventh day and in other cases before the expiry of tenth day after the last day of the wages period in respect of which the wages are payable.

(iv) Where the employment of any worker is terminated by on on behalf of the contractor the wages earned by him shall be paid before the expiry of the second working day from the date on which his employment is terminated.

(v) All payments of wages shall be made on a working day at the work premises and during the working time on a date notified in advance and in case the work is completed before the expiry of the wage period, final payment shall be made within 48 hours of the last working day.

(vi) Wages due to every worker shall be paid to him direct or to other person authorised by him in his behalf.

(vii) All wages shall be paid in current coin or currency or in both.

(viii) मजदूरी का भुगतान किसी प्रकार की कटौती के बिना किया जायेगा सिवाय उनके जो केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में सामान्य अथवा विशेष आदेशों में निर्दिष्ट की गई हों अथवा जो मजदूरी संदाय अधिनियम में ग्राह्य हैं ।

(ix) मजदूरी अवधि तथा मजदूरी वितरण का स्थान और समय की सूचना कार्यस्थल पर प्रदर्शित की जाएगी तथा ठेकेदार उनकी एक प्रति मंडल/शाखा अधिकारी को प्राप्ति स्वीकृति के अधीन भेजेगा ।

(x) ठकेदार का यह कर्त्तव्य होगा कि वह उपाधीक्षक पुरातत्वविद् या मंडल/शाखा अधिकारी को किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि जिसका ठेकेदार द्वारा कर्मकारों को मजदूरी भुगतान के स्थान तथा समय पर उपस्थित रहना अपेक्षित हो, की उपस्थिति में भुगतान करना सुनिश्चित करे ।

(xi) ठेकेदार, उपाधीक्षक पुरातत्वविद् या मंडल/शाखा अधिकारी का प्राधिकृत प्रतिनिधि से जो भी हो, उसके हस्ताक्षरों सहित "मजदूरी रजिस्टर" अथवा "मजदूरी तथा मास्टर रोल" में जो भी हो, प्रविष्टियों के अंत में प्रमाण पत्र निम्नलिखित रुप में लेगा :

"यह प्रमाणित किया जाता है कि स्तम्भ नं०....... में दिखाई गई राशि का भुगतान सम्बन्धित कर्मकारों को दिनांक ....को.......... में पर मेरी उपस्थिति में किया गया है ।"

5. जुर्माने तथा कटौतियां जो मजदूरी से की जा सकेंगी :—

(i) निम्नलिखित को छोड़कर कर्मकार की मजदूरी किसी प्रकार की कटौती किये बिना ही उसको अदा की जाएगी :—

(क) जुर्माना ।

(ख) काम से अर्थात् उस स्थान या स्थानों से जहां उसके नियोजन की शर्तो द्वारा उससे कार्य करने की अपेक्षा की गई है, अनुपस्थित रहने के लिए कटौती की राशि उसकी अनुपस्थिति की अवधि के अनुपात में होगी ।

(ग) नियोजित व्यक्ति को स्पष्ट रुप से अधिरक्षा के लिए सौंपे गये माल को हुए नुकसान या हानि या धन की हानि या कोई अन्य कटौती जिसके लिए उससे हिसाब देने की अपेक्षा की जाती है, जहां

(viii) Wages shall be paid without any deductions of any kind except those specified by the Central Government by general or special order in this behalf or permissible under Payment of Wages Act 1956.

(ix) A notice showing the wage period and the place and time of disbursement of wages shall be displayed at the place of work and a copy sent by the contractor to the Circle/Branch Officer under acknowledgement.

(x) It shall be the duty of the contractor to ensure the disbursement of wages in the presence of the Dy. Superintending Archaeologist or any other authorised representative of the Circle/Branch Officer who will be required to be present at the place and time of disbursement of wages by the contractor to workmen.

(xi) The contractor shall obtain from the Dy. Superintending Archaeologist or any other authorised representative of the Circle/Branch Officer as the case may be, a certificate under his signature at the end of the entries in the "Register of wages" or the "Wages-*cum*-Muster Roll" as the case may be in the following form :

"Certified that the amount shown in column No. .... has been paid to the workman concerned in my presence on .... at ....".

5. Fines and deductions which may be made from wages :

(i) The wages of a worker shall be paid to him without any deductions of any kind except the following :—

(a) Fines.

(b) Deductions for absence from duty i.e. from the place or the places where by the terms of his employment he is required to work. The amount of deduction shall be in proportion to the period for which he was absent.

(c) Deduction for damage to or loss of goods expressly entrusted to the employed person for custody, or for loss of money or any other deduction which he is required to account,

इस प्रकार का नुकसान या हानि प्रत्यक्षत: उसके द्वारा उपेक्षा या व्यतिक्रम करने के फलस्वरूप मानी गई हो ।

(घ) अग्रिम धन की वसूली के लिए या मजदूरी की अधिक अदायगी का समायोजन करने के लिए कटौती, दिये गये अग्रिम धन की रजिस्टर में इन्दराज किया जाएगा ।

(ङ) कोई अन्य कटौती जिसे समय समय पर केन्द्रीय सरकार करने की अनुज्ञा दे ।

(ii) किसी कर्मकार पर उसकी ओर से ऐसे कृत्यों और भूलों की बावत किए गए जुर्माने को छोड़कर, जो मुख्य श्रम आयुक्त द्वारा अनुमोदित कर दिया गया हो, कोई जुर्माना नहीं किया जाएगा ।

टिप्पणी.—कृत्यों तथा भूलों जिनके लिए जुर्माना किया जा सकता है, की अनुमोदित सूची परिशिष्ट I में दी गई है ।

(iii) कर्मकार पर तब तक कोई जुर्माना नहीं किया जाएगा और न उसकी मजदूरी में से नुकसान या हानि के लिए कोई कटौती ही की जाएगी जब तक कि उसे ऐसे जुर्माने या कटौतियों के विरुद्ध कारण बताने का अवसर न दिया जाए ।

(iv) किसी कर्मकार पर किसी एक मजदूरी के समय में किए गए जुर्माने की कुल रकम उस मजदूरी की कालावधि की बावत उसको देय मजदूरी में एक रुपये पर तीन पैसे से अधिक नहीं होगी ।

(v) किसी कर्मकार पर किया गया कोई जुर्माना उससे, किश्तों में, या जुर्माना किए जाने की तारीख से 60 दिन बीतने के बाद वसूल नहीं किया जाएगा ।

(vi) प्रत्येक जुर्माना उस दिन अधिरोपित किया गया समझा जाएगा, जिस दिन वह कृत्य या भूल की गई हो जिसके निमित्त जुर्माना किया गया है ।

6. श्रम संबंधी अभिलेख :

(i) ठेकेदार, ठेके के काम पर "नियोजित व्यक्तियों का रजिस्टर ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) (केन्द्रीय) नियमावली, 1971 (परिशिष्ट "ख") के प्रपत्र 13 में रखेगा ।

(ii) ठेकेदार उसके द्वारा ठेके के काम पर नियोजित सभी कर्मकारों के संबंध में ठेकेदार श्रमिक (नियमन तथा उत्सादन) (केन्द्रीय) नियम, 1971 के परिपत्र 16 (परिशिष्ट–"ग") में मस्टर रोल रखेगा ।

where such damage or loss is directly attributable to neglect or defualt.

(d) Deduction for recovery of advances or adjustment of over-payment of wages, advances granted shall be entered in a register.

(e) Any other deduction which the Central Government may from time to time allow.

(ii) No fines should be imposed on any worker save in respect of such acts and omissions on his part as have been approved of by the Chief Labour Commissioner.

NOTE.—An approved list of acts and omissions for which fines can be imposed is enclosed in Appendix-I.

(iii) No fine shall be imposed on a worker and no deduction for damage or loss shall be made from his wages until the worker has been given an opportunity of showing cause against such fines or deductions.

(iv) The total amount of fine which may be imposed in any one wage period on a worker shall not exceed an amount equal to three paise in a rupee of the total wages payable to him in respect of that wage period.

(v) No fine imposed on any worker shall be recovered from him by instalment, or after the expiry of sixty days from the date on which it was imposed.

(vi) Every fine shall be deemed to have been imposed on the day of the act or omission in respect of which it was imposed.

6. Labour Records :

(i) The contractor shall maintain a "Register of persons employed" work on contract in Form XIII of the CL(R&A) (Central) Rules 1971 (Appendix B).

(ii) The contractor shall maintain a "Muster Roll" register in respect of all workmen employed by him on the work under contract in Form XVI of the CL(R&A) Central Rules 1971 (Appendix C).

(iii) ठेकेदार उसके द्वारा ठेके के काम पर नियोजित सभी कर्मकारों के संबंध में (नियमन तथा उत्सादन) केन्द्रीय नियम, 1971 (परिशिष्ट "घ") के परिपत्र 17 में एक मजदूरी रजिस्टर रखेगा ।

(iv) दुर्घटनाओं का रजिस्टर—ठेकेदार ऐसे प्रपत्र में जो कार्यस्थल पर सुविधाजनक हो, दुर्घटनाओं का एक रजिस्टर रखेगा, जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित बातें होंगी :—

(क) उन श्रमिकों के पूरे ब्यौरे जो दुर्घटनाग्रस्त हो गए हों

(ख) मजदूरी की दर

(ग) लिंग

(घ) आयु

(च) दुर्घटना की प्रकृति और उसका कारण

(छ) दुर्घटना का समय और तारीख

(ज) अस्पताल में दाखिल होने की तारीख और समय

(झ) अस्पताल छोड़ने की तारीख

(ट) उपचार की अवधि और उसका परिणाम

(ठ) चिकित्सा अधिकारी द्वारा अनुमानित सामर्थ्य की हानि और निःशक्तता की प्रतिशतता

(ड) कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के अधीन दिया जाने वाला अपेक्षित दावा

(ढ) क्षतिपूर्ति की अदायगी की तारीख

(त) संदत्त रकम और उस व्यक्ति का ब्यौरा जिसे वह रकम संदत्त की गई ।

(थ) प्राधिकारी जिसके द्वारा प्रतिकर निर्धारित किया गया

(द) टिप्पणियां ।

(v) जुर्माने का रजिस्टर—ठेकेदार, ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) केन्द्रीय नियम, 1971 के प्रारूप 12 में एक जुर्माने का रजिस्टर रखेगा (परिशिष्ट "ज") ।

ठेकेदार जिन कृत्यों तथा भूलों के लिए जुर्माना किया जा सकता है की अनुमोदित सूची कार्यस्थल के सहज द्रष्टव्य स्थान पर अच्छी हालत में प्रदर्शित करेगा (परिशिष्ट "ट") ।

(vi) कटौतियों का रजिस्टर—ठेकेदार, ठेके का श्रम (नियमन तथा उत्सादन) केन्द्रीय नियम, 1971 के

(iii) The contractor shall maintain a "Wages Register" in respect of all workmen employed by him on the work under contract in Form XVII of the CL (R&A) Central Rules, 1971 (Appendix-D).

(iv) Register of accidents.—The contractor shall maintain a register of accidents in such form as may be convenient at the work place but the same shall include the following particulars :

(a) Full particulars of the labourers who met with accident.

(b) Rate of wages.

(c) Sex.

(d) Age.

(e) Nature of accident and cause of accident.

(f) Time and date of accident.

(g) Date and time when admitted in hospital.

(h) Date of discharge from the Hospital.

(i) Period of treatment and result of treatment.

(j) Percentage of loss of earning capacity and disability as assessed by Medical Officer.

(k) Claim required to be paid under Workmen's Compensation Act.

(l) Date of payment of compensation.

(m) Amount paid with details of the person to whom the same was paid.

(n) Authority by whom the compensation was assessed.

(o) Remarks.

(v) Register of Fines—The contractor shall maintain a "Register of Fines" in the Form XII of the CL(B&A) Central Rules, 1971 (Appendix-H).

The contractor shall display in a good condition and in a conspicuous place of work the approved list of acts and omissions for which fines can be imposed (Appendix-I).

(vi) Register of Deductions—The contractor shall maintain a "Register of deductions

प्रारूप 20 (परिशिष्ट "ठ") में नुकसान तथा हानियों के लिए कटौतियों का एक रजिस्टर रखेगा ।

(vii) अग्रिम रजिस्टर—ठेकेदार, ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) (केन्द्रीय) नियम, 1971 के प्रारूप 22 (परिशिष्ट "ड") में एक अग्रिम रजिस्टर रखेगा ।

(viii) समयोपरि रजिस्टर—ठेकेदार, ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) (केन्द्रीय) नियम, 1971 के प्रारूप 23 (परिशिष्ट "ढ") में एक "समयोपरि रजिस्टर" रखेगा ।

7. उपस्थिति कार्ड तथा मजदूरी पर्ची :

(i) ठेकेदार उसके द्वारा नियोजित प्रत्येक कर्मकार को ठेका श्रम (नि.उ.) के.नि. 1971 परिशिष्ट "च" पर दिये गये नमूना-प्रारूप के अनुसार एक उपस्थिति कार्ड तथा मजदूरी पर्ची देगा ।

(ii) यह कार्ड प्रत्येक मजदूरी कालावधि के लिए वैध होगा ।

(iii) ठेकेदार कार्ड पर प्रत्येक कर्मकार को प्रतिदिन दो बार कार्य आरम्भ पर तथा विश्राम मध्यांतर के पश्चात् उपस्थिति लगायेगा ।

(iv) यह कार्ड संबंधित मजदूरी कालावधि के दौरा कर्मकार के कब्जे में रहेगा ।

(v) ठेकेदार संबंधित मजदूरी कालावधि की मजदूरी देने से पूर्व कार्ड के पीछे के मजदूरी पर्ची के भाग को पूर्ण करेगा ।

(vi) ठेकेदार मजदूरी देते समय मजदूरी पर्ची पर कर्मकार के हस्ताक्षर लेगा अथवा अंगूठे का निशान लगाएगा तथा कार्ड को स्वयं अपने पास रखेगा ।

8. नियोजन कार्ड :

ठेकेदार प्रत्येक कर्मकार को उसके नियोजन किए जाने के तीन दिन के अन्दर ठेका श्रम (नियोमन तथा उत्सादन) (केन्द्रीय) नियम, 1971 के प्रारूप 14 में (परिशिष्ट "छ") एक नियोजन कार्ड देगा ।

9. सेवा प्रमाण-पत्र :

किसी भी कारण से नियोजन के समाप्त होने पर ठेकेदार उस कर्मकार को जिसकी सेवाएं समाप्त की गई है ठेका श्रम (नियमन तथा उत्सादन) (केन्द्रीय) नियम, 1971 के प्रारूप 15 में (परिशिष्ट "ज") एक सेवा प्रमाण-पत्र देगा ।

10. श्रम अभिलेखों को सुरक्षित रखना :

विनियमन सं० 6 तथा 7 के अधीन रखे जाने वाले अपेक्षित सभी अभिलेखों को उनमें की गई अन्तिम प्रविष्टि

for damage of loss" in Form XX of the CL(R&A) Central Rules, 1971 (Appendix-J).

(vii) Register of Advances— The Contractor shall maintain a "Register of Advances" in Form XXII of the CL(R&A) (Central) Rules, 1971 (Appendix-K).

(viii) Register of Overtime—The contractor shall maintain a "Register of Overtime" in Form XXIII of the CL(R&A) Central Rules, 1971 (Appendix-L).

7. Attendance Card-cum-wage slip :

(i) The contractor shall issue an attendance card-cum-wage slip to each workman employed by him as per the specimen form at (Appendix-E) of the CL(R&A) (Central) Rules, 1971.

(ii) The card shall be valid for each wage period.

(iii) The contractor shall mark the attendance of each workman on the card twice each day, once at the commencement of the day and again after the rest interval, before he actually starts work.

(iv) The card shall remain in possession of the worker during the wage period under reference.

(v) The contractor shall complete the wage slip portion on the reverse of the card at least a day prior to the disbursement of wages in respect of the wage period under reference.

(vi) The contractor shall obtain the signature or thumb impression of the worker on the wage slip at the time of disbursement of wages and retain the card himself.

8. Employment Card :

The contractor shall issue an Employment Card in Form XIV of the CL(R&A) (Central) Rules 1971 to each worker within three days of the employment of the worker (Appendix-F).

9. Service Certificate :

On termination of employment for any reason whatsoever the contractor shall issue to the workman whose services have been terminated, a service certificate in Form XV of the CL(R&A) (Central) Rules, 1971 (Appendix-G).

10. Preservation of Labour Records :

All records required to be maintained under Regulation Nos. 6 & 7 shall be pre-

की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए मूल रूप में सुरक्षित रखा जाएगा तथा ये मंडल/शाखा अधिकारी, श्रम अधिकारी अथवा भा० पु० स० द्वारा संबंध में प्राधिकृत इस अन्य अधिकारियों को निरीक्षण के लिए उपलब्ध किए जाएंगे ।

11. श्रम अधिकारियों को अन्वेषण या जांच करने संबंधी शक्तियां :

श्रम अधिकारी या केन्द्रीय सरकार द्वारा उसकी ओर से प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को यह शक्ति होगी कि वह उचित मजदूरी खण्डों और विनियमों के उपबंधों का सम्यक् और उचित अनुपालन अभिनिश्चित करने और प्रवर्तित कराने की दृष्टि से जांच करे । यह ठेकेदार या उप-ठेकेदार द्वारा ऐसे उपबंधों के बारे में हुई व्यतिक्रम संबंधी किसी शिकायत का अन्वेषण करेगा ।

12. श्रम अधिकारी की रिपोर्ट :

श्रम अधिकारी या यथापूर्वोक्त प्राधिकृत अन्य व्यक्ति अपने अन्वेषण या जांच के परिणाम की एक रिपोर्ट संबंधित मंडल/शाखा अधिकारी को भेजेगा जिसमें वह व्यतिक्रम की जाने वाली सीमा यदि कोई हो उपदर्शित करेगा और साथ ही एक टिप्पण भी देगा कि ठेकेदार के बिल में से आवश्यक कटौतियों कर ली जाए और संबंधित श्रमिकों को मजदूरी और अन्य देय रकमों का भुगतान कर दिया जाए । इन विनियमों के खंड 12 के अधीन ठेकेदार द्वारा अपील किए जाने की दशा में ऐसी अपील पर महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा निर्णय दे देने के बाद मंडल/शाखा अधिकारी श्रमिकों को वास्तविक रूप से भुगतान करेगा ।

(क) मंडल/शाखा अधिकारी संबंधित श्रमिकों को श्रम अधिकारी जैसी भी स्थिति हो से रिपोर्ट के प्राप्त होने के 45 दिन के भीतर भुगतान की व्यवस्था करेगा ।

13. श्रम अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील :

श्रम अधिकारी या इस प्रकार प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति के विनिश्चय और सिफारिशों से कथित कोई व्यक्ति ऐसे निर्णय के विरुद्ध विनिश्चय की तारीख से 30 दिन के भीतर संबंधित मंडल/शाखा अधिकारी को अपील कर सकेगा और इसके साथ ही अपनी अपील की एक प्रति संबंधित मंडल/शाखा अधिकारी को भेजेगा किन्तु ऐसी अपील के अधीन अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा और ठेकेदार पर बाध्यकारी होगा ।

served in original for a period of three years from the date of the last entries made in them and shall be made available for inspection by the Circle/Branch Officer, Labour Officer or any other officers authorised by the Archaeological Survey of India in this behalf.

11. Power of Labour Officers to make investigations or enquiry :

The Labour Officer or any other person authorised by Central Government on their behalf shall have power to make enquiries with a view to ascertaining and enforcing due and proper observance of the Fair Wages clauses and the provisions of Regulations. He shall investigate into any complaint regarding the default made by the contractor or sub-contractor in regard to such provision.

12. Report of Labour Officer :

The Labour Officer or other persons authorised as aforesaid shall submit a report of result of his investigation of enquiry to the Circle/Branch Officer concerned indicating the extent, if any to which the default has been committed with a note that necessary deductions from the contractor's bill be made and the wages and other dues be paid to the labourers concerned. In case an appeal is made by the contractor under clause 12 of these regulations, actual payment to Labourers will be made by the Circle/Branch Officer after the Director General, A.S.I., has given his decision on such appeal.

(a) The Circle/Branch Officer shall arrange payments to the labour concerned within 45 days from the receipt of the report from the Labour Officer or any other Officer so authorised by him as the case may be.

13. Appeal against the decision of Labour Officer :

Any person aggrieved by the decision and recommendations of the Labour Officer or other Officer so authorised may appeal against such decision to the Circle/Branch Officer concerned within 30 days from the date of decision, forwarding simultaneoulsy a copy of his appeal to the Director General concerned but subject to such appeal, the decision of the officer shall be final and binding upon the contractor.

14. वकील के मार्फत अभ्यावेदन के बारे में निषेध :

(i) कर्मकार इन विनियमों के अधीन किसी अन्वेषण या जांच में निम्नलिखित द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने का हकदार होगा :—

(क) किसी ऐसे पंजीकृत व्यवसाय संघ का अधिकारी जिसका वह सदस्य है।

(ख) व्यवसाय संघों के ऐसे परिसंघ का अधिकारी जिससे खण्ड (क) में निर्दिष्ट व्यवसाय संघ संबद्ध है।

